

## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** पुरानी शत्रुता और कानूनी अड़चन से बच कर रहना चाहिए. सरकारी कार्यालयों में रुके काम मनोनुकूल रहेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी बिलकुल न करें.

**वृषभ** गलत दोस्त से बचें. दुष्ट व्यक्ति से सावधान रहें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें. शारीरिक हानि की आशंका है. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रयास से आय बनी रहेगी.

**मिथुन** किये गये कार्य का लाभ मिलेगा. स्थिति अनुकूल होगी. जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा. निर्णय सोच कर लें, शत्रुभय रहेगा. धनहानि हो सकती है. भावना पर नियंत्रण रखें. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. निवेश शुभ रहेगा.

**कर्क** कार्य के साथ अच्छी आय होगा. कोई छोटी और सुलभ यात्रा का योग है. मानसिक उलझन दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. नौकरी में चैन रहेगा. किसी पुरानी बीमारी से परेशानी हो सकती है. नए मित्र बनेंगे.

**सिंह** आपके व्यवहार से सामाजिक सरोकार बढ़ेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. लगन और मेहनत से धनार्जन होगा. समय उत्तम है. इसका लाभ लें. गाय को भोजन दें.

**कन्या** कार्य करने पर आय होगी, पर दौड़धूप अधिक रहेगी. लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते हैं. कार्य होगा जिससे आय में निश्चितता रहेगी. किसी नये कार्य का जोखिम न लें. गणेश जी का पूजन ध्यान करें.

**तुला** कार्य नहीं बनने से मन खिन्न होगा. पर थोड़े प्रयास से रुके कार्य बनेंगे. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी. मान-सम्मान मिलेगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे. धन प्राप्ति सुगम होगी.

**वृश्चिक** आय का अच्छा स्रोत मिलेगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है. व्यय होगा. शुभ समाचार प्राप्त होगा. घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल बनेगा. धन प्राप्ति सुगम होगी. संतान पक्ष की चिंता रहेगी.

**धनु** सरकारी कार्य में गति मिलेगी. थकान व कमजोरी रह सकती है. अप्रत्याशित लाभ की संभावना है. व्यावसायिक यात्रा लंबी हो सकती है. लाभ होगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. भाग्य की अनुकूलता बनी रहेगी.

**मकर** कोई अप्रत्याशित खर्च सामने आ सकता है. आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है. किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है. अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा. कुछ कार्य नहीं होने से चिंता तथा तनाव रहेगा. आय बनी रहेगी.

**कुंभ** कार्य का तनाव रह सकता है. बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. नए काम मिल सकते हैं. आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. उत्साह व प्रसन्नता रहेंगे. शनि को खुश करें.

**मीन** सप्तम भाव में ग्रहण दोष का प्रभाव है. जीवनसाथी के सुख सहयोग में कमी होगी. कार्य में तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. आय के नए स्रोत प्राप्त होने के योग हैं. मित्रों व रिश्तेदारों की सहायता कर पाएंगे.

## हाईकोर्ट में 20 मई से गर्मी छुट्टी, 12 दिन वेकेशन कोर्ट में होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में 20 मई से सात जून तक यानी कुल 20 दिनों का समर वेकेशन है. हालांकि इस दौरान करीब 12 दिन सिर्फ महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की जाएगी. समर वेकेशन के दौरान तीन फेज में हाईकोर्ट में सुनवाई होगी. वेकेशन कोर्ट में पहले सप्ताह 21 से 24 मई तक सिंगल बेंच और डबल बेंच में बेहद जरूरी सिविल और क्रिमिनल मामलों की सुनवाई करेगी. इसके बाद दूसरे सप्ताह यानी 28 से 31 मई तक सिंगल बेंच और डबल बेंच में बेहद जरूरी सिविल और क्रिमिनल मामलों की सुनवाई होगी. वहीं अंतिम सप्ताह यानी चार से सात जून तक मुकदमों की सुनवाई की जाएगी.

## संजीव-जहांगीर से तीन दिन होगी पूछताछ

**रांची।** मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी की टीम ने दोनों को शनिवार के दिन रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश किया. कोर्ट ने ईडी को फिर से दोनों से पूछताछ करने की अनुमति दे दी.

### कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी के बयान ने बढ़ा दी राजनीतिक तपिश, कहा...

# नकली राम भक्तों ने मेरे असली राम को जेल में बंद कर दिया

रवि भारती। रांची

कांग्रेस विधायक डॉ. इरफान अंसारी अपने बयान को लेकर एक बार फिर से सुर्खियों में हैं. उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को लेकर लिखा है कि नकली राम भक्तों ने मेरे असली राम को जेल में बंद कर दिया. मेरी भाभी सीता मां दुर्गा की अवतार भाजपा को जलाकर भस्म कर देंगी. साथ में उनका हनुमान कदम से कदम मिलाकर रावण की लंका को जलाकर राख कर देगा. इरफान ने आगे लोगों से अपील करते हुए कहा कि सीता मां के एक-एक आंसू का बदला लें और राम जी को सही सलामत वापस लाने में मेरी मदद करें.

- भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का करारा जवाब- भगवान राम आपको नकली नज़र आते हैं और चोर-उचक्कों में राम नज़र आते हैं



### बाबूलाल का पलटवार-बेशर्मी की भी हद होती है

इरफान के ट्वीट पर बाबूलाल मरांडी ने पलटवार करते हुए कहा कि बेशर्मी की भी हद होती है. इरफान जी, आप दूध पीता बच्चा नहीं हैं. ठीक चुनाव के वक्त अपने ऐसे घटिया उन्मादी वक्तव्य से किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का काम आप क्यों कर रहे हैं? बिल्ली के भाग्य से छींका टूटा, ये तो समझ में आ रहा है. मंत्री पद पाने की लालच में आप किसी के तलवे चाटिए, कुछ भी करिए, लेकिन किसी दूसरे की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने का ख़तरनाक खेल मत खेलिये.

**आपने तो मंत्री पद के लालच में आत्मसम्मान को भी गिरवी रख दिया**

बाबूलाल ने फिर कहा कि इरफान अंसारी जी, भगवान राम आपको नकली नजर आते हैं और चोर उचक्कों में राम नजर आते हैं! आपके पैसों के लालच में, आपके ही राजनीतिक सहयोगी के माध्यम से 'भइया-भाभी' ने दो कांग्रेस विधायकों के साथ आपको बंगाल में पकड़वाया.. "दीदी" के जरिये उल्टा लटकवा कर पिटवाया, जेल भिजवाया और राज्य में कांग्रेस की लुटिया डूबोकर नाक कटवा दी. तब इनके प्रति आपका जो नजरिया था, अब भी वही है या कुर्सी की लालच में बदल गया?

### दूसरे चरण में किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.52 करोड़ रुपये

# झारखंड दूसरा चरण चुनाव: 54 उम्मीदवारों में से 21 करोड़पति, टॉप पर केएन त्रिपाठी



रवि भारती। रांची

झारखंड में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में 20 मई को मतदान होगा. कुल 54 उम्मीदवार चुनाव अखाड़े में हैं. इनमें से 21 उम्मीदवार करोड़पति हैं. चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार संपत्ति के मामले में टॉप पर हैं. उनके पास 70,92,18,255 रुपये हैं. इसके बाद दूसरे नंबर पर हजारीबाग से भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल हैं. मनीष जायसवाल के पास 36,29,99,932 रुपये हैं. वहीं तीसरे नवंबर पर कोडरमा से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी हैं.अन्नपूर्णा देवी के पास 12,82,82,857 रुपये हैं. एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे चरण में किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.52 करोड़ रुपये है. रिपोटज़ के मुताबिक छह निर्दलीय उम्मीदवार करोड़पति हैं.

**12 उम्मीदवार हैं पोस्ट ग्रेजुएट, 18 हैं ग्रेजुएट :** रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे चरण के चुनाव में किस्मत आजमा रहे 54 उम्मीदवारों में से 12 उम्मीदवार पोस्ट ग्रेजुएट हैं. इनमें हजारीबाग से चार, चतरा से तीन और कोडरमा से पांच उम्मीदवार पोस्ट ग्रेजुएट हैं. वहीं 18 उम्मीदवार ग्रेजुएट हैं. इनमें हजारीबाग से छह,चतरा से नौ और कोडरमा से तीन उम्मीदवार शामिल हैं.

### हजारीबाग लोकसभा सीट से ये हैं करोड़पति उम्मीदवार

- अनिरूद्ध कुमार( सीपीआइ)- 1,63,05,348
- जय प्रकाश भाई पटेल( कांग्रेस)-2,89,80,413
- कुंज बिहारी कुमार( लोकहित अधिकार पार्टी)- 1,22,10,000
- मनीष जायसवाल( बीजेपी)- 36,29,99,932
- मनोज कुमार बेदिया( निर्दलीय)- 3,05,70,000
- निशांत कुमार सिन्हा( पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया- 4,25,72,000
- राजकुमार( झारखंड पार्टी)- 8,95,00,000

### चतरा लोकसभा सीट से ये हैं करोड़पति उम्मीदवार

- दीपक कुमार गुप्ता( निर्दलीय)-1,88,57,000
- डॉ अभिषेक कुमार सिंह( निर्दलीय)-5,47,01,892
- दुलेश्वर साव( भारतीय जवान किसान पार्टी)- 2,49,40,000
- कालीचरण सिंह( बीजेपी)-8,62,01,641
- करमला उरांव( पिपल्स पार्टी ऑफ इंडिया)-2,07,28,162
- कामदेव राणा( राष्ट्रीय उत्कर्ष पार्टी)-1,60,50,000
- केएन त्रिपाठी( कांग्रेस)- 70,92,18,255
- नागमणि-( बीएसपी)- 4,11,70,614
- संजय कुमार स्नेही( लोकहित अधिकार पार्टी)- 1,97,60,000
- सुमित यादव( समता पार्टी)- 1,84,14,000

### कोडरमा लोकसभा सीट से ये हैं करोड़पति उम्मीदवार

- अन्नपूर्णा देवी( बीजेपी)- 12,82,82,857
- जय प्रकाश वर्मा( निर्दलीय)- 2,75,06,505
- जीत लाल किस्कू-( निर्दलीय)-1,55,68,000
- मनोज कुमार( निर्दलीय)-1,62,60,000

### हजारीबाग से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता

- अभिषेक कुमार( निर्दलीय)-12 वीं पास
- अनिरूद्ध कुमार,( सीपीआइ)- पोस्ट ग्रेजुएट
- भुनेश्वर बेदिया( समता पार्टी)- साक्षर
- छाठी देवी( अखिल भारतीय परिवार पार्टी)- पोस्ट ग्रेजुएट
- जय प्रकाश भाई पटेल( कांग्रेस)- ग्रेजुएट
- कुंज बिहारी कुमार( लोकहित अधिकार पार्टी)- 12 वीं पास
- मनीष जायसवाल( बीजेपी)- ग्रेजुएट
- मनोज कुमार बेदिया( निर्दलीय)- ग्रेजुएट
- मोइउद्दीन अनवर( बीएसपी)- ग्रेजुएट
- मो सेराज( निर्दलीय)- 10वीं पास
- निशांत कुमार सिन्हा( पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया)- पोस्ट ग्रेजुएट
- प्रकाश सोनी( भारतीय आजाद सेना)- 10 वीं पास
- राजकुमार( झारखंड पार्टी)- ग्रेजुएट
- संजय कुमार मेहता( निर्दलीय)- पोस्ट ग्रेजुएट
- शशिभूषण केसरी( निर्दलीय)-12 वीं पास
- श्याम बिहारी प्रजापति( भागीदारी पार्टी)- ग्रेजुएट प्रोफेशनल
- विनोद कुमार राणा( निर्दलीय)- साक्षर

### चतरा से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता

- अमित कुमार सिंह( निर्दलीय)- 10वीं पास
- अर्जुन कुमार( सीपीआइ)- 10वीं पास
- अर्जुन प्रजापति( निर्दलीय)- 8वीं पास
- बिमल लकड़ा( अंबेदकर पार्टी ऑफ इंडिया)- 10वीं पास
- चंदन कुमार( निर्दलीय)- ग्रेजुएट प्रोफेशनल
- दर्शन गंझू( झारखंड पार्टी)-10 वीं पास
- दीपक कुमार गुप्ता( निर्दलीय)- ग्रेजुएट
- अभिषेक कुमार सिंह( निर्दलीय)- पोस्ट ग्रेजुएट
- दुलेश्वर साव( भारतीय जवान किसान पार्टी)- आठवीं पास
- कालीचरण सिंह( बीजेपी)- ग्रेजुएट
- कामदेव राणा( राष्ट्रीयजन उत्कर्ष पार्टी)- पोस्ट ग्रेजुएट
- करमला उरांव( पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया)- 10वीं पास
- केएन त्रिपाठी( कांग्रेस)- ग्रेजुएट प्रोफेशनल
- लव कुमार पंडित( भागीदारी पार्टी)- पोस्ट ग्रेजुएट
- महेश बांडो( बहुजन मुक्ति पार्टी)- 12 वीं पास
- मो अबुजार खान( निर्दलीय)- ग्रेजुएट
- नागमणि( बीएसपी)- 12वीं पास
- संजय कुमार स्नेही( लोकहित अधिकार पार्टी)- 10वीं पास
- श्रीराम सिंह( निर्दलीय)- ग्रेजुएट
- सुमित यादव( समता पार्टी)- ग्रेजुएट
- विक्रांत कुमार सिंह( निर्दलीय)- ग्रेजुएट
- योगेश्वर सिंह( निर्दलीय)- ग्रेजुएट

### कोडरमा से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता

- अजय कृष्ण( मूलवासी समाज पार्टी)- 12 वीं पास
- अखलेश्वर साव( लोकहित अधिकार पार्टी)- 8वीं पास
- अन्नपूर्णा देवी( बीजेपी)- पोस्ट ग्रेजुएट
- आशीष कुमार( राइट टू रिकॉल पार्टी)- ग्रेजुएट
- जय प्रकाश वर्मा( निर्दलीय)- पोस्ट ग्रेजुएट
- जयनारायण दास( बहुजन मुक्ति पार्टी)- ग्रेजुएट
- जीतलाल किस्कू( निर्दलीय)- ग्रेजुएट
- मनोज कुमार( निर्दलीय)- पोस्ट ग्रेजुएट
- मो सागीर( निर्दलीय)- साक्षर
- राजेश( निर्दलीय)- 12 वीं पास
- रामेश्वर प्रसाद यादव( निर्दलीय)- 10वीं पास
- शहादत अंसारी( निर्दलीय)- 10वीं पास
- सितन रविदास( बीएसपी)- 12वीं पास
- सुरेंद्र अग्रवाल( निर्दलीय)- पोस्ट ग्रेजुएट
- विनोद सिंह( सीपीआइ, एमएल)- पोस्ट ग्रेजुएट

**आठ उम्मीदवार सिर्फ 12 वीं पास**

दूसरे चरण में तीन सीटों पर हो रहे मतदान में 12 वीं पास आठ उम्मीदवार हैं. इसमें हजारीबाग और कोडरमा से तीन-तीन और चतरा से दो उम्मीदवार 10वीं पास हैं .वहीं हजारीबाग से दो उम्मीदवार 10वीं पास हैं. चतरा से छह उम्मीदवार 10वीं पास हैं. कोडरमा से दो उम्मीदवार 10वीं पास हैं.

**तीन उम्मीदवार हैं सिर्फ साक्षर**

तीन उम्मीदवार सिर्फ साक्षर हैं। हजारीबाग से दो उम्मीदवार साक्षर हैं। कोडरमा से एक उम्मीदवार साक्षर है। चतरा से दो उम्मीदवार आठवीं पास है। जबकि कोडरमा से एक उम्मीदवार आठवीं पास है.

## विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग



रांची। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंच कर जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफ़ान अंसारी के खिलाफ़ कार्रवाई करने का आग्रह किया. सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि जामताड़ा के विधायक इरफ़ान अंसारी अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया है की "नकली राम भक्तों ने मेरे असली राम को जेल में बंद कर दिया. मेरी भाभी सीता मां दुर्गा की अवतार को जलाकर भस्म कर देगी. इस प्रकार का बयान को पोस्ट करने से सनातन धर्म को मानने वालों लोगों को घोर धार्मिक आघात पहुंचा है और साथ ही सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का हर संभव प्रयास किया गया है.तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल सुधीर श्रीवास्तव, न्यायिक मामले के सह प्रमुख प्रकाश झा एवम अधिवक्ता बिपिन कुमार ने यह भी मांग किया है की जामताड़ा विधायक इरफ़ान अंसारी के विरुद्ध कानूनी करवाई हो एवम उन्हें तत्काल प्रभाव से चुनाव प्रचार प्रसार से दूर रहने का आदेश दिया जाए.

## निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में किया गया जनसंपर्क

**रांची।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति समर्थित रांची लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो पिछले 10 दिनों से न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में हैं. प्रत्याशी की गैर उपस्थिति में चुनाव प्रचार किया जा रहा है. शनिवार को प्रत्याशी के गैर उपस्थिति में भी केंद्रीय महिला अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने सोनाहातू प्रखंड के कई पंचायतों में जनसंपर्क कर देवेंद्र के पक्ष में मतदान करने की अपील किया गया.इस दौरान केंद्रीय महिला मोर्चा के अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने कहा कि आज सत्ताधारी पार्टी हमारे विचार धारा के लड़ाई से डर गई है. संगठन के कार्यकर्ताओं ने सड़क में चल रहे राहगीर को हेलमेट भेंट करते हुए अपने चुनाव चिन्ह हेलमेट छाप में मतदान करने का अपील किया गया.

## डीजीएम सहित तीन की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 14 जून को होगी

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट में धन-शोधन मामले में आरोपित इंडो डेनिश टूल रूम, जमशेदपुर के पूर्व डीजीएम आशुतोष कुमार, उनकी पत्नी चयनिका एवं रिश्तेदार केशव वत्स की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई. मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 14 जून निर्धारित की है. ईडी ने सीबीआई के दर्ज केस के अनुसंधान में आशुतोष कुमार और अन्य पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला पाया है. इसके बाद पीएमएलए एक्ट में इनपर ईसीआईआर 2/2024 केस दर्ज किया गया.

### लोकसभा चुनाव : झारखंड के दूसरे चरण में तीन सीटों पर चुनाव, 20 मई को होगा मतदान

# 54 उम्मीदवार चुनाव मैदान में, 18 पर दर्ज हैं आपराधिक मामले

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के दूसरे चरण (देश के पांचवें चरण) में तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है. इसमें चतरा, कोडरमा व हजारीबाग सीट के लिए 20 मई को मतदान होगा. इन तीनों लोकसभा सीटों से कुल 45 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है, जिनमें 18 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं. कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी पर सर्वाधिक आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं.

### इन प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले हैं दर्ज

**केएन त्रिपाठी (कांग्रेस) :** आईपीसी की धारा 420, 171एच, 379, 467, 468, 188, 147, 148, 149, 323, 288, 185, 342, 143, 320, 418 और 337 के तहत कुल आठ मामले दर्ज हैं.

**अजय कृष्णा (मूलवासी समाज पार्टी) :** आईपीसी की धारा 384, 506, 354, 189, 147, 149, 341, 323, 447 के तहत कुल दो मामले दर्ज हैं.

**विक्रांत सिंह (निर्दलीय) :** आईपीसी की धारा 325, 333, 506, 323,341, 342, 34, 147,148, 149, 353, 427 और 507 के तहत दो मामले दर्ज हैं.

**अनिरुद्ध कुमार (सीपीआई) :** आईपीसी की धारा 379, 307, 506, 147, 148, 149, 323, 504, 448 और 341 के तहत दो मामले दर्ज हैं.

**श्रीराम सिंह (निर्दलीय):** आईपीसी की धारा 307, 371, 511, 338, 147, 148, 149, 341, 323, 337, 353, 188 के तहत एक मामले दर्ज है.

**अभिषेक कुमार (निर्दलीय) :** आईपीसी की धारा 420, 467, 468 के तहत एक मामले दर्ज हैं.

**मनीष जायसवाल (भाजपा) :** आईपीसी की धारा 325, 379, 188, 147, 149, 323, 341, 337 के तहत दो मामले दर्ज हैं.

**नागमणि (बसपा) :** आईपीसी की धारा 188 के तहत एक मामला दर्ज है.

**अन्नपूर्णा देवी (भाजपा) :** आईपीसी की धारा 269, 270, 34 के तहत एक मामला दर्ज है.

**कालीचरण सिंह (भाजपा):** आईपीसी की धारा 13 जेएचएमसी एक्ट 2017, 21,38 और 37 के तहत दो मामले दर्ज हैं.

**जयप्रकाश वर्मा (निर्दलीय) :** आईपीसी की धारा 107 के तहत एक मामला दर्ज है.

**विनोद सिंह (भाकपा माले) :** आईपीसी की धारा 186, 290, 291, 148, 337, 427, 144, 188 के तहत तीन मामले दर्ज हैं.

# प्रत्याशियों के व्यय लेखा पंजी की हुई द्वितीय जांच

संवाददाता। रांची

रांची लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशियों के निर्वाचन संबंधित व्यय लेखा पंजी की द्वितीय जांच की गयी. व्यय प्रेक्षक वीरेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में व्यय अनुश्रवण कोषांग के प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा विकास भवन सभागार में प्रत्याशियों के निर्वाचन संबंधित व्यय लेखा पंजी की द्वितीय जांच की गयी. इससे पहले 14 मई को निर्वाचन से संबंधित व्यय लेखा पंजी की प्रथम जांच की गई थी. द्वितीय जांच के दौरान व्यय प्रेक्षक के सम्पर्क पदाधिकारी-सह-जिला खेल पदाधिकारी भी उपस्थित थे.

### लंबित मामले : झारखंड के अलग-अलग कोर्ट में नेताओं के खिलाफ केस का ट्रायल लंबित

# माननीयों के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में 134 मामले लंबित

विनीत आभा उपाध्याय। रांची

झारखंड में दागी राजनेताओं की कमी नहीं है. ऐसे नेता सभी पार्टियों में हैं और उन पर लंबित मामलों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है. झारखंड हाईकोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक, राज्य के अलग-अलग एमपी-एमएलए कोर्ट में इनके खिलाफ करीब 134 मामले लंबित हैं. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ वर्ष पूर्व देश के सभी हाईकोर्ट को राजनेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिये थे. इसके बावजूद दागी नेताओं के खिलाफ मामले लंबित हैं.



- हाईकोर्ट को निष्पादन का निर्देश दे चुका है सुप्रीम कोर्ट
- निर्देश के बावजूद दागी नेताओं के खिलाफ मामले लंबित

### जिलावार लंबित मामलों की संख्या

- **रांची :** रांची सिविल कोर्ट स्थित एमपी-एमएलए की स्पेशल कोर्ट में 43 मामले लंबित हैं.
- **धनबाद :** कोयला नगरी धनबाद में नेताओं के खिलाफ करीब 18 मामले लंबित हैं.
- **जमशेदपुर :** लौह नगरी के नेताओं के खिलाफ 16 मामले लंबित हैं.
- **दुमका :** दुमका सिविल कोर्ट में नेताओं के खिलाफ 22 मुकदमों का ट्रायल लंबित है.
- **हजारीबाग :** हजारीबाग सिविल कोर्ट में एक दर्जन नेता मुकदमा झेल रहे हैं.
- **पलामू :** पलामू में भी 23 नेताओं के खिलाफ सिविल कोर्ट में ट्रायल लंबित है.

**कई बार रिपोर्ट मांग चुका है झारखंड हाईकोर्ट**

झारखंड हाइकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आलोक में स्वत: संज्ञान भी लिया है. राजनेताओं के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश को जनहित याचिका में तब्दील कर सुनवाई की जा रही है. अदालत कई बार राज्य सरकार और सीबीआई से माननीयों के खिलाफ दर्ज मामलों और उन मामलों में ट्रायल की स्थिति पर रिपोर्ट की मांग कर चुका है.


## क्लासिफाइड






राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश




एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 19 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 12 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 40 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# सत्ता का महासंग्राम 2024 : स्टार प्रचारकों ने झोंकी पूरी ताकत, आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज

**मोदी** ने चुनावी सभा में गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

## धाकड़ सरकार ने अनुच्छेद 370 की दीवार गिरा दी



**अंबाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर हमला तेज करते हुए कहा कि यह उनकी धाकड़ सरकार थी, जिसने अनुच्छेद 370 की दीवार को गिरा दिया. इसके परिणामस्वरूप, कश्मीर अब विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है. मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास भारत की सेनाओं और सैनिकों को धोखा देने का रहा है. उन्होंने 'जीप घोटाले' का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान यह पहला घोटाला था. मोदी ने हरियाणा में लोकसभा चुनाव की अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देशभक्ति हरियाणा की रगों में दौड़ती है. राज्य राष्ट्र विरोधी ताकतों को समझता है.

**राहुल** ने प्रियंका से बातचीत का वीडियो साझा किया

## हिन्दुस्तान को दिशा देने में रायबरेली की बड़ी भूमिका



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि हिन्दुस्तान को दिशा देने में रायबरेली की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आज उसकी भूमिका होनी चाहिए कि वह उत्तर प्रदेश को विकास का रास्ता दिखाए. रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ रायबरेली को लेकर आपस में बातचीत का एक वीडियो 'एक्स' पर साझा किया. उन्होंने कहा कि रायबरेली जाते वक्त मैं और प्रियंका कुछ देर के लिए बचपन की गलियों से भी होकर गुजरे. बहुत सी खट्टी-मीठी यादें हैं- दादी का ज्ञान, पापा की पसंदीदा जलेबियां, प्रियंका के बनाए केक. ऐसा लगता है, जैसे सब कल की ही बात हो.

**अखिलेश** ने मोदी के बयान पर किया पलटवार

## भाजपा चारों खाने चित, 4 जून के बाद बिखर जायेगा कुनबा



**बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'इंडिया' गठबंधनको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भानुमति का कुनबा करार दिए जाने पर पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को डरा-धमका कर और लालच देकर खुद कुनबा बनाया है, जो चार जून के बाद बिखर जाएगा. सपा प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार को बलरामपुर में सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा चौथे चरण के चुनाव के बाद ही चारों खाने चित हो गई है और उसका रथ फंसा नहीं, बल्कि धंस गया है. उन्होंने कहा कि भाजपा ने तो लोगों को डरा-धमका कर और लालच देकर खुद कुनबा बनाया है, जो चार जून के बाद बिखर जाएगा.

**शाह बोले**- इंडिया गठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया

## चार चरण में तीसरी सेंचुरी की ओर आगे बढ़ गये मोदी



**ललितपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को दावा किया कि चार चरण में ही मोदी 270 सीट लेकर तीसरी सेंचुरी की ओर आगे बढ़ गए हैं और 'इंडिया' गठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया है. उन्होंने कहा कि एक जमाना था कि उत्तर प्रदेश में देसी कट्टे बनते थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया और अब यहां तोप के गोले बनते हैं. उन्होंने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर द्वारा बीते दिनों दिये गये एक बयान के जवाब में कहा कि पाकिस्तान ने अगर कोई भी गलती की, तो ये बुंदेलखंडी गोला पाकिस्तान का सफाया कर देगा. दरअसल, अय्यर ने कहा था कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि वह परमाणु संपन्न राष्ट्र है.

## ब्रीफ खबरें

### एलोरडा कप : मुक्केबाजी में भारत को मिले दो स्वर्ण



**कजाकिस्तान।** मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन व मीनाक्षी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते. भारतीय टीम ने शनिवार को एलोरडा कप मुक्केबाजी में अपना अभियान सर्वश्रेष्ठ 12 पदकों के साथ खत्म किया. भारतीय मुक्केबाजों ने दो स्वर्ण, दो रजत व आठ कांस्य पदक जीतकर काफी बेहतर प्रदर्शन किया.

### मोदी ने बेटियों को फिर निराश किया : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने हरियाणा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा के बाद शनिवार को महिला पहलवानों से जुड़े मुद्दे को लेकर उनपर निशाना साधा. आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश के कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र से बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र को टिकट देकर पीएम मोदी ने भारत की बेटियों को फिर निराश किया है.

### हरियाणा में बस में आग, नौ की मौत

**गुरुग्राम।** हरियाणा के नूंह जिले में ताउरू के पास शुक्रवार देर रात चलती बस में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की जलने से मौत हो गई. वहीं 15 लोग घायल हो गए. यह घटना कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेसवे पर बीती देर रात करीब दो बजे हुई. पुलिस ने बताया कि बस में लगभग 60 लोग सवार थे.

### पांच दिन तक भीषण गर्मी का पूर्वानुमान

**नयी दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम भारत के विभिन्न हिस्सों में पड़ रही भीषण गर्मी अगले पांच दिन और जारी रहने का अनुमान है. दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व उत्तर प्रदेश में इसका सबसे अधिक प्रभाव पड़ने की आशंका है.

**चरमराया झारखंड का फाइनांशियल मैनेजमेंट** | **टैक्स से राजस्व वसूली में भारी कमी** | **राजस्व में सिर्फ 0.17% का इजाफा**

# खजाने पर चोट



➡ **2924.63 करोड़ रुपये की नहीं हो पाई राजस्व वसूली**

➡ **कॉमर्शियल टैक्स डिपार्टमेंट पूरा नहीं कर पाया लक्ष्य**

शुभम संदेश एक्सक्लूसिव

रवि भारती। रांची

झारखंड में राजनीतिक उठापटक और अस्थिरता के बीच राज्य सरकार का फाइनांशियल मैनेजमेंट भी चरमरा गया है. इस साल टैक्स से मिलने वाले राजस्व में सिर्फ 0.17 फीसदी का ही इजाफा हुआ है. वर्ष 2023 में 21,040 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में मिले थे, जबकि 2024 में 21,075.37 करोड़ रुपये ही मिले. राज्य सरकार ने 24 हजार करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा था, जबकि सिर्फ 35.37 करोड़ रुपये ही टैक्स से मिले राजस्व में इजाफा हो पाया. इस हिसाब से राजस्व वसूली में राज्य सरकार लक्ष्य के अनुरूप 2924.63 करोड़ रुपये से पीछे रह गयी.

### जीएसटी में टारगेट से 1518.23 करोड़ कम वसूली

जीएसटी से भी लक्ष्य से कम राजस्व की वसूली हुई है. इस साल जीएसटी से 14 हजार करोड़ रुपये टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा गया था. इसके एवज में 12481.77 करोड़ रुपये की ही वसूली हुई. परिणामस्वरूप, वाणिज्य कर विभाग लक्ष्य से 1518.23 करोड़ रुपये पीछे रह गया. वहीं वर्ष 2023 में जीएसटी से राज्य सरकार को 11469.30 करोड़ रुपये मिले थे.

### नॉन जीएसटी से राजस्व वूसली में भी राज्य पिछड़ा

इस साल नॉन जीएसटी से मिलने वाले राजस्व में भी भारी कमी आई है. नॉन जीएसटी से 10 हजार करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली का लक्ष्य रखा गया था. इसके एवज में 8427.92 करोड़ रुपये की ही वसूली हो पाई. 1572.08 करोड़ रुपये की वसूली नहीं हो पाई. वहीं वर्ष 2023 में नॉन जीएसटी से 7506.07 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली हुई थी.

### किस साल कितना मिला टैक्स और कितनी फीसदी का इजाफा

| वित्तीय वर्ष | राशि (करोड़ में) | इजाफा (%में) |
|---|---|---|
| 2017-18 | 11368.00 | 06.00 |
| 2018-19 | 12953.07 | 13.94 |
| 2019-20 | 14286.28 | 10.29 |
| 2020-21 | 16147.19 | 13.03 |
| 2021-22 | 19750.75 | 22.31 |
| 2022-23 | 21040.00 | 06.35 |
| 2023-24 | 21075.00 | 0.17 |

### वाणिज्य कर विभाग का तर्क

वाणिज्य-कर विभाग ने तर्क दिया है कि 28 क्षेत्रीय अंचल प्रभारियों का राजस्व संग्रहण में सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है. अंचल प्रभारी संयुक्त आयुक्त स्तर के पदाधिकारी होते हैं, जिनके अधिनस्थ कई उपायुक्त, सहायक आयुक्त एवं राज्य-कर पदाधिकारी होते हैं. जीएसटी कर प्रणाली के अनुरूप वर्ष 2021 में वाणिज्य-कर विभाग के संरचनात्मक ढांचा में परिवर्तन करते हुए कई नये पदों का सृजन किया गया था, परंतु विभागीय शिथिलता के कारण सृजित पदों के अनुरुप प्रोन्नति नहीं की जा सकी. फलस्वरूप संयुक्त आयुक्त स्तर के एक ही पदाधिकारी कई अंचलों के प्रभारी बने हुए हैं.

**ये भी हैं कारण**

विभाग पदाधिकारी लगातार सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन रिक्तियों को प्रोन्नति के अभाव में नहीं भरा जा रहा है. वाणिज्य-कर विभाग के प्रोन्नति संबंधित कई मामले झारखंड उच्च न्यायालय में लंबित हैं.

### प्रभार में चल रहा वाणिज्य कर विभाग

- रतनलाल गुप्ता हजारीबाग, रामगढ, गिरीडीह के अंचल प्रभारी हैं.
- मिथिलेश कुमार गुमला, पलामू, रांची विशेष व लोहरदगा के अंचल प्रभारी हैं.
- शंकर दयाल दुमका, पाकुड़ व साहिबगंज के अंचल प्रभारी हैं.
- मनोज कुमार बोकारो, झरिया, कतरास व चिरकुंडा के अंचल प्रभारी हैं.
- दुमका की अपर आयुक्त (अपील) कुमुदिनी सिंकू रांची पश्चिमी, रांची पूर्वी की अंचल प्रभारी हैं.
- बिनोद कुमार जमशेदपुर, सिंहभूम, चाईबासा के अंचल प्रभारी हैं.
- प्रेम आरसेन कुजूर कोडरमा व तेनुघाट के अंचल प्रभारी हैं.




## जिसे गिरफ्तार कराना हो करा दे भाजपा: केजरीवाल

एजेंसी। नयी दिल्ली

स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट मामले में दिल्ली पुलिस ने सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद दिल्ली के सीएम ने शनिवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा कि कल मैं 12 बजे अपने सभी नेताओं के साथ भाजपा मुख्यालय जा रहा हूं, आपको (पीएम) जिसको गिरफ्तार करना हो, कर लीजिए. उन्होंने दावा किया कि भाजपा कह रही है कि वह आप सांसद राघव चड्ढा और दिल्ली के मंत्रियों आतिशी और सौरभ भारद्वाज को भी जेल भेजेंगे. आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संजोयक केजरीवाल ने कहा कि उनके नेताओं को जेल भेज कर उनकी पार्टी को कुचला नहीं जा सकता. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मनीष सिसौदिया, सत्येन्द्र जैन और संजय सिंह जैसे आप नेताओं को जेल भेजने का 'खेल' खेलने का आरोप लगाया. केजरीवाल ने कहा कि मैं अपने विधायकों और सांसदों के साथ रविवार की दोपहर भाजपा कार्यालय जाऊंगा, ताकि प्रधानमंत्री जिसे चाहें जेल भेज सकें. गौरतलब है कि कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए उच्चतम न्यायालय के आदेश से एक जून तक अंतरिम जमानत पर हैं. उन्हें आम चुनाव के आखिरी चरण के मतदान के एक दिन बाद दो जून को आत्मसमर्पण कर वापस जेल जाना होगा.

**दिल्ली के सीएम बोले**



- मैं और आप नेता रविवार को भाजपा कार्यालय जाएंगे
- 'आप' के नेताओं को गिरफ्तार कराने की चुनौती दी

### 'आप' एक विचार है

केजरीवाल ने यह भी कहा कि 'आप' एक विचार है. आप जितने 'आप' नेताओं को जेल में डालेंगे, देश उनसे सौ गुना ज्यादा नेता पैदा करेगा. उन्होंने दावा किया कि 'आप' की गलती यह थी कि दिल्ली में उसकी सरकार ने अच्छे स्कूल बनाए, मोहल्ला क्लीनिक स्थापित किए, मुफ्त इलाज मुहैया कराया और शहर में 24 घंटे मुफ्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की, जो भाजपा नहीं कर सकी. जिस-जिस को जेल में डालना चाहते हो, जेल में डाल दो, एक साथ जेल में डाल दो.

## मालीवाल पर हमला मामले में बिभव कुमार गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मामले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया. दिल्ली पुलिस की एक टीम दोपहर में कुमार को पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री आवास से सिविल लाइंस थाने ले गई. मालीवाल ने आरोप लगाया है कि विगत 13 मई को जब वह मुख्यमंत्री से मिलने उनके आवास पर गई थीं, तब बिभव कुमार ने उनके साथ मारपीट की थी. इधर, गिरफ्तारी के बाद शनिवार को ही बिभव कुमार ने दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी. सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने याचिका खारिज कर दी.

**चुनावी समर** | कोडरमा, चतरा और हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए 20 मई को डाले जाएंगे वोट

# चुनाव प्रचार थमा, झारखंड की तीन सीटों पर मतदान कल


प्रमुख संवाददाता। रांची

देश में लोकसभा चुनाव के पांचवें और झारखंड के दूसरे चरण के लिए होनेवाले मतदान से पहले शनिवार शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थम गया. झारखंड की तीन सीटों चतरा, हजारीबाग, कोडरमा सहित आठ राज्यों की 49 सीटों पर 20 मई को मतदान होगा. शनिवार को प्रचार-प्रसार थम गया. इस चरण में होने वाले चुनाव में कुल 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 82 महिलाएं और 613 पुरुष उम्मीदवार शामिल हैं. पांचवें चरण में झारखंड की तीन सीटें भी शामिल हैं. तीन सीटों कोडरमा, चतरा और हजारीबाग में मतदान होना है. तीनों सामान्य सीटें हैं. इन सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा. इन तीन सीटों पर कुल 54 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं. इनमें दो महिलाओं के साथ 23 निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल हैं.

### अन्नपूर्णा देवी, केएन त्रिपाठी, विनोद कुमार सिंह, मनीष जायसवाल और जेपी पटेल की प्रतिष्ठा दांव पर

**सबसे अधिक चतरा में हैं 22 उम्मीदवार**

चतरा लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 22 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं. यहां पर कांग्रेस के केएन त्रिपाठी और भाजपा से कालीचरण सिंह आमने-सामने हैं. हजारीबाग सीट से 17 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में हैं. यहां भाजपा के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जय प्रकाश भाई पटेल आमने-सामने हैं. वहीं कोडरमा लोकसभा सीट से 15 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. इस सीट से भाजपा की अन्नपूर्णा देवी और भाकपा माले के विनोद सिंह आमने-सामने हैं. बताते चलें कि इन तीनों सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव में 64-66 प्रतिशत मतदान हुआ था. तीनों सीटों पर पुरुषों से अधिक महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था.




**किस सीट पर कितने उम्मीदवार**

| सीट- | उम्मीदवार |
|---|---|
| चतरा- | 22 |
| कोडरमा- | 15 |
| हजारीबाग- | 17 |
| कुल- | 54 |

### आठ राज्यों की 49 सीटों पर मतदान कल

**दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में देशभर की कुल 49 सीटों पर 20 मई को मतदान होगा. इन सीटों के लिए शनिवार की शाम पांच बजे चुनाव प्रचार का शोर थम गया. पांचवे चरण में आठ राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में वोट डाले जाएंगे. इनमें बिहार की पांच, झारखंड की तीन, महाराष्ट्र की 13, उत्तर प्रदेश की 14, ओडिशा की पांच, पश्चिम बंगाल की सात और जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की एक-एक सीट पर पांचवें चरण में वोटिंग होगी. सभी 49 सीटों पर कुल 695 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है.

# पश्चिम बंगाल : राजभवन के तीन अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज

राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला के बयान पर दर्ज हुआ मामला

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला को कथित तौर पर गलत तरीके से रोकने के लिए राजभवन के तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है. एक स्थानीय पुलिस अधिकारी ने शनिवार बताया कि राजभवन की एक महिला संविदा कर्मचारी ने छेड़छाड़ मामले में मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया था. इसके बाद हेयर स्ट्रीट पुलिस थाने में तीन अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई. अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता महिला को दो मई को गलत तरीके से रोक कर राजभवन छोड़ने से रोकने के लिए तीन अधिकारियों को एफआईआर में शामिल किया गया है. हम उस शाम उन अधिकारियों की भूमिका की जांच करेंगे.



### राज्यपाल पर क्या है आरोप

बता दें कि एक लोकप्रिय शास्त्रीय नृत्यांगना ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद कोलकाता पुलिस ने जांच शुरू की थी. नृत्यांगना की शिकायत के के अनुसार, वह पिछले साल जून में एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नई दिल्ली गई थीं और उस समय वह एक पांच सितारा होटल में रुकी थी. उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने होटल में उसका यौन उत्पीड़न किया.

### सिविल कोर्ट धनबाद का बदला स्वरूप, हुआ आधुनिक उपकरणों से लैस

# बहुत जल्द धनबाद से ही अधिवक्ता झारखंड हाईकोर्ट में कर सकेंगे बहस : प्रधान जिला जज

**खास बातें**

- सोलर पैनल प्लांट से हो रही है पूरे कोर्ट परिसर में बिजली की आपूर्ति

संवाददाता । धनबाद

धनबाद : सिविल कोर्ट धनबाद जहां रोजाना हजारों लोगों का आना-जाना होता है, अब पूरी तरह से वतानुकूलित हो गया है. यही नहीं लोगों की सुविधा के लिए सारे आधुनिक व्यवस्थाएं भी की जा रही है. आने वाले समय में धनबाद से ही अधिवक्ता झारखंड उच्च न्यायालय में अपने मुकदमे में बहस कर सकेंगे और केस फाइल कर सकेंगे, ऐसी व्यवस्था की जा रही है. सोलर पैनल के जरिए पूरे कोर्ट परिसर में विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है. खूंटी, रामगढ़ के बाद धनबाद में भी सोलर पैनल के जरिए पूरे कोर्ट की विद्युत आपूर्ति की जा रही है. वहीं ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा 500 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है. दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों, वरिष्ठ वादकारियों, अधिवक्ताओं को कोर्ट रूम तक जाने के लिए व्हीलचेयर, अधिवक्ता, वादकारियों के लिए लिफ्ट की व्यवस्था अलग से की जा रही है ताकि किसी को न्यायिक प्रक्रिया में भाग लेने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े. वादकारियों, पोक्सो एक्ट के गवाहों के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है. पूरे परिसर में दिव्यांगो के लिए नए शौचालय का निर्माण कराया गया, वहीं शीतल पेयजल की भी व्यवस्था की गई है. सुरक्षा के दृष्टिकोण से सिविल कोर्ट में प्रवेश के लिए एक मुख्य गेट को ही खोला गया है, जहां पुलिस बल के जवान आधुनिक उपकरणों से लैस रहते हैं.

- दिव्यांगों, वरिष्ठों के लिए व्हील चेयर, लिफ्ट की हुई व्यवस्था
- पूरे कोर्ट भवन में लगाई गई कुल 169 वातानुकूलित मशीन



सम्यक जांच के बाद ही किसी को अंदर जाने की इजाजत मिलती है. धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने शनिवार को मीडिया से बात करते हुए उपरोक्त बातें बताई. उन्होंने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर सिविल कोर्ट धनबाद का पूरी तरह से आधुनिकीकरण किया गया है. झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह जोनल जज धनबाद रंगन मुखोपाध्याय से प्राप्त दिशा निर्देश पर ऊर्जा मंत्रालय झारखंड सरकार द्वारा सिविल कोर्ट धनबाद के भवन को पूरी तरह से वातानुकूलित बनाया गया है. पूरे कोर्ट भवन में कुल 169 वातानुकूलित मशीन लगाई गई है. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम के अलावा हर एक कोर्ट रूम में अत्याधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिसमें बिना असुविधा के सभी जगह से कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल में बंद बंदियों की पेशी के अलावा, गवाही की जा रही है. दिव्यांग एवं बुजुर्ग लोगों, अधिवक्ताओं के लिए न्यायालय में लिफ्ट की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था की गई है. ई कोर्ट सर्विस के तहत कोर्ट के सभी मुकदमों के फाईलों को डिजिटिलाइजेशन किया जा रहा है. अदालत द्वारा मुकदमों में पारित आदेशों, निर्णयों को वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है ताकी वादकारियों व अधिवक्ता अपने मुकदमे में पारित आदेशों को सुलभता से जान सके और मुकदमे की अद्धतन जानकारी प्राप्त कर सके. कोर्ट परिसर में ई - सेवा केंद्र बनाया गया है, जहां मुकदमों से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है. जल्द ही झारखंड हाई कोर्ट का एक्सटेंशन काउंटर यहां काम करना शुरू करेगा, जहां से अधिवक्ता हाई कोर्ट में अपने मुकदमे में बहस कर सकेंगे और यहीं से हाई कोर्ट में आवेदन दाखिल किए जा सकेंगे. न्यायालय भवनों का भी सौंदर्यीकरण किया गया है.

---

**ब्रीफ खबरें**

### बोकारो में सामान्य प्रेक्षक ने की बैठक

**धनबाद** । सामान्य प्रेक्षक के. थवसीलन ने शनिवार बोकारो कलेक्ट्रेट में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सीसीएल, सेल तथा ओएनजीसी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. बैठक के दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए. मौके पर बोकारो की उपायुक्त विजया जाधव, सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार, विभिन्न प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी मौजूद थे.

### ढुल्लू के पक्ष में धर्मजीत ने निकाला जुलूस

**गोविंदपुर** । भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मजीत सिंह के नेतृत्व में शनिवार को भाजपा के पक्ष में ऊपर बाजार गोविंदपुर से गाजा- बाजा के साथ पैदल जुलूस निकाला गया. जुलूस गांव भीतर, विलेज रोड, बलियापुर रोड एवं गोविंदपुर बाजार तक गया एवं लोगों के बीच पत्रक वितरण किया गया. साथ ही लोगों से ढुल्लू महतो को भारी मतों से जिताने की अपील की गयी. जुलूस में रतिरंजन गिरि, दिनेश मंडल, मनीष साव, बलराम साव, जग्गू साव, सुमिता दास, हिप्पी विश्वकर्मा, अरुण दसौंधी, शिवा गोस्वामी आदि मौजूद थे.

### सपा ने दिया अनुपमा को समर्थन

धनबाद । समाजवादी पार्टी ने धनबाद लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन देने की घोषणा की है. शनिवार को आयोजित एक बैठक में सपा के प्रदेश अध्यक्ष मेराज खान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर अनुपमा सिंह के समर्थन का निर्णय लिया गया है. इस दौरान सपा के कार्यकर्ता अनुपमा के पक्ष में जनसंपर्क करेंगे. मेराज खान ने कहा कि भाजपा की सरकार अपने सारे वायदे पूरे करने में विफल रही है. भाजपा के शासनकाल में मंहगाई, बेरोजगारी, पलायन, किसान आत्महत्या, महिला शोषण, उत्पीड़न बढ़ा है. वहीं भाजपा प्रत्याशी की छवि के बारे में धनबाद की जनता अच्छी तरह जानती है.

---

# गरीब, मजदूरों के लिए आंदोलन किया है और करता रहूंगा : ढुल्लू

### ढुल्लू को केन्द्र में भेज धनबाद को विकास के रास्ते पर लाएं : सुरेन्द्र

**खास बातें**

- भारी मतों से विजयी बनाने के लिए सिमेवा ने भूली में की बैठक

संवाददाता । धनबाद



मजदूर, गरीब, असहाय, मजलूमों और नारी के सम्मान में आंदोलन किया हूँ और आगे भी करते रहूँगा. चाहे विरोधी और प्रशासन कितना भी केस कर दे. आंदोलन करने से केस होता है तो इससे पीछे नहीं हटेंगे. उक्त बातें भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने भूली में आयोजित एक बैठक में कही. कोल माईन्स इंजीनियरिंग वर्कस एसोसिएशन ( सिमेवा) की एक अति महत्वपूर्ण बैठक विधायक सह धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर शनिवार को भूली में हुई. बैठक बीसीसीएल के बारहों एरिया के कर्मचारियों और पदाधिकारियों के संग सुरेंद्र सिंह ( सिमेवा , केन्द्रीय अध्यक्ष ) के नेतृत्व में किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में ढुल्लू महतो शामिल हुए. सिमेवा के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने विधायक ढुल्लू महतो को जीत दिलाने के लिए अपील करते हुए कहा कि यह नेता आंदोलन का उपज है. आज सिजुआ में पानी, प्रदुषण और अन्य समस्याओं से मैं लड़ रहा हूँ. सिर्फ ढुल्लू महतो ने अपना समर्थन के साथ आंदोलन को अपना सहयोग दे रहे हैं. ऐसे लीडर को हमसभी का कर्तव्य हैं कि उन्हें केंद्र में भेज कर धनबाद को विकास के रास्ते में लाये. बैठक की अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह, संचालन पूर्व पार्षद रंजीत कुमार बिल्लू , धन्यवाद ज्ञापन श्रवण कुमार ने किया. मुख्य रूप से विजय सिंह, सुरेंद्र केशरी, छोटू राम, मानस रंजन, जितेंद्र प्रसाद, लालन मिश्र, सुमन सुमन सिंह, मिथलेश पासवान, प्रयागराज रविदास, सूरज पासवान आदि उपस्थित थे.

---

### बाल अधिकार के मुद्दे पर झारखंड के कार्यकर्ताओं का दिल्ली में महाजुटान

# बाल तस्करी पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प : शंकर रवानी

- बाल अधिकार के मुद्दे पर 15 से 18 मई तक हुआ विमर्श
- 24 जिले की स्वयंसेवी संस्था के सक्रिय सदस्यों ने लिया भाग



संवाददाता । धनबाद

झारखंड राज्य के 24 जिले के स्वयंसेवी संस्था के लीडरों का दिल्ली के विश्व युवा केंद्र में बाल अधिकार के मुद्दे पर सघन रूप से कार्य करने को लेकर के 15 से 18 मई तक विमर्श किया गया. इस दौरान झारखंड को बाल विवाह मुक्त बनाने सहित बाल दुर्व्यवहार एवं बाल यौन हिंसा को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया गया. इस संबंध में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट धनबाद के संस्थापक प्रो0 शंकर रवानी ने बताया कि झारखंड में बाल तस्करी की बहुत सारी घटनाएं होती हैं, जिनको सभी साथी मिल करके दूर करने का संकल्प लिए हैं. उन्होंने बताया कि झारखंड से बच्चों का तस्करी कर देश के विभिन्न हिस्सों में यौन हिंसा तथा घरेलू काम के लिए ले जाया जाता है, जिसको रोकना हमारा सबसे पहला कदम होगा. उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी 24 जिलों के सक्रिय संस्थाओं के साथियों ने अपने-अपने जिलों में बाल विवाह रोकना, बाल तस्करी को समाप्त करना तथा बाल हिंसा के मामले में पीड़िता को कानूनी मदद पहुंचाने का कार्य करेंगे.

**बाल विवाह रोकने के लिए किशोरी क्लब का गठन**

**महुदा** । बाघमारा प्रखंड को बाल विवाह मुक्त गांव बनाने को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है . अभियान के तहत झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के बैनर तले शनिवार को बाघमारा प्रखंड के गांवों में किशोरी क्लब गठित की गई . प्रखंड के राधानगर, महुदा बस्ती, कुमारडीह, कंचनपुर, मंझलाडीह, कदमतांड आदि में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने किशोरियों की बैठक आयोजित करते हुए किशोरी समूह बनाया है . जिसमें एक समूह में 20 किशोरियों को शामिल किया गया . मौके पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की सचिव हलीम एजाज़ ने बताया कि गांवों में कहीं भी बाल विवाह ना हो इसके लिए पंचायत स्तर पर मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका व स्वास्थ्य सहिया से ताल मेल कर किशोरी समूह गठित की जा रही है

---

### सड़क निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोका

## मुखिया बोले- पंचायत में कई कच्ची सड़कें हैं, पक्कीकरण किया जाए



संवाददाता । मैथन

**खास बातें**

- चार ईंच की जगह दो ईंच हो रही थी ढलाई
- ठेकेदार ने इस्टीमेट भी नहीं दिखाया
- निर्माण कार्य से जुड़ा शिलापट्ट भी नहीं लगा

एग्यारकुंड मुंडापाड़ा प्रावि के पास करीब तीन लाख की लागत से विधायक फंड से तीन सौ फीट पीसीसी सड़क निर्माण का काम ग्रामीणों ने रोक दिया है. शनिवार को वार्ड सदस्य दिलीप सिंह व वार्ड सदस्य पति सूरज साव के नेतृत्व में ग्रामीण कार्य स्थल पहुंचे. सूचना पर मुखिया अजय राम भी पहुंचे. देखा कि सड़क पर ही सड़क बन रहा है. चार ईंच की जगह दो ईंच की ढलाई हो रही है. ठीकेदार से कार्य का इस्टीमेट मांगा तो नहीं दिया. यह भी पता नहीं चल रहा है कि सड़क का मरम्मत हो रहा है या नये सिरे से निर्माण हो रहा है.

शिलापट्ट भी नहीं लगाया गया है कि जानकारी मिल पाये कि किस फंड से निर्माण कार्य हो रहा है. इससे साफ पता चलता है कि काम में भारी अनियमितता हो रही है. ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जबतक इस्टीमेट नहीं दिखाया जाता काम बंद रहेगा.

मुखिया अजय राम ने कहा कि उनके पंचायत में कई कच्ची सड़कें हैं जिसका पक्कीकरण होना चाहिये, लेकिन सड़क पर सड़क का निर्माण हो रहा है, जो गलत है. कहा कि वो पंचायत के मुखिया हैं लेकिन उनसे किसी ने सुझाव नहीं मांगा कि सड़क कहां जरूरी है. सड़क निर्माण की जांच होनी चाहिए. यदि निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है तो दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए.

### भाजपा को मासस हरा सकता है : अरूप चटर्जी

**निरसा** । धनबाद लोकसभा क्षेत्र से मासस के प्रत्याशी जगदीश रवानी की जीत सुनिश्चित करने आज कलियासोल प्रखंड के कुसुमदहा जोन अंतर्गत आंखद्वारा, आसनलिया, सुसुनलिया, पंचायत के सभी गांव एवं टोला में निरसा के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी के साथ सैकड़ों मासस कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क अभियान चलाया और लोगों से मिलकर जगदीश रवानी को जिताने का अपील की. वहीं पूर्व विधायक श्री चटर्जी ने कहा कि धनबाद में भाजपा के सांसद व छह में से पांच भाजपा के विधायक रहते हुए भी धनबाद के लोग आज मुलभूत सुविधा से वंचित हैं. वर्तमान सांसद के गैर जिम्मेदाराना हरकत की वजह से झारखंड के हृदय कहे जाने वाले धनबाद जिले से आधुनिक सुविधाओं वाली अस्पताल एम्स और एयरपोर्ट देवघर चला गया. भाजपा कारपोरेट घरानों की पार्टी है. गरीब, मजदूर, किसानों की एक मात्र हितैषी मासस ही है जो सत्ता में ना रहते हुए भी हमेशा जनता धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सभी छह विधानसभा के जनांदोलन को लेकर जनता के हित में संघर्ष करता है. श्री चटर्जी ने कहा कि धनबाद में भाजपा को कोई हरा सकता है तो वह मासस है.

---

# धनबाद में देव और दानव के बीच है लड़ाई : अवधेश सिंह

संवाददाता । धनबाद

गया के छह बार के विधायक सह पूर्व मंत्री अवधेश सिंह महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में शनिवार को धनबाद आये. जहां उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि धनबाद में देव और दानव के बीच की लड़ाई है. एक तरफ एक बेटी लड़ रही है तो दूसरी तरफ एक ऐसा प्रत्याशी है, जिसपर 50 से ज्यादा केस दर्ज है.

उन्होंने कहा कि वह छह बार के विधायक हैं, इसके बावजूद उनपर आईपीसी की एक भी धारा नहीं लगी है. जबकि आईपीसी में ऐसी कोई धारा नहीं है जो भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर नहीं लगा हो.

उन्होंने ढुल्लू महतो पर हमला करते हुए कहा कि उनपर 50 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, चार मामले में सजा हो चुकी है और अकूत संपत्ति अर्जित कर रखा है. जिसकी जांच केंद्रीय एजेंसी ईडी द्वारा की जा रही है. ढुल्लू महतो भाजपा में हैं इसलिए ईडी उनपर कार्रवाई नहीं कर रही है.




**इस बार नहीं काम करेगी मोदी की गारंटी**

विधायक अवधेश सिंह ने कहा कि पिछले तीन बार से इसलिए मोदी की गारंटी काम कर रही थी क्योंकि धनबाद के प्रत्याशी पशुपतिनाथ सिंह थे. जिसकी छवि बिल्कुल साफ है . इस बार धनबाद में मोदी की गारंटी काम नहीं करेगी क्योंकि एक सजायाफ्ता को प्रत्याशी बनाया गया है . पूरे देश के चुनाव और धनबाद के चुनाव में बड़ा अंतर है .वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह सिर्फ जुमलेबाजी की राजनीति करते हैं . राम मंदिर पर उन्होंने कहा कि मंदिर को कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने खुलवाया था और वह आज भी रामभक्त है . कहा कि मोदी जी ने 2014 में जितने भी वायदे किये उनमें से एक भी पूरा नहीं हुआ है .

### होम वोटिंग के दूसरे दिन 84 मतदाताओं ने किया मतदान

**धनबाद** । होम वोटिंग के दूसरे दिन प्रतिनियुक्त मतदानकर्मियों, माइक्रो आब्जर्वर, बीएलओ, सेक्टर ऑफिसर व पुलिस पदाधिकारी द्वारा चिन्हित मतदाताओं के घर पर पहुंचकर होम वोटिंग की प्रक्रिया सम्पन्न किया गया. आज धनबाद जिला में कुल 84 मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मत का प्रयोग किया.

जिसमें अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन के 45 एवं अब्सेंटी वोटर पर्सन विथ डिसेबिलिटी के 39 मतदाता शामिल हैं. पोस्टल बैलेट के द्वारा एवीएससी (अब्सेंटी वोटर सीनियर सिटीजन) एवं एवीपीडी (अब्सेंटी वोटर पर्सन विथ डिसेबिलिटी) के मतदान हेतु गठित प्रखण्डवार पोलिंग टीम पहुंची. इस दौरान मतदाता को मतदान कराने की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई. होम वोटिंग कराने की प्रक्रिया एवं विविध प्रपत्रों के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गईं. साथ ही पूर्ण दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए होम वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न की गई. इस दौरान चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव अधिकारी की टीम और पुलिस भी मौजूद होते हैं.

---

# धनबाद आईआईटी में इनडोर वायु गुणवत्ता के समाधान पर कार्यशाला

### सफाई कर्मचारियों, घरेलू महिलाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों के साथ हुई चर्चा



संवाददाता । धनबाद

**खास बातें**

- कम लागत वाले सेंसर के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा

आईआईटी (आईएसएम) धनबाद ने यॉर्क यूनिवर्सिटी, यूके के सहयोग से शनिवार को धनबाद में इनडोर वायु गुणवत्ता चुनौतियों, ग्लोबल साउथ में एक केस स्टडी, शीर्षक पर एक इंडो-यूके कार्यशाला का आयोजन किया. जिसके दौरान सुरक्षा गार्डों, सफाई कर्मचारियों, घरेलू महिलाओं, बुजुर्गों और शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के साथ इनडोर वायु गुणवत्ता पर केंद्रित चर्चा की गई. आईआईटी (आईएसएम) के पर्यावरण विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग (ईएसई) के सेमिनार कक्ष में परियोजना के प्रधान अन्वेषक के रूप में डॉ. दर्पण दास, सहायक प्रोफेसर, यॉर्क विश्वविद्यालय, यूके द्वारा समन्वित कार्यशाला एक समूह के साथ चर्चा के साथ शुरू हुई. संस्थान के सुरक्षा गार्डों से उनके पारिवारिक विवरण, इनडोर व्यवहार विवरण, उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी और वायु गुणवत्ता के बारे में उनकी धारणा जैसे विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई. समूह के साथ 45 मिनट की चर्चा के बाद उत्तरदाताओं के अन्य समूहों के साथ समान अवधि की समान चर्चा हुई, जिसमें समूह के सफाई कर्मचारी, आसपास के गांवों की महिलाएं और बुजुर्ग व्यक्ति और बच्चे शामिल थे. अध्ययन के बारे में विस्तार से बताते हुए, डॉ. दास ने कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीण और शहरी भारतीय घरों में इनडोर वायु गुणवत्ता (आईएक्यू) में योगदान देने वाले प्रमुख स्रोतों की पहचान करना है. साथ-साथ यह पता लगाना है कि कहाँ प्रतिभागियों को इनडोर वायु प्रदूषकों के संपर्क में आने का अधिकतम जोखिम होता है एवं ग्रामीण और शहरी भारत में जोखिम को कम करने में क्या बाधाएँ हैं. वापसी मानदंड सहित अध्ययन की प्रक्रिया/विधि के बारे में अधिक विस्तार से बताते हुए डॉ. दास ने कहा कि वायु गुणवत्ता के विभिन्न पहलुओं से जुड़ी चुनौतियों की पहचान करने के लिए आयोजित कार्यशाला के बाद, विभिन्न कम लागत वाले सेंसर के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और कुछ प्रतिभागियों को इन सेंसर को अपने घरों पर ले जाने के लिए भी चुना जाएगा. आखिरकार सेंसर के उपयोग से जुड़ी बाधाओं के संबंध में चुनौतियों का पता लगाने के लिए प्रतिभागियों के साथ एक फीडबैक सत्र भी आयोजित किया जाएगा. आईआईटी (आईएसएम) के विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ सैफी इज़हार अन्य लोगों के साथ रिर्सोस पर्सन के रूप में जो परियोजना से भी जुड़े हुए हैं .

---

**Formate C- 1**

*(For candidate to publish in Newspaper , TV)*

**Desdaration about Criminal Cases**

(As per the judgment dated 25th September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011(Public Interest Foundation & Ors Vs. Union Of India & Anr.)

Name and address of candidate:- **ANIRUDH KUMAR, AT & P.O Harli, P.S –Barkagaon, Dist.- Hazaribagh, JHARKHAND**
Name of Political Party :- **COMMMUNIST PARTY OF INDIA**
(Independent candidate should write "Independent" here)Name of Election: **Lok Sabha Election 2024**
Name of Constituency: **Hazaribagh (14) Parliament Constituency**

I **ANIRUDH KUMAR** (name of candidate) a candidate for the abovementioned election,declare for public information details about my criminal antecedents.

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status ofCase(s) | Section (s) of Acts concerned and briefdescription of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Court of Abhinav Kumar Judicial Magistrate | COMPLAIN NO 2229/18 | PENDING | U/S 120B/147/148/149/448/341/323/504/506/295/295A /296/297/354/354A/379/384/385/386 AND 27 ACT |
| 02 | Court of Vivek Kumar 1st Class Hazaribagh | GR-55/2007 | PENDING | U/S-147/148/149/323/553/504/379/307 AND 3(2) PREVENTION OF DAMAGE TO PUBLIC PROPERTY ACT |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| SL. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s)& punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 01 | NA | NA | NA |
| 02 | NA | NA | NA |

*In the case election to council of states or election to Legislative council by MLAs, mention the electionconcerned in place of name of constituency.

ANIRUDH KUMAR

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

धनबाद, रविवार 19 मई 2024 ● बैशाख शुक्ल पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 40

आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### बाईक की डिक्की से तीन लाख रुपये जब्त

मैथन। पंचेत में वाहन जांच के दौरान एसएसटी टीम ने एक मोटरसाइकिल की डिक्की से 3 लाख रुपये जब्त की है. बाइक विश्वनाथ गोराई की है, जो कालूबथान ओपी क्षेत्र के पलसिया का रहनेवाला है. टीम ने जब्त रुपये पंचेत पुलिस के हवाले कर दिया है. लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसएसटी टीम द्वारा नंदकुमार मंडल के नेतृत्व में पंचेत ओपी क्षेत्र के पतलाबाड़ी मोड़ पर वाहन जांच के दौरान विश्वनाथ गोराई की बाईक की डिक्की से नोटों का बंडल मिला.

### जेबीकेएसएस और एनडीए समर्थकों में हाथापाई हुई

गोमो। हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खारियो ग्राम पंचायत के बरवाडीह गांव में जेबीकेएसएस के दर्जनों समर्थकों एवं एनडीए प्रत्याशी समर्थकों के बीच बड़ी घटना होते-होते बची. हो हंगामा और हाथापाई हुई. जिसके कारण सीपी चौधरी वहां सभा नहीं कर पाये. आजसू लोकसभा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी बरवाडीह गांव के शिव मंदिर समीप अपने काफिले के साथ ग्रामीणों के बीच आमसभा के लिए बैठे ही थे.

### अवैध लॉटरी, भाजपा नेता के घर पर छापा

बरोरा। बरोरा थाना अंतर्गत माथाबांध निवासी भाजपा नेता पप्पू चौहान के आवास में बरोरा थाना प्रभारी विकाश कुमार के नेतृत्व में देर रात पुलिस ने अवैध लॉटरी और आईपीएल में सट्टेबाजी को लेकर छापामारी की. पुलिस ने पप्पू के आवास के कमरे को खंगाला, लेकिन पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लगी. बरोरा थाना प्रभारी विकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध लौटरी व सट्टेबाजी के कारोबार को लेकर माधाबांध स्थित पप्पू चौहान के आवास पर छापामारी की गई थी. उन्होंने कहा कि बरोरा थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का लॉटरी व सट्टेबाजी का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा.

### चेकिंग में 1.05 लाख रुपये जब्त, रिलीज

मधुबन। बोकारो-राजगंज फोरलेन सड़क पर मधुबन पुलिस की चेक पोस्ट पर एसएसटी टीम ने वाहन जाँच के दौरान एक मोटरसाइकिल से एक लाख पांच हजार रुपया जब्त किया. फिर जांच पड़ताल के बाद रिलीज कर दिया गया.

### हीरापुर में तीन घंटे बिजली बाधित रहेगी

धनबाद । भीषण गर्मी में भी बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती बदस्तूर जारी है. हीरापुर पीएसएस से रविवार को तीन घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी. मेंटेनेंस कार्य के लिए सुबह नौ बजे से बारह बजे दोपहर तक बिजली की आपूर्ति ठप रहेगी. इससे लुबी सर्कुलर रोड, मनोरम नगर, बेकारबांध, रांगाटांड़ आदि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे.

# जब अपराधी को टिकट मिलेगा तो साथ में अपराधी ही दिखेंगे : लखी सोरेन

संवाददाता । धनबाद

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के चुनाव प्रचार में अपराधियों के देखे जाने की खबर के शुभम संदेश अखबार में प्रकाशित होने के बाद से विपक्ष हमलावर है. प्रमुख नेताओं ने प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पर जमकर प्रहार किया . भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के चुनाव प्रचार के दौरान अपराधियों के साथ रहने की खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा कि भाजपा ने जब अपराधी को टिकट दिया है तो उसके साथ अपराधी ही दिखेंगे. समाज को स्वच्छ बनाये रखने के लिए स्वच्छ छवि का प्रत्याशी होना चाहिए. ऐसे लोग समाज का क्या भला करेंगे, सिर्फ अशांति फैलाएंगे.


समीर रवानी


संतोष सिंह


लखी सोरेन


भास्कर सुमन

### भाजपा अब पार्टी विथ ऑफेंस हो गई है: भास्कर सुमन

वहीं आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी ( सोशल मीडिया) भास्कर सुमन ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी के काफिले में असामाजिक तत्वों का होना यह बता रहा है कि भाजपा अब लोगों का स्नेह को खो चुकी है . वह येन केन प्रकारेण चुनाव जीत लेना चाहती है . भाजपा की योजना पुरे देश में सरकारी तंत्र से ले कर निजी तंत्र के बल पर चुनाव लडने का है . इस बार जनता बदलाव के पक्ष में है और इस बार बदलाव हो कर रहेगा . पार्टी विथ डिफरेंस वाली भाजपा अब पार्टी विथ ऑफेंस हो चुकी है .

### धनबाद को अशांति की ओर धकेला : समीर

झामुमो धनबाद जिला प्रवक्ता समीर रवानी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के प्रचार में अपराधियों के शामिल होने को लेकर प्रकाशित खबर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा एक दागी व्यक्ति को धनबाद में टिकट देकर धनबाद की जनता को अशांति की ओर धकेलने का काम किया है . जानकारी मिल रही है कि अपराधियों द्वारा वैसे लोगों को धमकाया जा रहा है जो भाजपा को वोट नहीं देना चाहते हैं .

### अपराधियों का चुनाव में इस्तेमाल करना लोकतंत्र के लिए घातक है : कांग्रेस जिलाध्यक्ष

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के प्रचार के क्रम में उनके साथ आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का रहना कोई आश्चर्यजनक बात नहीं है . जब ढुल्लू महतो के ऊपर ही 53 केस है, जिसमे आईपीसी की हर धारा शामिल हैं . ऐसे में दस बीस केस वाले अपराधी का उनके साथ चुनाव प्रचार करना आम बात है . अपराधियों का इस प्रकार चुनाव में इस्तेमाल स्वस्थ लोकतंत्र के लिए खतरनाक है . ऐसी हालत में अपराधियों का मनोबल और बढ़ेगा . साथ ही यह सभ्य समाज के लिए बहुत बड़ा खतरा है . उन्होंने कहा कि धनबाद की जिस जनता ने हमेशा भाजपा को दिल खोल कर वोट दिया . उसी भाजपा ने धनबाद के माथे पर ऐसा प्रत्याशी मढ दिया है . जो एक सजायाफ्ता है . जिसका बदला आम जनता भाजपा के खिलाफ वोट देकर लेगी . भाजपा के सजायाफ्ता प्रत्याशी के विरुद्ध एक स्वच्छ छबि की प्रत्याशी मैदान में है . जिसे धनबाद की जनता सर आंखों पर बिठाएगी . संतोष सिंह ने कहा कि धनबाद की जनता ने हमेशा भारतीय जनता पार्टी को सिर पर बैठाया था लेकिन पार्टी नेताओं को गलतफहमी हो गयी है तो इस चुनाव में जनता गलतफहमी दूर कर देगी .

# आठ एकड़ घोटाले का आरोपी जेल में 200 एकड़ वाले की मौज : विजय झा

संवाददाता । धनबाद




**खास बातें**

- 20,000 करोड़ वाले पर ईडी की दबिश आखिर क्यों नहीं
- गुंडा टैक्स और रंगदारी लेनेवाले को वोट नहीं करने की अपील

आठ एकड़ जमीन घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री जेल में हैं, लेकिन जिस पर 200 एकड़ जमीन घोटाले का आरोप है, वह मौज में है. उक्त बातें बियाडा के पूर्व अध्यक्ष बिजय झा ने शनिवार को धनबाद के नावाडीह स्थित विवाह भवन में प्रेस वार्ता के दौरान कही. उन्होंने यह भी कहा कि ईडी को पूजा सिंघल के पास 74 करोड़ की जानकारी मिल जाती है, लेकिन जिसके पास 20 हजार करोड़ है, उसकी जानकारी ईडी को नही हो सकी, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है. इससे ईडी का भी चरित्र जाहिर हो रहा है. उन्होंने धनबाद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा दिये गए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के संबंध में कहा कि ढुल्लू महतो पर 53 एफआईआर और 4 मुकदमे में निचली अदालत ने सजायाफ्ता करार दिया है.

स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि ढुल्लू महतो अपराधी है. इस जानकारी के बाद से धनबाद की जनता और धनबाद के मतदाता काफी उधेड़बुन में है. ऐसे प्रत्याशी से धनबाद की जनता और मतदाता काफी शर्मशार है. जनता का कहना है कि 10 करोड़ की सदस्यता में भारतीय जनता पार्टी के पास कोई ऐसा आदमी नही था, जो चरित्रवान और गुणवान हो.

**धनबाद की जनता चरित्र और भयमुक्त बनाने के लिए करें वोट :** उन्होंने धनबाद की जनता से निवेदन किया है कि वह चरित्र देखकर वोट करें, धनबाद को भयमुक्त बनाने के लिए वोट करें. धनबाद को गुंडा मुक्त बनाने के लिए वोट करें और धनबाद में ऐसे व्यक्ति को वोट करें, जो गुंडा टैक्स और रंगदारी न ले. जिले के मतदाता को बढ़चढ़ कर वोट करने की अपील की, ताकि वोट प्रतिशत बढ़े. क्योंकि कोयला नगर में पिछले चुनाव में मात्र 19% लोगों ने ही वोट किया था, जो दुर्भाग्यपूर्ण था. उन्होंने कहा अपने मत का प्रयोग अधिक से अधिक करें ताकि सही प्रत्याशी को चुना जा सके. क्योंकि धनबाद में सिम्फ़र जैसे वैज्ञानिक की संस्थान के साथ-साथ आईआईटी व आइएसएम है. इसके अलावा आईटी सिंदरी, मेडिकल कॉलेज के साथ-साथ इंजीनियरिंग कॉलेज और बीबीएमकेयू यूनिवर्सिटी भी है. इसलिए ऐसा प्रत्याशी को भेजें, जो इतनी योग्यता रखता हो कि सिम्फ़र के वैज्ञानिक से बात करने की क्षमता रख सके. प्रेस वार्ता से पूर्व लोकसभा चुनाव में अधिकतम मतदान को लेकर व धनबाद का सांसद कैसा हो पर परिचर्चा का आयोजन किया गया था. जिसमे आईडी पासवान, जितेंद्र सिंह, एके अंबष्ठ, अमितेश सहाय, एके झा, कृष्णा अग्रवाल, नीलम मिश्रा के साथ-साथ कई नेता व आम लोग उपस्थित थे.

# अवैध रूप से कोयले का परिवहन करते 6 वाहन जब्त

संवाददाता । धनबाद



**खास बातें**

- वाहन मालिक सहित चालक पर प्राथमिकी दर्ज
- कागजात रिजेक्ट क्वालिटी का और कोयला उच्च क्वालिटी का

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए खनन टास्क फोर्स ने शुक्रवार की देर रात कतरास थाना क्षेत्र के काको चौक के समीप खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक के नेतृत्व में औचक जांच अभियान चलाकर कोयला लदा छह वाहन को पकडा. वाहनों के चालकों द्वारा कोयले का कागज प्रस्तुत नहीं किए जाने के बाद वाहनों को जब्त कर कतरास पुलिस के हवाले कर दिया गया. इस संबंध में खान निरीक्षक ने बताया कि औचक जांच अभियान के दौरान कोयला लदे छह वाहनों को अवैध रूप से कोयला का परिवहन करते पाया गया. सभी वाहनों को जब्त कर कतरास थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई. उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा. मामले की जानकारी देते हुए कतरास थाना प्रभारी असित कुमार सिंह ने बताया कि कोयला लेकर बोकारो से आ रही छह वाहनों को जब्त किया गया है. कोयले के कागजात रिजेक्ट क्वालिटी का मिला है, जबकि कोयला उच्च क्वालिटी का प्रतीत होता है. जिसको लेकर खान निरीक्षक के निर्देश पर चालक सहित वाहन मालिकों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कर छानबीन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

# चुनाव डयूटी में गये बीसीसीएल कर्मचारी के आवास में चोरी

संवाददाता । बाघमारा

**खास बातें**

- 31 हजार नगदी समेत सात लाख के जेवरात ले उड़े

चुनाव ड्यूटी में गए डुमरा हॉस्पीटल कॉलोनी निवासी बीसीसीएल कर्मी अशोक कुमार श्रीवास्तव के बंद आवास का ताला तोड़कर शुक्रवार की देर रात अज्ञात चोरों ने नगद 31 हजार रुपए सहित सात लाख की आभूषणों की चोरी कर ली. घटना की खबर पाकर बाघमारा पुलिस मौके पर पहुंची और गृहस्वामी के पुत्र से जानकारी लेकर छानबीन में जुट गई. वहीं घटना से कॉलोनी के लोगों में भय का माहौल व्याप्त है.

गृहस्वामी बीसीसीएल कर्मी के पुत्र सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पापा चुनाव ड्यूटी में गये हुए हैं और हमलोग घर के बाकी सदस्य धनबाद स्थित अपने आवास में रह रहे हैं. प्रतिदिन दिन में यहां आकर घर को चेक अवश्य करते थे. ताकि घर और घर का सम्मान सुरक्षित रहे तथा घर की सफाई भी बनी रहे. शनिवार को लगभग दस बजे के आसपास मेरे पड़ोसी ने फोन पर बताया कि तुम्हारे घर का बल्ब खोलकर किसी ने रख दिया है और देखने से लग रहा है कि घर का मुख्य दरवाजे का ताला के साथ छेडछाड किया गया है. बाउंड्रीवाल के गेट का ताला सही है. पड़ोसी की सूचना पर मैं हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित क्वाटर नंबर 2/5 पर आया तो देखा कि बाउंड्रीवाल के गेट का ताला ठीक है लेकिन घर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर फेंका हुआ है. घर के अन्दर जाकर देखा तो सभी रूम का ताला टूटा हुआ था तथा बेडरूम में रखे दोनों आलमीरा टूटा हुआ है.

### भारी मात्रा में लोहा जब्त

झरिया। जयरामपुर कोलियरी प्रबंधन के निर्देश पर शनिवार को सीआईएसएफ व अलकडीहा पुलिस की टीम ने जयरामपुर कोलियरी वर्कशॉप के बगल में वर्षों से चल रहे अवैध लोहा गोदाम में छापामारी की. जहां से भारी मत्रा में लोहा जब्त किया गया. जब्त लोहा को बीसीसीएल के गोदाम, वर्कशॉप व चानक आदि जगहों से चुराकर जमा किया गया था. छापामारी के दौरान धंधेबाज फरार हो गए. जब्त सामग्री की कीमत 50 स् 60 हजार रुपये हैं. इस संबंध में जयरामपुर कोलियरी के पीओ एके पांडेय ने कहा कि काफी दिनों से लोहा चोरी के बारे में शिकायत मिल रही थी कि आए दिन लोहा चोर आ जाते हैं और लौह सामग्री उठा कर ले जाते हैं. जिससे सरकारी संपत्ति को काफी नुकसान हो रहा था. रात्रि पाली में काम करनेवाले कर्मियों में भय का माहौल था. जयरामपुर के किशोर के घर में अवैध लोहा गोदाम चल रहा था.

# ढुल्लू महतो के विधायक बनते ही बाघमारा छोड़ने लगे थे व्यवसायी : अनुपमा सिंह

संवाददाता । धनबाद



### एक तरह केंद्र की तानाशाह सरकार तो दूसरी तरफ आतंक का पर्याय ढुल्लू महतो

बजरंग अखाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अनुपमा सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार और धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार ढुल्लू महतो पर जमकर निशाना साधा . उन्होंने कहा कि देश और अपने बच्चों का भविष्य बचाना है तो इंडिया महा गठबंधन को मजबूत करें . इसके आलावा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का तेलीडीह महतो कालोनी, नेहाल मोड़, बजरंग अखाड़ा, दास टोला हरि मंदिर, मेहरा टोला अंबेडकर चौक, मांझी थान, पिपरा टांड, खेदाडीह, माईथान, जोड़ा मंदिर, बांधगौड़ा, बरटांड, नारायणपुर मंडल टोला, नारायणपुर इमली पेड़, भांगा बाजार, बहादुर मोड़, कांसी टांड, कदुआगौडा, चितागी, घटियाली, जाला, सुनता, सतनपुर व बाडियाडीह, बोकारो के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क किया .

बाघमारा विधनसभा क्षेत्र की स्थिति से कौन वाकिफ नहीं है. बाघमारा का विधायक जब से ढुल्लू महतो बने तब से वहां के बड़े व्यवसायी किस तरह से पलायन कर गए ये किसी से छुपा नहीं है. क्या धनबाद लोकसभा क्षेत्र में भी वही स्थिति पैदा करना उचित होगा. उक्त बातें शनिवार को अपने जनसम्पर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने कही. अनुपमा अपने जनसम्पर्क के दौरान, नवाडीह स्थित वेडिंग बेल्स में 'सांसद का चुनाव कैसे होना चाहिए और एक मतदाता की हैसियत से हमारी क्या भूमिका होनी चाहिए विषय पर आयोजित संगोष्ठी में पहुंची. इस कार्यक्रम में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के काफी संख्या गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया. लोकसभा क्षेत्र के तेलीडीह महतो कालोनी स्थित प्रसाद बीज भंडार के पास जोरदार जनसंपर्क चलाया गया. जनसंपर्क सह रोड शो में हजारों लोगों ने भाग लिया. खुली गाड़ी में सवार प्रत्याशी अनुपमा सिंह लोगों के अभिवादन स्वीकार किया. इस बीच लोगों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया. अनुपमा सिंह ने कहा कि क्षेत्र से भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी और भय आतंक के खिलाफ सुशासन स्थापित करने और देश में महागठबंधन की सरकार बनाने के लिए कांग्रेस को वोट दें.

**घोटाला** स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों की सूची सिविल सर्जन को सौंपी

# आयुष्मान से जुड़े धनबाद के 10 अस्पताल जांच के घेरे में

- लाभुक मरीज से पैसे लेने, दवा खरीदवाने समेत कई अन्य गंभीर आरोप लगे

संवाददाता । धनबाद




झारखंड में आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना से जुड़े अस्पतालों में गड़बड़ी की सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है. एक बार फिर इस योजना से जुड़े 10 अस्पताल जांच के घेरे में हैं. इन अस्पतालों पर लाभुक मरीज से पैसे लेने, पूरी चिकित्सीय सेवा नहीं देने, दवा खरीदवाने समेत कई अन्य गंभीर आरोप लगे हैं. स्वास्थ्य विभाग की ओर से इन अस्पतालों की सूची सिविल सर्जन को सौंपी गई है और उन्हें जांच का निर्देश दिया गया है. स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार इस सूची में असर्फी, पाटलिपुत्र नर्सिंग होम, जेपी हॉस्पिटल, प्रगति मेडिकल एवं रिसर्च सेंटर, सर्वमंगला नर्सिंग होम, सनराइज हॉस्पिटल, श्रेष्ठ नेत्रालय, आईएसजी, नयनदीप और आयूरिस अस्पताल शामिल हैं. सिविल सर्जन डॉ सीवी प्रतापन ने बताया कि पिछले दिनों वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह मामला उठा था. इसमें आयुष्मान से जुड़े जिले के 10 अस्पतालों की सूची उपलब्ध कराई गई है. इन अस्पतालों में आयुष्मान के लाभुक मरीज से पैसे लेने और आयुष्मान के तहत भुगतान के लिए बिल जमा करने, गुणवत्तापूर्ण इलाज नहीं देने, आईसीयू के सेटअप के बिना आईसीयू बता कर इलाज करने जैसे गंभीर आरोप हैं. विभाग के निर्देशानुसार इन मामलों की जांच शुरू कर दी गई है. संबंधित अस्पतालों से जवाब तलब किया गया है.

### आरोपित अस्पतालों की सूची


असर्फी, पाटलिपुत्र नर्सिंग होम, जेपी हॉस्पिटल, प्रगति मेडिकल एवं रिसर्च सेंटर, सर्वमंगला नर्सिंग होम, सनराइज हॉस्पिटल, श्रेष्ठ नेत्रालय, आईएसजी, नयनदीप और आयूरिस अस्पताल

### अस्पताल संचालकों के साथ की बैठक, मांगा स्पष्टीकरण

इस मामले में सिविल सर्जन डॉ प्रतापन ने शुक्रवार को संबंधित अस्पताल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की . सिविल सर्जन के कार्यालय कक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्हें मामले की जानकारी दी गई और इसपर स्पष्टीकरण मांगा गया . उन्हें जल्द अपना लिखित जवाब देने का निर्देश दिया गया है . धनबाद के सिविल सर्जन डॉ सीवी प्रतापन ने कहा कि विभाग ने 10 अस्पतालों की सूची दी है . इन पर आयुष्मान के मरीज से पैसे लेने समेत कई तरह की गड़बड़ियों की शिकायत है . मामले की जांच शुरू कर दी गई है . अस्पताल संचालकों के साथ बैठक कर उनसे उनका पक्ष देने का कहा गया है .

# 105 करोड़ में बनेगा 6 मंजिला 450 कमरों का नया कोयला भवन

संवाददाता । धनबाद




- कोल इंडिया की तर्ज पर नया कोयला भवन बनाने की चल रही तैयारी, कॉरपोरेट लुक में दिखेगा भवन, बाहरी हिस्से में नीले रंग के शीशे पर होगा अधिक काम

45 वर्षों से बीसीसीएल के कोयला भवन में एक ही व्यवस्था और पुरानी फर्नीचर के बीच काम कर थक चुके अधिकारियों व कर्मियों को अब जल्द ही नए कारपोरेट लुक में 6 मंजिला आलीशान इमारत दिखेगा. सूत्रों के अनुसार पुराने कोयला भवन को तोड़कर 105 करोड़ में बनेगा 450 कमरों का कोयला नगर में ही नया कोयला भवन बनाया जाएगा. इस संबंध में सीएमडी की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर मुहर लगाने के लिए कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद के कोयला मंत्रालय के पास फाइल भेज दिया है. पहले इसका बजट 50 करोड़ था, लेकिन इसे 2024 में वित्तीय वर्ष में बढ़ाकर 105 करोड़ कर दिया गया है. कोलकाता में कोल इंडिया का मुख्यालय है. उसी के तर्ज पर नया कोयला भवन को भी बनाने के लिए नक्शा बनाया गया है. टेंडर निकालने की प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू होगी. कोयला भवन में काम करनेवाले बीसीसीएल कर्मियों का कहना है कि कोयला भवन काफी पुराना है और भीतर के कमरे की फर्नीचर की भी आयु समाप्त हो चुकी है. बदलते समय के अनुसार अत्याधुनिक दौर में भवन में भी बदलाव आना चाहिए. 6 मंजिला भवन के बाहरी हिस्से में खिड़कियों के बदले आरपोरेट हाउस की तरह नीले रंग के शीशे पर अधिक से अधिक काम होगा. फायर व इलेक्ट्रिक सेफ्टी का पूरा इंतजाम होगा. इंट्रेस के अलावा तीन इमरजेंसी निकास द्वार अलग होंगे. पार्किंग की व्यवस्था बेसमेंट में अधिकारियों व कर्मियों के लिए अलग से होगी. वाहन व लगेज स्क्रीनिंग की भी व्यवस्था होगी. ताकि स्कैनर के जरिए पता चल सके कि किस बैग या गाड़ी में एक्सप्लोसिव है. कोयला नगर के गेट से कोयला भवन तक सीसीटीवी कमरे लगेंगे.

### रोड शो कोर्रा, पीटीसी, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक, जादो बाबू चौक, पंचमंदिर चौक, बड़ी बाजार, मालवीय मार्ग होते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई

# इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता। हजारीबाग



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने चुनावी प्रचार के अंतिम दिन रोड शो किया. रोड शो में समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा. सैंकड़ों की संख्या में पहुंचे समर्थकों के नारों की आवाज से आसमान गुंजायमान हो उठा.

जेपी पटेल के समर्थन में रोड शो में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के शामिल होने से कार्यकर्ताओं में भी जोश आ गया. रोड शो की शुरुआत लाखे बगीचा से हुई. फिर कोर्रा, पीटीसी, डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक, इंद्रपुरी चौक, कल्लू चौक, लोहसिंघना, बड़ा अखाड़ा, जादो बाबू चौक, पंचमन्दिर चौक, बड़ी बाजार, मालवीय मार्ग होते हुए कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई. पूरे रोड शो के दौरान जय प्रकाश भाई पटेल को शहरवासियों का आशीर्वाद मिलता रहा. कोई उन्हें फूल माला पहना रहा था तो कोई पानी एवं सॉफ्ट ड्रिंक पीने को दे रहा था. शहरवासियों द्वारा मिले इस अथाह प्रेम से पटेल अभिभूत नज़र आए. उन्होंने सभी समर्थकों को आभार प्रकट किया. रोड शो में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विनोद कुशवाहा, जय शंकर पाठक, शैलेन्द्र यादव सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक एवं कार्यकर्ता शामिल थे.

### देश में आज परिवर्तन की लहर है : खान

**रामगढ़।** चैनगड़ा के करमाली व महतो टोला में इंडिया गठबंधन के नेताओं और समर्थकों ने बैठक की. बैठक में जय प्रकाश भाई पटेल को हाथ छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मदेव महतो ने किया और संचालन प्रदीप चक्रवर्ती ने किया. बैठक के मुख्य वक्ता माले नेता डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि देश में परिवर्तन की लहर है. इस लहर में हजारीबाग लोकसभा भी शामिल है. भाजपा राज में मंगाई बेरोजगारी चरम पर है. सरकारी सेक्टर में नियुक्तियां बंद है जरूरत को पूरा करने के लिए सरकारी सेक्टर में संविदा और ठेका पर काम लिया जा रहा है. जिसमें कर्मचारियों और मजदूरों की श्रम का अवमूल्यन किया जा रहा है. पचास हजार की जगह में पांच हजार में वहीं काम लिया जा रहा है. इससे नुकसान श्रमिकों को हो रहा है और लाभ ठेकेदार उठा रहे हैं. देवकी बेदिया ने कहा कि भाजपा के आरक्षण को खत्म करने की योजना को हम दलित आदिवासी और पिछड़ा सफल नहीं होने देंगे. इस कार्य को हम अपने मतों के प्रयोग से ही कर सकते हैं. हमें भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जेपी भाई पटेल को जिताना होगा.

### जेपी पटेल एक आंदोलनकारी नेता हैं: बिनोद किस्कू

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में जिला सह सचिव जावेद आलम और झामुमो के सक्रिय सदस्य वारिस रॉय के संयुक्त अध्यक्षता एवं जिला कार्यकारिणी सुशील कुमार के संचालन में केलुवापतरा बस्ती (नगर परिषद वार्ड नं. 20) में चुनावी नुक्कड़ सभा हुआ. जिसमें झामुमो रामगढ़ जिला अध्यक्ष बिनोद किस्कू ने जनता को संबोधित किया. कहा कि जेपी पटेल एक आंदोलनकारी नेता हैं. उनके पिता भी झारखंड आंदोलन में शामिल थे. इसलिए आप सभी जेपी भाई पटेल को समर्थन करें. भाजपा के झूठे वादों ने जनता को गुमराह कर रखा है. जिससे पूरे हजारीबाग की जनता आज भाजपा को नकार रही है और हजारीबाग लोकसभा से जेपी भाई पटेल रिकॉर्ड मतों से जीत रहे हैं. मौके पर रामगढ़ नगर के उपाध्यक्ष जग्गु करमाली, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष मुमताज़ मंसूरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य कमलेश पांडेय एवं सम्मानित कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे.



## ब्रीफ खबरें

### जलमीनार लगने के बाद भी 15 घर पेयजल से वंचित

**हजारीबाग।** भीषण गर्मी और पेयजल संकट से लोग परेशान हैं. जल संकट से लोगों को निजात दिलाने के लिए सरकारी राशि से कटकमसांडी अंचल, पेलावल दक्षिणी स्थित बागी टोला जलमीनार लगाया गया. मगर विभाग और ठेकेदार की लापरवाही से टोला के सभी लोगों को पेयजल संकट से निजात नहीं मिल पाया. तीन माह पूर्व चालू हुए जलमीनार से मात्र पांच घरों में पानी का कनेक्शन लगाया गया. शेष 15 जरूरतमंदों के घरों में अब तक कनेक्शन तक नहीं लगाया गया है.

### पुलिस कस्टडी में बेटे ने मां को दी मुखाग्नि

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड के ग्राम पंचायत दादपुर निवासी हिरामन रजक ने शुक्रवार को अपनी मां के मृत्यु उपरांत पुलिस कस्टडी में मुखाग्नि दिया. मालूम हो कि बेटे के जेल जाने के दर्द को मां बर्दाश्त नहीं कर सकी. बेटे के जेल जाने के बाद से ही वह अस्वस्थ रहने लगी. अंततः शुक्रवार को रजक की मां का निधन हो गया. मामला दादपुर पंचायत के ग्राम दादपुर का है. बता दें कि रामनवमी व लोकसभा चुनाव के आचार संहिता लगने के पहले पुलिस ने हिरामन रजक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था.

### आचार संहिता उल्लंघन पर तीन मामले दर्ज

**हजारीबाग।** आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधित अब तक तीन मामले प्रकाश में आये हैं. इसमें हजारीबाग जिला के बरही प्रखंड से दो और सदर प्रखंड से एक है. सभी मामलों में एफआईआर दर्ज कर लिया गया है. इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि सूचना मिलने के बाद सत्यापन करते हुए तीनों आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है.

### बादम में भाजपा की बाइक रैली पर पथराव

**बड़कागांव।** प्रखंड के बादम गांव में एक समुदाय द्वारा भाजपा की बाइक रैली पर पथराव करने का मामला सामने आया है. रैली में शामिल कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट भी होने की खबर है. मारपीट में दो भाजपा कार्यकर्ता विक्की राणा एवं दिवाकर नायक घायल हैं. जिन्हें बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया. चिकित्सा प्रभारी डॉ. अविनाश कुमार ने बताया कि दिवाकर बोलने में असमर्थ हैं. जबकि विक्की को चोट लगी है. दिवाकर के बयान पर बड़कागांव थाना में तीन लोगों व बादम एवं 50 से 60 अज्ञात लोगों के विरुद्ध आवेदन दिया गया है.

### समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी मनीष ने निकाली बाइक रैली

# लोगों का आशीर्वाद मेरे लिए अमूल्य है : मनीष

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में चुनाव 20 मई को होना है. चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में शहर में विशाल बाइक रैली का भव्य आयोजन किया गया. बाइक रैली की विधिवत शुरुआत भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की उपस्थिति में शहर के कानी बाज़ार स्थित मुनका बगीचा से हुई.

यहां से बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा (रामविलास) पार्टी के समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता गले में एनडीए गठबंधन के राजनीतिक दलों का पट्टा और हाथों में भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा (रामविलास) का झंडा लहराते हुए ढोल-तासे की गडगड़ाहट के साथ, भारत माता की जय, वन्दे मातरम, अबकी बार 400 पार, जीतेगा भाई जीतेगा मनीष जायसवाल ही जीतेगा, हजारीबाग में रामराज आएगा, जैसे नारे बुलंद करते हुए नाचते- झूमते चल रहे थे. बाइक की सवारी भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने महावीर स्थान तक की. वहां वीर बजरंगबली का आशीर्वाद लेकर खुली जीप पर सवार होकर बाइक रैली के साथ चले.

मौके पर हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता राष्ट्र के विकास और गरीबों के उत्थान के लिए एनडीए गठबंधन का साथ देगी. कहा कि हजारीबाग से प्रचंड कमल खिलते हुए मुझे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का मौका देगी. मनीष जायसवाल ने कहा कि मेरी जीत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एक-एक जनता की जीत होगी. उन्होंने कहा कि 10 साल तक मैंने बतौर हजारीबाग विधायक जनता की सेवा किसी नेता के रूप में नहीं बल्कि बेटा के रूप में की है. भविष्य में अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो मैं वचन देता हूं कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता की सेवा नेता के रूप में नहीं बल्कि बेटा और सेवक के रूप में करूंगा.

मनीष जायसवाल ने कहा कि टिकट मिलने के बाद पिछले 77 दिनों से मैंने हजारीबाग क्षेत्र की जनता के बीच पूरा समय देते हुए आशीर्वाद मांगने का काम किया. इस दौरान हर एक जगह पर जिस प्रकार लोगों का जनसमर्थन और आशीर्वाद मिला. वह मेरे लिए अमूल्य है. मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने को आतुर है. उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा की 20 मई को पहले मतदान फिर जलपान करें.



**झोंकी ताकत**

- कानी बाज़ार स्थित मुनका बगीचा से निकली रैली
- मनीष बाइक पर सवार होकर झंडा लहराते रहे
- पूरा शहर भाजपा के नारे से गुंजायमान होता रहा

**बाइक जुलूस में मनीष जायसवाल अपने हाथों में भाजपा का झंडा लेकर लहराते हुए चल रहे थे**

बाइक जुलूस में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल खुद अपने हाथों में भाजपा झंडा लेकर लहराते हुए आगे-आगे चल रहे थे. भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में आयोजित इस ऐतिहासिक विशाल बाइक रैली के दौरान एनडीए समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं का सैलाब उमड़ पड़ा. लोगों के सैलाब का यह कतारबद्ध कारवां मुनका बगीचा से शुरू होकर, जादो बाबू चौक, महाबीर स्थान चौक, कुंआ चौक, झंडा चौक, बंशीलाल चौक, बूढ़वा महादेव चौक, गाड़ीखाना चौक, पुराना बस स्टैंड चौक, एक पटिया मुहल्ला, बड़ा बाजार चौक, सरदार चौक, इमलीकोठी, सिमरा रेस्ट हाउस चौक, हुडहुड्डु, कॉलेज मोड़, नीलांबर-पीतांबर चौक, झिंझरियापुल, देवांगना चौक, कोर्रा चौक, लाखे चौक, ओरिया चौक, सखिया चौक, चानो बगीचा होते चानो पुल के समक्ष समाप्त हुआ. बाइक रैली में साथ चल रहे लोग भाजपा, पीएम मोदी और मनीष जायसवाल का तस्वीर युक्त टी-शर्ट पहने हुए भाजपा और एनडीए गठबंधन में शामिल दलों का झंडा लहराते हुए चल रहे थे. खुली जीप पर सवार मनीष जायसवाल हाथ जोड़कर और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे. साथ ही विक्ट्री निशान दिखाकर इवीएम के दो नंबर बटन दबाकर कमल खिलाने का अपील भी कर रहे थे. रैली के दौरान हजारीबाग के लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों से निकलकर माला पहनकर और अंग-वस्त्र भेंट कर मनीष जायसवाल का स्वागत किया.

## मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है

संवाददाता। हजारीबाग



हजारीबाग के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का क्षेत्रवासियों के नाम एक अपील वीडियो आया है. जिसमें यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि नमस्कार मां छिन्नमस्तिका और मां भद्रकाली की कृपा भूमि हजारीबाग की राष्ट्रवादी जनता को सादर अभिनंदन.

आजादी के अमृत कल का यह पहला चुनाव है. अब तक चार चरणों का मतदान संपन्न हो चुके हैं. अब 20 मई को आपकी बारी है. चुनाव कार्यक्रम की व्यस्तता के कारण मैं प्रत्यक्ष रूप से आपके पास नहीं आ सका. इसलिए मुझे वीडियो मैसेज के माध्यम से आपसे संवाद करना पड़ रहा है. हजारीबाग की भूमि सदैव से राष्ट्रवाद की धरती रही है. आप लोगों ने तो हमेशा ही राष्ट्र प्रथम को वरीयता दी है. आज इस चुनाव में देश ऐसी स्थिति में खड़ा है, जहां एक ओर तुष्टिकरण की साजिश करने वाला परिवारवादी इंडी गठबंधन है तो दूसरी ओर सुशासन और विकास का मोदी जी का मॉडल है. जहां एक ओर राम भक्त और राष्ट्रभक्त हैं तो दूसरी तरफ रामद्रोही और राष्ट्रीय विरोधी ताकतें खड़ी हैं. इस बार के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है. इस संकल्प की सिद्धि में हजारीबाग की जनता का सहयोग आवश्यक है. हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी ने मनीष जायसवाल को अपना उम्मीदवार बनाया है.

मनीष जायसवाल को आपने पहले भी चुना है. वे हजारीबाग सदर के दो बार के माननीय विधायक हैं. उनकी ईमानदारी, सेवाभाव व कर्मठता से आप लोग स्वपरिचित हैं. योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि सभी से अपील है कि 20 मई को अपने मतदान केंद्रों में जाकर इवीएम के क्रम संख्या दो पर अंकित कमल के निशान पर मतदान कर हजारीबाग से मनीष जायसवाल को विजयी बनाएं.

### सेल समिति अध्यक्ष के आवास पर फायरिंग

**रामगढ़।** भुरकुंडा क्षेत्र के सौदा बस्ती सरया टोला में बीती रात लोकल सेल संचालन समिति के अध्यक्ष नीतीश कुमार पर जानलेवा हमला किया गया. घर के बाहर अपराधियों ने ताबड़तोड़ छः सात फायरिंग किया. सेल संचालन अध्यक्ष नीतीश का कहना है कि किसी काम से रांची गए हुए थे. वहीं रात में रांची से लौटने के बाद घर में खाना खाकर आराम कर रहे थे कि तभी अपराधियों ने फायरिंग की. फायरिंग हमारे घर के अंदर भी किया गया. इस घटना के बाद घर में दहशत का माहौल है. मौके पर पहुंचकर भुरकुंडा पुलिस ने चार खोखा बरामद किया. पुलिस छानबीन में जुटी है. घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में दो अपराधी भागते हुए देखा जा रहा है. पुलिस दोनों फरार अपराधियों के शिनाख्त में जुटी हुई है.

## मुन्ना सिंह ने जेपी पटेल के समर्थन में किया रोड शो



संवाददाता। हजारीबाग

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह हजारों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ जयप्रकाश भाई पटेल के समर्थन में एक भव्य रोड शो में शामिल हुए. इस अवसर पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, हिंदू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, हजारीबाग के लोकसभा प्रभारी अशोक चौधरी, रजी अहमद, अजय सिंह हजारीबाग प्रभारी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, नगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत और सचिव मनिशा टोप्पो उपस्थित थे. रोड शो मुन्ना सिंह के आवास चानो स्थित ओवर ब्रिज के पास से शुरू हुआ. रोड शो जयप्रकाश भाई पटेल के आवास होते कांग्रेस कार्यालय तक गया. इस दौरान मुन्ना सिंह ने कहा कि यह जनसैलाब दर्शा रहा है कि जयप्रकाश भाई पटेल भारी मतों से जीत रहे हैं.

## शाकद्विपीय ब्राह्मण महासंघ भाजपा को देगी समर्थन



संवाददाता। हजारीबाग

सार्वभौम शाकद्विपीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक हजारीबाग खजांची तालाब के बगल में शंकर चंद्र पाठक के आवास पर हुई. बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष प्रदीप पाठक के द्वारा की गई. बैठक में उपस्थित लोगों ने अपनी बात रखी. बैठक में ऑनलाइन फोन के द्वारा भी लोगों ने अपनी बात रखी. राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्रहित में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है. जिसके लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा. प्रांतीय अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि झारखंड में बीजेपी को जिताना है. हजारीबाग से समाज के लोग मनीष जायसवाल को विधायक बनकर संसद में भेजें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें.

### भाजपा की प्रचंड जीत होगी: कुश श्रीवास्तव

**रामगढ़।** भाजपा ने बाइक रैली निकाली. हजारीबाग लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन मे युवा भाजपा नेता कुश श्रीवास्तव के नेतृत्व में घुटवा दो नंबर गेट से सैकड़ों बाइक जुलूस के रूप निकाली गई. जो दुर्गी बस्ती, सीसीएल कॉलोनी, सिआइसी बस्ती, बरकाकाना, बंजारी मंदिर होते हुए पटेल चौक पर जाकर समाप्त हुई. इस बाइक जुलूस में प्रभारी के रूप में छोटन सिंह शामिल थे. सड़क पर भाजपा कार्यकर्ता नरेंद्र मोदी ज़िंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, मनीष जायसवाल जिंदाबाद का नारा लगाते चल रहे थे. इस जुलूस में शामिल युवाओं का उत्साह जीत के प्रति आश्वस्त कर रहा था. जुलूस का नेतृत्व कर रहे भाजपा युवा नेता कुश श्रीवास्तव ने कहा कि हर जगह से जनता का समर्थन मिल रहा है.

# सारे चोर एकजुट हो गए हैं : अन्नपूर्णा

संवाददाता। कोडरमा

नवलशाही से झुमरीतिलैया के झंडा चौक तक भाजपा ने रोड शो किया. वहीं झुमरीतिलैया के झंडा चौक पर आयोजित सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनूप जोशी तथा संचालन शिवेंद्र नारायण सिन्हा ने किया. सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जिस तरह सवेरा होने से ठीक पहले के पहर में अंधेरा गहरा हो जाता है उसी तरह लूटेरे और झूठे ठगबंधन का मिथ्या प्रचार गहरा हो गया है.

लेकिन 4 जून को देश में एक नई आभा फैलेगी. जब जन जन के नेता नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में अपनी तीसरी पारी शुरू करेंगे और विकसित भारत का सूर्योदय होगा. कहा कि झूठ की खेती करनेवालों ने शिशुपाल की तरह पूरे चुनाव प्रचार के दौरान लगातार छल, कपट और अमर्यादित आरोपों का सहारा लिया. लेकिन भगवान कृष्ण की तरह हमारे परिवारजनों ने, कोडरमा के जनता जनार्दन ने बर्दाश्त किया. अब घमंडिया ठगबंधन ने कुटिल बयानबाजी का शतक पूरा कर लिया है. अब 20 मई को कोडरमा के हमारे परिवारजन कृष्ण की भांति शिशुपाल बने घमंडिया गठबंधन के सर्वनाश की पटकथा लिख देंगे. 4 जून को जो नई सुबह होगी उसमें इन ठगों का नामोनिशान भी नहीं होगा. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मूलभूत सुविधाएं देकर गरीबों को सम्मानजनक जीवन दिया तो देश की सांस्कृतिक विरासतों को पुनर्जीवन देकर भारतीयता के सम्मान की रक्षा भी की. अर्थव्यवस्था को गति और दिशा दी तो सामरिक मोर्चे पर भारत को अजेय भी बनाया. वैश्विक स्तर पर भारत को सिरमौर बनाया तो घरेलू मोर्चे पर भी आत्मनिर्भरता और देशी स्वाभिमान को प्रोत्साहन दिया. खुद ईमानदारी से जनता जनार्दन की सेवा की तो देश के संसाधनों और जनता की गाढ़ी कमाई लूटनेवालों पर शिकंजा भी कसा. अब जबकि चोरों को मिली लूट की छूट बंद हो गई और लूटा हुआ माल हलक में हाथ डालकर निकाला जाने लगा तो सारे चोर एकजुट हो गए हैं.

लेकिन जनता जागरूक है और चोरों को अंजाम तक पहुंचनेवाले चौकीदार की चौकीदारी बरकरार रखने को प्रतिबद्ध है. डॉ नीरा यादव जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्यों को घर-घर पर पहुंचने का जो काम किया है उसको देखते हुए हमारे प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाकर लोकसभा भेजने का कार्य करें.



**रोड शो**

- मोदी सरकार ने गरीबों को सम्मानजनक जीवन दिया
- मोदी ने सामरिक मोर्चे पर भारत को अजेय भी बनाया

**मुकाबला** कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाकर भारतीय जनता पार्टी को घेर रही है

# पटेल को पिता तो मनीष को मोदी के नाम पर वोट की उम्मीद

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

देश भर में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी है. हज़ारीबाग़ लोकसभा की सीट पर पाचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है. यहां मनीष जायसवाल (भाजपा ) बनाम जय प्रकाश भाई पटेल (कांग्रेस) के बीच सीधा मुक़ाबला है. एक तरफ भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल को पार्टी की मजबूती, सदर विधायक के रूप में जनहित में किये गए उनके कार्य और प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर वोट मिलने की उम्मीद है.

दूसरी तरफ कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल को जाति की वोट, उनके पिता टेकलाल महतो का नाम और यशवंत सिन्हा के साथ पर लाभ मिलने की उम्मीद है. साथ ही हज़ारीबाग़ लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी विधायकों से भी मदद मिलने की उम्मीद है. कांग्रेस यहां और अन्य क्षेत्र में मतदाताओं को साथ जोड़ने के प्रयास में हैं. जबकि भाजपा अपने 10 साल के कार्यों व उपलब्धियां के आधार पर मोदी की गारंटी के साथ मतदाताओं का समर्थन मांग रही है. इस पर हज़ारीबाग़ के राजनीतिक मामलों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ समाजसेवी शंकर सिन्हा ने बताया कि दोनों उम्मीदवार राजनीतिक तौर पर परिपक्व हैं. दोनों ही जीत के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे. जहां कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रही है, वहीं भाजपा मोदी की गारंटियों पर जोर दे रही है. लेकिन देखना होगा कि लोग किस पर भरोसा करते हैं.



**पटेल मनीष**

- हज़ारीबाग़ लोकसभा सीट पर 20 मई को होगा मतदान
- दोनों उम्मीदवार राजनीतिक तौर पर पूरी तरह परिपक्व हैं

### जेपी पहले झामुमो में थे, फिर भाजपा में गए

वहीं चुनावी पड़ताल के दौरान ये बात निकल के सामने आ रही हैं कि भाजपा और मोदी के नाम पर विधायक के रूप में मांडू विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जय प्रकाश भाई पटेल अपने क्षेत्र के मतदाताओं से मुख मोड़ लिए. लोगों ने कई जगह ये भी कहा कि जेपी पहले झामुमो में थे, फिर भाजपा में गए, फिर कांग्रेस ज्वाइन कर लिए. रातों रात इनकी नीतियां और सिद्धांत बदल जाती हैं. क्या गारंटी है की इनका मन फिर ना बदल जाए. इस बात को लेकर ना सिर्फ ग्रामीणों में बल्कि कार्यकर्ताओं में भी रोष है.

### जायसवाल को सबसे बड़ी चुनौती यशवंत सिन्हा से

मनीष जायसवाल जायसवाल की सबसे बड़ी चुनौती भाजपा काल में पूर्व वित्त मंत्री व विदेश मंत्री रहे यशवंत सिन्हा हैं. मोदी जब प्रधानमंत्री बने थे उस वक़्त उन्होंने भाजपा से किनारा कर लिया था. हालांकि इस दौरान उनके पुत्र जयंत सिन्हा हज़ारीबाग़ से भाजपा के टिकट पर चुनाव लडे और वित्त राज्य मंत्री का पदभार भी संभाला. यशवंत इस दौरान भी मोदी पर हमलावर रहे. 2024 के लोकसभा चुनाव में जयंत सिन्हा का टिकट भाजपा ने जैसे ही काटा उनका सब्र का बांध टूट पड़ा और वे खुल कर मैदान में आ गए. कहने वाले तो ये भी कहते हैं कि जयप्रकाश तो मुखौटा हैं. चुनाव तो यशवंत सिन्हा ही लड रहे हैं. यशवंत सिन्हा के जितने भी समर्थक थे उनलोगों ने भाजपा के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है जो मनीष के लिए चिंता का विषय है. हालांकि इस दौरान जो अगड़े पिछड़े की राजनीति की कोशिश की गयी वो फ़ुस्स हो गयी. भितरघात की संभावना कम है. क्योंकि जो ऐसा कर सकते थे वो खुद ही बाहर निकल गए हैं. चुनौती मनीष के लिए ये है कि जितने भी विरोधी इनके खिलाफ लामबंद हुए हैं क्या उनका कोई जनाधार है या वे सिर्फ हवा हवाई नेता हैं. अगर मनीष हारे तो इन नेताओं की पोर्टफोलियो में वृद्धि होगी.

## प्रख्यात शिक्षाविद् प्रोफेसर एम रज्जीउद्दीन का निधन

संवाददाता। हजारीबाग



विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रख्यात शिक्षाविद प्रोफेसर एम रज्जीउद्दीन का शनिवार को सुबह भागलपुर के नाथनगर स्थित आवास पर निधन हो गया. पिछले एक वर्ष से वह बीमार चल रहे थे. उनका इलाज दिल्ली स्थित एम्स तथा हैदराबाद के अस्पताल में चल रहा था. वह आठ मई को हैदराबाद में इलाज कराकर गांव लौटे थे. उपरोक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ बीरेंद्र गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त किया. उन्होंने बताया कि प्रोफेसर रज्जीउद्दीन के पार्थिव शरीर को 19 मई को नाथनगर, भागलपुर के कब्रिस्तान में दफनाया जाएगा. उन्होंने जानकारी दी की विभाग में शोक सभा का आयोजन 21 मई को किया जाएगा. प्रोफेसर रज्जीउद्दीन ने 1977 में जंतु विज्ञान के प्राध्यापक के रूप में संत कोलंबा महाविद्यालय में अपना योगदान दिया था. शोध की दुनिया में चर्चित शोध पत्रिका 'कोलंबस जर्नल ऑफ़ लाइफ साइंसेज' के वे संस्थापक संपादक थे. 1995 में वे विनोबा भावे विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष के रूप में स्थानांतरित हुए. विभावि में पढ़ाने के साथ-साथ उन्होंने सीसीडीसी, छात्रकल्याण संकायअध्यक्ष, वित्त पदाधिकारी एवं प्रभारी कुलसचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी. वे दिसंबर 2015 में सेवानिवृत हुए थे. शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए उनको, प्रोफेसर ऑफ एमेरिटस, घोषित किया गया था.

## ब्रीफ खबरें

### गोड्डा में तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**गोड्डा ।** क्रिकेट खेलने के क्रम में बॉल तालाब में चली गई. पानी से बॉल निकालने के क्रम में स्कूली बच्चों की मौत हो गई. घटना नगर थाना अंतर्गत गंगटा मोहल्ला की है. स्कूल बंद हो जाने के बाद सात वर्षीय बालक श्रेयांश अपने साथियों के साथ तालाब के बगल स्थित फील्ड में क्रिकेट खेल रहा था. इसी क्रम में शॉट मारे जाने के बाद बॉल तालाब में जा गिरा. बॉल पकड़ने के लिए पीछे पीछे दौड़ रहे श्रेयांश भी बॉल के पीछे दौड़ते हुए तालाब में उतर गया. उसे पानी की गहराई का अंदाजा नहीं था और इसी क्रम में बच्चा गहरे पानी में फंस गया और निकल नहीं पाया. बच्चे की मौत हो गई.

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने किया क्षेत्र का दौरा

**धनवार (गिरिडीह) ।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में प्रदेश अध्यक्ष ने धनवार प्रखंड के कई गांव का दौरा किया. दौरे के क्रम में उन्होंने औरखार, बरामो, गादी, तथा धनवार का दौरा करके गठबंधन प्रत्याशी विनोद सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की. प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह, उपेंद्र सिंह, अधिवक्ता मंटू सिंह, धनवार प्रमुख गौतम सिंह, धनवार के प्रखंड अध्यक्ष निरंजन तिवारी, दिवाकर सिंह,राहुल सिंह, संजय सिंह, चीतों पासवान, सहदेव पासवान आदि उपस्थित थे.

### शराब की 60 बोतलें बरामद, एक गिरफ्तार

**गोड्डा।** देवदाढ़ पुलिस ने कारवाई करते हुए अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप को बरामद की है. पुलिस को मिले गुप्त सूचना के बाद देवदाढ़ पुलिसने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और इसके पास से अवैध अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद कर ली. इस मामले में गिरफ्तार किए गए प्रदीप दास (ग्राम डमरू थाना, सुंदरपहाड़ी) ने बताया कि शराब का कारोबार करने के लिए शराब मगाई थी. गिरफ्तार युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है.

### बीमा दावे पर मिले दो-दो लाख रुपये

**मुआ (गिरिडीह) ।** भारतीय स्टेट बैंक के जमुआ शाखा में क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा के द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के दावा के तहत दो दो लाख रुपए का चेक अर्जुन महतो तथा गुलाम रसूल को दिया गया . इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 436 रुपए की राशि में दो लाख रुपए का जीवन बीमा किया जाता है. इस बीमा का लाभ 18 वर्ष से लेकर 50 वर्ष के लोग ले सकते हैं. इस बीमा के तहत किसी भी प्रकार से मृत्यु पर दो लाख का बीमा का प्रावधान है.

### खाना बनाने के दौरान आग लगी, सामान जले

**साहिबगंज।** शनिवार को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हबीबपुर मोहल्ले में मोहम्मद मंसूर अंसारी के मकान में किराए पर रह रहे सत्य प्रकाश के घर में खाना बनाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई. देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया. घर के लोग आनन फानन में किसी तरह बाहर निकले. अगलगी से आसपास में अफरा तफरी का माहौल हो गया. मोहल्ले वालों ने पानी व बालू डालकर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया.

**पेयजल समस्या :** बोकारो जिले के चास प्रखंड के करहरिया पंचायत के कटका गांव का मामला

# वोट बहिष्कार की घोषणा के बाद दुरुस्त करायी जलमीनार

**संवाददाता । बोकारो**

बोकारो जिले के चास प्रखंड के करहरिया पंचायत के कटका गांव में स्थापित जलमीनार कई महीने से खराब थी. जिससे ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की घोर किल्लत हो गयी थी. इसको लेकर ग्रामीणों ने कुछ दिनों पूर्व वोट बहिष्कार की घोषणा की थी. ग्रामीणों का कहना था कि जब तक प्रशासन सोलर जलमीनार दुरुस्त नहीं करवाता है, तब तक इस टोले का कोई भी वोट देने नहीं जाएगा. ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार करने का मामला प्रकाश में आने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने मामले में संज्ञान लेते हुए चास प्रखंड विकास पदाधिकारी को त्वरित समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया.



जिस पर चाड बीडीओ प्रदीप कुमार ने शनिवार को स्वयं गांव पहुंच ग्रामीणों से जलमीनार की समस्या की जानकारी ली और मरम्मत को लेकर टीम बुलाकर सभी जलमीनारों को दुरूस्त करवाया. इस दौरान ग्रामीणों ने जिला प्रशासन द्वारा मामले पर त्वरित संज्ञान लेने को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की.

**खास बातें**

- कुछ दिनों पूर्व वोट बहिष्कार की घोषणा की थी
- बीडीओ पहुंचे गांव और समस्याओं से अवगत हुए

ग्रामीणों ने कहा कि प्रशसान ने उनकी समस्या को दूर किया है, अब सभी अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, वोट करेंगे. वहीं, चास बीडीओ ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर आगामी मतदान दिवस 25 मई को स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कहीं.

## कल्पना ने रोड शो कर समर्थन मांगा



**संवाददाता । बेंगाबाद (गिरिडीह)**

गांडेय विस उपचुनाव में इंडिया गठबंधन (झामुमो) प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रोड शो कर जनता से समर्थन की अपील की. कल्पना सोरेन के रोड शो में राज्यसभा सांसद डॉक्टर सरफराज अहमद, विधायक सुदीव्य कुमार सोनू समेत गठबंधन दल के अन्य नेता और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए. कल्पना सोरेन ने रोड शो कर पूरे क्षेत्र का दौरा किया. इस क्रम में बेंगाबाद प्रखंड के सोनबाद से आरंभ हुआ रोड शो बेंगाबाद मुख्य बाजार से छोटकी खरगडीहा होते हुए पारडीह मोड़ तक पहुंचा. यहां से वापस बेंगाबाद होते हुए चपुआडीह, झलकड़ीहा, डाकबंगला चौक होते हुए गांडेय के लिए निकल गया. रोड शो के दौरान जगह जगह काफी संख्या में महिला पुरुषों ने कल्पना सोरेन का स्वागत किया. इस दौरान कल्पना ने हाथ हिलाकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया और जनता से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की.

शव लेकर भागने के फिराक में थे माइका तस्कर

# गिरिडीह में चाल धंसने से दो महिलाओं की मौत

**संवाददाता । गिरिडीह**

जिले के गावां थाना क्षेत्र के परसौनी में शुक्रवार को माइका (अभ्रख) के अवैध खनन के दौरान चाल धंस गयी. इस हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गयी. वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी. परिजनों ने बताया कि तीनों ननद भाभी थी.

**दोनों मृत महिला के तीन- तीन बच्चे है**

दोनों मृतक महिला के तीनतीन बच्चे है. उनकी पहचान बिहार के गोविंदपुर थाना क्षेत्र की फुलवा देवी (30 वर्ष) और गावां थाना क्षेत्र के बिरने निवासी टुनी देवी के रूप में हुई है. वहीं घायल महिला की पहचान परसौनी निवासी गीता देवी के रूप में की गयी है. जानकारी के अनुसार, फुलवा देवी के पति संजय रविदास उसे अपने घर से भगा दिया था. जिसके बाद से वे मायके में ही रहती थी.



### बाइक से शव लेकर भाग रहे थे तस्कर

घटना के बाद माइका तस्करों ने मामले को दबाने का प्रयास किया. माइका तस्कर शुक्रवार की देर रात बाइक से दोनों मृतक महिलाओं के शव को लेकर भाग रहे थे. तभी पुलिस गश्ती वाहन वहां से पार हुई. जिसको देखकर सभी लोग इधर-उधर भागने लगे. पुलिस को शक हुआ तो उन्होंने बाइक सवार युवकों का पीछा किया. पुलिस गाड़ी को देखकर तस्कर बाइक और दोनों शव को वहीं छोड़कर भाग गये. पुलिस ने दोनों महिलाओं के शव और बाइक को बिरने गांव के पास से जब्त कर लिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है.

### 14 मई को भी हुई थी बच्चे की मौत

मालूम हो कि 14 मई को भी तराई में चाल धंसने से एक बच्चे की मौत हो गयी थी. खदान संचालक ने उस मामले को भी रफा-दफा करते हुए शव को ठिकाना लगा दिया था. बाद में पुलिस वहां पहुंची थी. लेकिन शव बरामद नहीं कर पायी. बता दें कि माइका तस्कर वन भूमि में वन विभाग और पुलिस की नाक के नीचे अवैध खनन कर रहे हैं. जंगली क्षेत्रों में लगातार माइका के खनन से इस तरह की घटनाएं अक्सर घटती रहती है. लेकिन जब लोगों से इस बारे में पूछा जाता है तो वे या तो माइका तस्कर के डर से या फिर लालच में आकर चुप्पी साध लेते हैं.

- तस्कर वन भूमि में वन विभाग और पुलिस की नाक के नीचे अवैध खनन कर रहे हैं

# भाजपा को गढ़ बचाने की चुनौती कांग्रेस की किला फतह की मंशा

**खास बातें**

- गोड्डा सीट के लिए चुनाव मैदान में 19 प्रत्याशी
- नामांकन प्रक्रिया पूरी, एक जून को होगा मतदान


**संवाददाता । गोड्डा**

गोड्डा लोकसभा के लिए कुल 19 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है. झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में संताल की दो सीटें गोड्डा और दुमका की गिनती वीआइपी सीट में है. दुमका सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में गुरुजी शिबू सोरेन की बड़ी बहू सह सूबे के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की भाभी मैदान में है तो गोड्डा सीट से भाजपा के तेज तर्रार सांसद निशिकांत दुबे और इनके सामने परस्पर विरोधी रहे कांग्रेस के प्रदीप यादव है. यहां एक जून को होने वाले मतदान के लिए नामांकन का कार्य पूरा हो चुका है.

मुख्य मुकाबला एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे और इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस के प्रदीप यादव के बीच ही है. गोड्डा सीट पर कांग्रेस में उम्मीदवार को लेकर घमासान चला था. कांग्रेस ने पहले विधायक दीपिका पांडेय सिंह को उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन बाद में यहां प्रदीप यादव और फुरकान अंसारी के समर्थकों ने सड़क पर उतरकर प्रदेश प्रभारी से लेकर राष्ट्रीय प्रभारी तक का जमकर विरोध किया और पुतला जलाया. पार्टी की गुटबाजी और विरोध को देखते हुए आलाकमान को पूर्व घोषित उम्मीदवार को बदलना पड़ा और फिर प्रदीप यादव मैदान में उतारे गए. हालांकि इससे पार्टी का असंतोष थमने के बजाय अंदरूनी विवाद बढ़ता ही चला गया.

**दो दिग्गज आमने सामने**





### तीन टर्म से चुनाव जीत रहे भाजपा प्रत्याशी निशिकांत बड़बोले बयान देकर कई बार फंसे

तीन टर्म से चुनाव जीत रहे भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के सामने अपने गढ़ को बचाने की कड़ी चुनौती मिल रही है. राजनीतिक सरगर्मी को बनाए रखने की कोशिश में अपने बड़बोले बयान देकर ये खुद ही फंस जाते हैं. सामने वाले को कमजोर प्रत्याशी कहकर चुनाव प्रचार नहीं करने की बात करने वाले भाजपा प्रत्याशी पूरे परिवार को लेकर गांव गांव छान मार रहे हैं. पीएम खुद कहते हैं चुनाव कोई भी मैं पूरी गंभीरता से लेता हूं. इधर उनके नुमाइंदे चुनाव को हल्के में लेने की बात कहते हैं. जबकि इस बार का चुनाव पिछले चुनाव से थोड़ा अलग हटकर है.

नतीजा यह हुआ कि दीपिका पाण्डेय और फुरकान अंसारी के समर्थकों ने चुनाव प्रचार प्रसार से अपने को अलग थलग कर लिया. सतही तौर पर यह असंतोष भले ही न दिखे मगर अंदरूनी कलह तो कायम है. जिसका असर निश्चित तौर पर चुनाव परिणाम पर पड़ेगा. जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी जो अपने पिता फुरकान अंसारी के टिकट के लिए प्रयारत थे. उनकी नाराजगी भी समय समय पर सार्वजनिक होती रही है. यहां तक कि प्रदीप यादव के नामांकन में भी इन दोनो पिता पुत्रो की अनुपस्थिति बहुत कुछ संदेश दे रही थी. इसकी भरपाई के लिए फुरकान की पुत्री आई थी, जो महज एक औपचारिकता ही थी. राजनीतिक गलियारे में इसकी भी खूब चर्चा रही. गोड्डा लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक वर्ग संख्या के हिसाब से सबसे बड़ा वोटर है. अल्पसंख्यक समाज के तरफ से किसी को टिकट नहीं दिए जाने से नाराजगी तो सामने आई मगर उनके सामने वोट देने का कोई दूसरा विकल्प नहीं होने से वोट का नुकसान बहुत ज्यादा होने की संभावना नही है.

# माइका लदा वाहन जब्त, चालक फरार

**तिसरी (गिरिडीह) ।**

तिसरी वन विभाग की टीम ने शनिवार अहले सुबह छापेमारी कर गुमगी मुख्य सड़क से अवैध माइका लोड पिकअप वाहन को जब्त किया है. हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन चालक भागने में सफल रहा.

बताया गया कि वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार को अवैध माइका परिवहन की सूचना मिली थी. जिसके बाद रेंजर के निर्देश पर टीम का गठन कर अहले सुबह छापेमारी की गई. इस दौरान गुमगी पुल के समीप से अवैध माइका लोड सफेद रंग की पिकअप को जब्त की गई. बाद में वनकर्मियों ने जब्त वाहन को तिसरी बिट कार्यालय लाया. बताया गया कि तस्करों द्वारा तिसरी के बरईपाट जंगल से अवैध माइका का उत्खनन करवाकर गांवा के रास्ते कोडरमा के झुमरीतिलैया ले जाया जा रहा था.

**बरईपाट जंगल से अवैध माइका का उत्खनन करवाकर गांवा के रास्ते कोडरमा के झुमरीतिलैया ले जाया जा रहा था**

इस धंधे में झुमरीतिलैया के किसी व्यक्ति की संलिप्तता बताई जा रही है. फ़िलहाल वन विभाग मामले की जांच कर इसमें संलिप्त लोगों को चिह्नित करने में जुटी है. छापेमारी टीम में वनपाल अमर विश्वकर्मा, पवन विश्वकर्मा,रविश कुमार, मुकेश दास और दिनेश दास शामिल थे.

### बाइक सवार से मिले दो लाख अस्सी हजार रुपए

**गोड्डा।** वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार के पास से रुपया बरामद किया गया. घटना शनिवार की दोपहर मेहरमा थाना अंतर्गत गोविंदपुर चेकपोस्ट की है. लोस चुनाव को लेकर झारखंड बिहार सीमा बैरियर गोविंदपुर चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार दो युवक बाराहाट की ओर से झारखंड की ओर आ रहा था. मोटरसाइकिल की चेकिंग के दौरान बाइक सवार युवक के पास रखे बैग में से दो लाख अस्सी हजार रुपया बरामद किया गया.

## 24,000 केजी जावा महुआ और 535 लीटर शराब जब्त

**संवाददाता । बोकारो**

बोकारो जिला उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन एवं उत्पाद निरीक्षक के पर्यवेक्षण में शनिवार को जिला उत्पाद टीम ने पेटरवार थाना अंतर्गत अंगवाली ग्राम के राजाबांध टोला के खांजो नदी किनारे संचालित अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की.

मौके से उत्पाद टीम ने 24,000 केजी जावा महुआ शराब एवं 535 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया. वहीं, अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट कर दिया गया. छापेमारी के क्रम में टुपलाल साव, राजेश नायक, राहुल नायक, विजेंद्र नायक, चेतलाल नायक, अरुण नायक, सुरेश नायक, सूरज नायक, बालगोविंद साव, पवन नायक एवं अन्य संदिग्ध अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया. छापेमारी दल में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, सदर अवर निरीक्षक कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल शामिल थे.



## लोकसभा चुनाव : मतदान, ईवीएम सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से दी गई जानकारी

**संवाददाता । साहिबगंज**

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रतिनियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण सिद्धो-कान्हू सभागार में दिया गया. प्रशिक्षण में उन्हें मतदान, ईवीएम सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई. माइक्रो ऑब्जर्वर के प्रशिक्षण का जायजा लेने सामान्य प्रेक्षक सौरभ पहाड़ी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती शामिल हुए.प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने में माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है.



**सम्पूर्ण प्रक्रिया को सक्रियता से ऑब्जर्व करेंगे :** प्रशिक्षण के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए बताया गया कि मतदान के एक दिन पूर्व माइक्रो ऑब्जर्वर को समय पर डिस्पैच सेंटर पहुंचने, पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय बनाकर चलने, बूथ में आवश्यक तैयारियों की स्थिति देखने, मतदान की समाप्ति उपरांत रिसीविंग सेंटर तक के कार्य, मॉक पोल का निरीक्षण, मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति, अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर आदि का निरीक्षण करना सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई. माइक्रो आब्जर्वर मतदान केन्द्र पर मतदान से सम्बंधित सम्पूर्ण प्रक्रिया को सक्रियता से ऑब्जर्व करेंगे. चुनाव आयोग के निर्देशों का अध्ययन कर प्रशिक्षण के दौरान ही अपनी शंकाओं का समाधान करने के निर्देश दिए.इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा एवं प्रशिक्षक के रूप में शुभाशीष, उज्जवल कुमार बनर्जी, आशीष कुमार, प्रभात कुमार सिंह, मनोहर शर्मा मौजूद रहे.

## आईटीआई मोड़ चास बाजार समिति में होगी मतगणना

**संवाददाता । बोकारो**

बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में निर्वाची पदाधिकारी (आरओ) सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव ने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों एवं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के प्रत्य ाशिय ों/ उ न के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. उन्होंने इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग एवं मंत्रिमंडल निर्वाचन झारखंड से प्राप्त दिशा निर्देशों से अवगत करवाया. मौके पर निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की मतगणना आगामी चार जून को होगी. मतगणना स्थल आइटीआइ मोड़ चास बाजार समिति है. मतदान समाप्ति के बाद वज्रगृह में ईवीएम मशीनों को राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों, प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रखा एवं बंद किया जाएगा. पूरे केंद्र परिसर में केंद्रीय शस्त्रबल पुलिसबल (सीएपीएफ) के जवान तैनात रहेंगे. मतगणना के लिए वज्रगृह को राजनीतिक पार्टी प्रतिनिधियों व प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में ही खोला जाएगा. अगर कोई प्रत्याशी या उम्मीद्वार का अभिकर्ता वज्रगृह के समक्ष निगरानी के लिए रहना चाहता है, तो उसके लिए भी पंडाल की व्यवस्था रहेगी.



**मीडिया से बातचीत** छापेमारी में बालू, पत्थर, कोयला, जमीन, टेंडर से लूटे हुए पैसे बरामद हो रहे हैं

# राज्य में लूट और भ्रष्टाचार का आलम : बाबूलाल

**तिसरी (गिरिडीह ) ।**

ईडी की छापेमारी में मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से बरामद हुए पैसों को पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने लूट और भ्रष्टाचार की उपज बताया है. बाबूलाल तिसरी के कोदाईबांक स्थित स्टेडियम में मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान यह बात कही है.

बाबूलाल ने कहा कि राज्य में जब से झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार बनी है. तब से ही राज्य में लूट और भ्रष्टाचार प्रारम्भ हुआ है. इस सरकार में कोयला, बालू, पत्थर और जमीन की जमकर लूट हुई, साथ ही भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया कि सरकारी दफ्तरों में भी बगैर चढ़ावे के कोई कार्य नहीं होता. उन्होंने कहा कि ईडी की छापेमारी में बालू, पत्थर, कोयला, जमीन, मनरेगा, टेंडर आदि से लुटे गए पैसे बरामद हो रहें हैं.



### पहले पूजा सिंघल के यहां छापेमारी हुई

बाबूलाल ने कहा कि पहले पूजा सिंघल के यहां छापेमारी हुई तो 20 करोड़ रुपयों से अधिक के नोटों का पहाड़ मिला. अब मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के नौकर के यहां से 35 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं. यह इस बात का प्रमाण है कि यह पैसे भ्रष्टाचार की उपज है. वहीं भ्रष्टाचार के शिष्टाचार बनने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार कभी शिष्टाचार नहीं हो सकता लेकिन आम जनता के पास कोई उपाय नहीं होता. कार्य नहीं होने पर उन्हें लाचारी में पैसे देने पड़ते हैं और अब वही पैसे बरामद हो रहे हैं. बाबूलाल मरांडी पिछले दो दिनों से अपने गृह प्रखंड में ही थे. शनिवार को हेलीकॉप्टर के द्वारा चुनावी दौरे पर जाने से पूर्व उन्होंने आस - पास के दर्जनों युवाओं, महिलाओं व बच्चों से बातचीत की. जिसके बाद मरांडी उड़नखटोले से दुमका के शिकारीपाड़ा के लिए निकल गए.

- हेलीकॉप्टर के द्वारा चुनावी दौरे पर जाने से पूर्व उन्होंने आस - पास के दर्जनों युवाओं, महिलाओं व बच्चों से बातचीत की.

## बकाया बिजली बिल वसूली का लक्ष्य 31 तक पूरा करें : एसई

**संवाददाता । साहिबगंज**

साहेबगंज बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) नत्थन रजक ने शनिवार को विद्युत सर्किल कार्यालय में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में विभाग के साहिबगंज व पाकुड़ जिले के सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता व कनीय अभियंता मौजूद थे. एसई ने उन्हें राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश देते हुए 31 मई तक लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया. कहा कि तय समय तक उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल की वसूली हर हाल में करें. उन्होंने आरडीएसएस स्कीम के तहत हो रहे कामों के बारे में जानकारी ली. कहा कि जून से इसके तहत होने वाले कामों की शुरुआत की जाएगी. गांव-मोहल्ले में बिजली के जर्जर पोल व तार बदले जाएंगे. बैठक में तकनीकी कार्यपालक अभियंता रामगोपाल राम, सीएनआर कार्यपालक अभियंता सत्यनारायण पात्र, विद्युत स्टोर के कुणाल कुमार, राज कुमार, एमआरटी के नीतीश कुमार सिन्हा समेत सभी कनीय व सहायक अभियंता मौजूद थे.



### बरहेट कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए बाबूलाल

**साहिबगंज।** बरहेट प्रखंड में शनिवार को नवगछिया फुटबॉल मैदान में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगमन भोगनाडीह के अस्थाई हेलीपैड पर हुआ. सर्वप्रथम बाबूलाल मरांडी ने सिद्धु, कान्हो, चांद, भैरव, फूलों, झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया. फिर सड़क मार्ग से नवगछिया स्थित सभा स्थल पहुंचे. उनका स्वागत महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह विधानसभा संयोजिका रेणुका मुर्मू ने अंग वस्त्र और बुके देकर किया. वहीं सभा मंच पर उपस्थित सभी मुख्य अतिथियों को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया.

# बचपन हर गम से बेगाना होता है!




कविता कलम
डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

**बचपन** से ही यह कविता पढ़ता रहा हूं- बार-बार आती है मुझको मधुर याद बचपन तेरी, गया ले गया तू जीवन की सबसे मस्त खुशी मेरी. चिंता-रहित खेलना-खाना वह फिरना निर्भय स्वच्छंद, कैसे भूला जा सकता है बचपन का अतुलित आनंद. यह रचना हिंदी साहित्य की स्वनामधन्य और मूर्धन्य कवयित्री सुभद्रा कुमारी चौहान ने की है, जिन्होंने बचपन के विभिन्न पहलुओं पर खूब लिखा है. बचपन होता ही है ऐसा प्यारा, ऐसा न्यारा. जो मन में आया किया, जैसे जी चाहा जिया. चाहे पास में हो ज्यादा या हो बहुत कम, न कभी चिंता न कभी गम. कोई परवाह नहीं, बहुत की चाह नहीं. मान हो या अपमान, हर मौके में ढूंढ लिया मस्ती का सामान. यही तो है वह बचपन, जिसकी याद कभी न कभी आ ही जाती है, चाहे मनुष्य उम्र के जिस किसी पड़ाव पर क्यों न पहुंच गया हो. रह जाती है मलाल कि गया बचपन लौट कर फिर वापस नहीं आता. नुशूर वाहिदी के शब्दों में कहा जाये तो बड़ी हसरत से इंसां बचपने को याद करता है, ये फल पक कर दोबारा चाहता है ख़ाम हो जाए. वहीं मशहूर शायर बशीर बद्र कहते हैं-उड़ने दो परिंदों को अभी शोख हवा में, फिर लौट के बचपन के जमाने नहीं आते. बचपन जीवन का सबसे सुनहरा पल होता है. अपने मधुर गीत-संगीत से दशकों तक देश-दुनिया को गुलजार करनेवाले दिग्गज गीतकार रवींद्र जैन ने बचपन को इस रूप में महसूस किया है-बचपन हर गम से बेगाना होता है, जनम का दिन हर दिन से सुहाना होता है. देश दुनिया की विभिन्न भाषाओं के कवियों ने बचपन पर खूब लिखा है और आज भी लिखा जा रहा है. उसी का उदाहरण है दुमका निवासी पत्रकार, साहित्यकार और कवि **डॉ. अमरेंद्र सुमन** की यह कविता, जिसका शीर्षक है- बचपन.



समय नहीं वह गिल्ली-डंडा, जब-तब खेला करते थे.
समय नहीं कंधों पर घैला, मटका फोड़ा करते थे.
समय नहीं दादी की बीड़ी, छुप-छुप पीया करते थे
समय नहीं उन्मुक्त जीवन, मस्ती में जिया करते थे
बाग-बगीचे अपने होते, माली की खूब गाली होती
मास्टर जी के डंडे होते, सहपाठियों की ताली होती
सड़कों पर खूब धमाचौकड़ी, होंठों पे हरियाली होती
कक्षाओं में हम पीछे होते, हालत अपनी माली होती
बच्चों की अपनी आजादी, हम आजाद परिंदे होते थे




बचपन की अपनी ऐय्यारी, हम प्रेम-मुहब्बत बोते थे
बचपन की कुछ खट्टी-मीठी, यादें अबतलक शेष मगर
सबकुछ पीछे पर भूल न पाया, खेल-खेल में द्वेष मगर
फिर से लौट चलें हम बचपन में, आओ ऐसा यत्न करें
लौट चलें उसी उपवन में, सब शिकवे भूल प्रयत्न करें
किसकी जागीर, कौन जमींदार, रहने कब तक आया है
ख़ुश वही जीवन में यारों, जिसने बचपन आजमाया है.

बात तो सही है. जीवन में वही खुश है, जो बचपन को आजमा चुका है, लेकिन ऐसा तो कोई नहीं होगा, जिसने बचपन नहीं जिया हो. बचपन का मिठाइयों से गहरा संबंध होता है, क्योंकि बचपन अपने आप में मिठाइयों से कम मधुर नहीं होता. मिठाइयां तो मिठास की प्रतीक मात्र होती हैं, लेकिन बचपन से जब मिठाइयों का संयोग होता है तो उसकी मिठास कई गुणा बढ़ जाती है. उन्हीं मिठाइयों का एक प्रतिनिधि है जलेबी, जो गोल-गोल होती है, प्यारी होती है, जो स्वाद में न्यारी होती है. नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है. मुझे ऐसा लगता है कि किसी कवयित्री के साथ ऐसा ही हुआ होगा. उनके मानस पटल पर जलेबी आयी होगी, उन्होंने उसका दर्शन-सेवन किया होगा और फिर शब्दों में बांध कर हमारे सामने रसास्वादन के लिए रख दिया होगा. जी हां, वही कवयित्री हैं रांची की **रंजना वर्मा उन्मुक्त**. इनकी रचना का शीर्षक है-जलेबी.

गोल गोल वह दिखती प्यारी.
स्वाद बड़ी उसकी है न्यारी..
कहते रानी वह अलबेली.
होती वह रसभरी जलेबी.
गरम-गरम ही सबको भाये.
कम पैसों में ही वह आये..
संग कचौरी खास्ता खाना.
भोग परम उत्तम तुम पाना..
करे तृप्त मन भरती बेली.
होती वह रसभरी जलेबी...
कहे राष्ट्रीय उसे मिठाई.
सबके मन को वह है भाई.
हाट-बाजार जब सज जाये.
बच्चे-बुज़ुर्ग मिलकर खायें..
भारी सब पर पड़े अकेली.
होती वह रसभरी जलेबी...
कहते हैं यह कभी विदेशी.
पूरी लगती अभी स्वदेशी..
कठिन बड़ा है इसे बनाना .
टेढ़ी उसको सबने माना ..
अपनी है मत कहो फरेबी.
होती वह रस भरी जलेबी..




जलेबी और मिठाइयों से भी अधिक मधुर होता है मां का प्यार. बचपन के साथ मां का बहुत ही घनिष्ठ, स्वाभाविक और अटूट संबंध होता है. मां के बिना कोई जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकता. मशहूर शायर सिराज फैसल खान फरमाते हैं-किताबों से निकल कर तितलियां ग़ज़लें सुनाती हैं, टिफ़िन रखती है मेरी मां तो बस्ता मुस्कुराता है. इसमें कोई संदेह नहीं कि मां संसार में सबसे बड़ी, सबसे महान, सबसे ऊंची होती है. मां के आंचल की छांव में ही स्वर्ग का वास होता है. मां के चरण ही जीवन के सभी प्रकार के सुखों के सार हैं. रांची की कवयित्री **सुनीता अग्रवाल** मां की महिमा का बखान इन शब्दों में किया है-



मां, तू मुझमें ही रहने लगी
कहां भूल पाता है इंसान मां को
नहीं भूलता उनके ख़्यालों को.
आंखों के सामने मां न हो तो क्या
हर पल याद करता मां को.
कहते हैं बच्चे मेरे
मां तेरी आदतें मुझमें आने लगीं.
तुझसा बच्चों का ख़याल अब
मैं भी रखने लगी.
तेरे हाथों से बने पकवानों की ख़ुशबू
मेरे बनाये खाने में आने लगी.
कहते हैं बच्चे मुझसे मां
कि मैं तुझ-सी अब दिखने लगी.
तुम लुटाती जो बेशुमार लाड़-प्यार
सदा हम बच्चों पर.
वो स्नेह की बरसात मां
मैं अब बरसाने लगी॥
देखा करते है तेरी आंखों में ज़ो
बिटिया से मिलने की तड़प.
उस तड़प से मां अब
तेरी बेटी भी तो गुज़रने लगी.
बड़े निर्मम से हैं कुछ
दुनिया के रीति-रिवाज़.
मुमकिन नहीं हरदम मिलना-मिलाना
मन को तसल्ली मैं देने लगी.
ज़्यादा नहीं कुछ सोचती फिर मैं
बस सीधी सी बात है.
तेरा अक्स ही तो हूं मैं मां
मां तू मुझमें ही रहने लगी.

मां की ममता की छाया ही स्वर्ग है. जिस घर में मां का सम्मान नहीं होता, वह घर नरक से भी बदतर है. संसार में मां के समान कोई छाया नहीं है, कोई सहारा नहीं है, कोई रक्षक नहीं है और कोई प्रिय चीज नहीं है. मां के रहते कोई भी बुरी शक्ति संतान को छू नहीं सकती. एक मां ही होती है जो बच्चे की हर गलती को माफ कर गले से लगा लेती है. मां का ऋण ऐसा होता है, जिसे किसी के लिए भी चुकाना असंभव है, वह चाहे कितना भी बड़ा धनवान हो, कितना भी बड़ा विद्वान हो, कितना भी बड़ा बलवान हो. तो मां को कम से कम सम्मान तो मिलना ही चाहिए. तभी तो जीवन में सुख-समृद्धि के दर्शन होंगे. मेरी तो कामना है कि किसी घर-परिवार में किसी मां का अपमान नहीं हो. इन्हीं शब्दों के साथ चाहूंगा आपकी आज्ञा. जय हिंद! जय झारखंड!!

# स्वाद, सुगंधि और भारतीय विरासत



**पश्चिमी** देशों के सैलानियों को सबसे ज्यादा हिंदुस्तान में अगर कुछ भाता है तो वह है स्वाद और सुगंध! वैसे उन्हें अजंता, एलोरा, हिमालय की तराई, उदयपुर, मैसूर, बनारस जैसी जगहें तो भाती हैं, पर जो सबसे अधिक भाती है वह है शुद्ध भारतीय भोजन का स्वाद और सुगंध. बनारस के केसर, पिश्ता वाली लस्सी खुशबू और स्वाद के साथ कहां मिलेगी! हैदराबाद की खास बिरयानी दुनिया भर में मशहूर है. उसे पकाने वाले उस्ताद हर पल पकते बिरयानी की खुशबू से ही यह फैसला लेते हैं कि बिरयानी ठीक से पक चुका है, न ज्यादा, न कम! बिहार की लिट्टी अब पूरे देश में लोकप्रिय हो चली है, पर शुद्ध देसी गेहूं के आटा और चने की सत्तू के साथ देसी मसालों से भरपूर लिट्टी की जब गोबर के उपलों पर सिंकाई की जाती है, तभी असल स्वाद और खुशबू आती है. पर रुकिये, सिंकाई के बाद ठीक से झाड़ कर उसे गरम शुद्ध घी में डुबोना बाकी है. कुछेक मिनट डुबाने के बाद उसे तोड़कर बैंगन, आलू, टमाटर, लहसून के चोखे और धनिया की चटनी के साथ परोसा जाता है. पूरी दुनिया में इस प्रकार के सुपाच्य, शुद्ध, स्वादिष्ट, सुगंध से भरपूर शायद ही कोई भोजन हो! विकास और उन्नति के दौर में अगर सबसे बड़ी कुर्बानी चढ़ी है तो भारत के विशाल भू भाग में प्राकृतिक रूप से अलग अलग तरह के उपजने वाले सैकड़ों प्रकार के फूलों की. क्या हिमालय के ऊंचे पहाड़ों में पाए जाने वाले ब्रह्म कमल के अद्भुत सुगंध का कोई जोड़ है? इसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता! कटीली चंपा, देसी बेली, गुलाब, कनेर, बैजयंती, गेंदा जैसी फूलों की खुशबू किसी भी पश्चिम से आयातित फूलों में है? बिना बहुत दूर की सोचे फूलों, फलों, अनाजों, दलहनों में रासायनिक खाद का अंधाधुंध प्रयोग करने हेतु सरकारी स्तर पर दबाव दिया गया. इन सब जगह खतरनाक कीटनाशक का उपयोग किया गया. नतीजा सामने है अनाजों में कीटनाशक की मात्रा स्वीकृत सीमा से अधिक पायी गयी और कई देशों ने भारत से भेजे अनाज को वापस कर दिया. इसका 'कार्सिनोजेनिक अनाज' का उपयोग देश वासी करते रहे हैं. किसी ने आधिकारिक तौर पर बढ़ते कैंसर रोगियों की संख्या में वृद्धि के इस कारण पर ध्यान नहीं दिया या जानबूझ कर नहीं दिया गया! फल, सब्जियां सब कीटनाशक और खतरनाक रसायनों से भरी हैं! पर आपको याद दिलाएं कि रासायनिक खाद के उपयोग के कारण अरहर, मूंग और उरद के दाल की सुगंध फीकी पड़ गयी है. चम्पारण का बासमती चावल, भागलपुर का कतरनी चूड़ा-चावल, भागलपुर का ज़रदालू आम, चंपारण के ज़र्दा आम, दीघा (पटना) का सफेदा (मालदह) इत्यादि अपने सुगंध को खोता जा रहा है., रासायनिक खाद ने सारे के सारे सुगन्धों को हर लिया. कुछ दिन पहले की बात है मैंने पटना में अपने पुराने अनुभवी, विश्वासी चाय विक्रेता से 'लोपचू' चाय का पैकेट लिया. कई सालों से लेता आया था. उसे खोलकर जब चाय बनाई तो नैसर्गिक दार्जीलिंग वाली खुशबू नदारद! शाम को जाकर शिकायत की. उसने जो कारण बताया वह सुनकर मैं स्तब्ध रह गया. उसने कहा कि आपने ही नहीं मेरे सभी नियमित ग्राहकों ने शिकायत की है. उसने बताया कि मुझेअंदेशा तो पहले से ही था. हिल के रास्ते में विद्रोह और आंदोलन के कारण चाय बागानों तक गोबर की खाद नहीं पहुंच सकी. परेशान होकर टी गार्डन वालों ने रासायनिक खाद का प्रयोग किया है और नतीजा आपके सामने है.



चौराहा
प्रमोद कुमार झा

# वर्द्धमान महावीर की जन्मभूमि वैशाली



यायावर
डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय

**मित्रों!** इस बार की वैशाली यात्रा कई माने में शिष्ट और विशिष्ट रही. शिष्ट इसलिए रही कि विश्व के प्रथम गणतंत्र की भूमि वैशाली को देखने का सुअवसर मिला और विशिष्ट इसलिए रही कि जैन धर्म के अंतिम 24 वें तीर्थंकर महावीर की जन्मभूमि, बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध की उपदेश भूमि ,विश्व नर्तकी आम्रपाली की नृत्य एवं दीक्षा भूमि रामायण कालीन क्षत्रिय नरेश महाराजा विशाल की राजधानी वैशाली को अपनी आंखों से देखने सुनने और समझने का सौभाग्य प्राप्त हुआ. महावीर स्वामी का जन्म वैशाली के कुंडल पुर ग्राम में ईपू 599 में हुआ था और जिन्होंने जीओ और जीने दो (अर्थात् अहिंसा परमो धर्मः) का अटल एवं लोकोपकारी विश्व मंत्र दिया था. अहिंसा का तात्पर्य केवल जीव हत्या का निषेध नहीं, अपितु मन, वाणी और कर्म से किसी को भी दुःख नहीं देना सर्वोत्तम अहिंसा है.


आर्यों के आदि पुरुष मनु महाराज के प्रपौत्र उत्तम पाद के वंशधरों में एक ऋषभदेव हुए थे, जिन्होंने वैदिक धर्म से अलग एक धर्म की स्थापना की थी-जिसे जैन धर्म कहा गया. जैन धर्म बौद्ध धर्म से बहुत पुराना है. जैन धर्म जिन से बना है, जिसका अर्थ है-यह पुरुष जिसने समस्त




मानवीय वासनाओं पर विजय प्राप्त कर ली हो. ऋषभदेव से लेकर पारसनाथ तक जैन धर्म के 23 तीर्थंकर हुए, जो सत्य , अहिंसा, औदार्य और अपरिग्रह के अनुगामी थे. वैशाली के गणराजा चेटक और कुंडलपुर के सिद्धार्थ पारसनाथ के अनुयायी थे. जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर विष्णु भगवान महावीर हुए, जिन्होंने जैन धर्म को एक नई दिशा दी. पारसनाथ के चार वर्णों के साथ उन्होंने एक पंचम व्रत ब्रह्मचर्य जोड़ दिया.

महावीर की वाल्यावस्थ का नाम वर्द्धमान था. एक बार ठीक मध्य रात्रि में गणतांत्रिक नायक सिद्धार्थ की रिनी त्रिकाली हाथी, बैल, सिंह, लक्ष्मी, पुष्पमाला, चंद्र, सूर्य, ध्वज, कलश, पद्म सरोवर, क्षीरसागर, देवतिमान, रत्न राशि और निर्धूम अग्नि -इन 14 पदार्थों के स्वप्न दर्शन के अनन्तर शीघ्र जग पड़ीं और राजा सिद्धार्थ के पास जाकर अपने स्वप्न दर्शन की बात कही. प्रातः काल राजा ने ज्योतिषियों को बुलाकर सारा वृतांत कहा . ज्योतिषियों ने राजा से कहा कि ' महारानी का यह स्वप्न दर्शन अत्यंत शुभ है. अतः निश्चय ही इनकी कोख से किसी महान चक्रवर्ती अथवा तीर्थंकर (विष्णु) भगवान का जन्म होगा.' तब से राजा के धन और यश में गुणात्मक वृद्धि होने लगी. महावीर के जन्म के पश्चात् और वृद्धि होने लगी. इसी कारण उनका नाम वर्द्धमान रखा गया. वर्द्धमान महावीर बचपन से ही चिंतनशील और विरक्त थे. आसक्ति, मोहादि के पाश और आवागमन की ग्रंथि से मुक्त होने के कारण निर्ग्रन्थ कहलाये. निग्गंठ निर्ग्रन्थ का ही पालि रूप है, जिसका अर्थ है ग्रंथि (बंधन) रहित.वे सांसारिक बंधनों से मुक्त होने के कारण तीर्थंकर बन गये और वासनाओं पर विजय प्राप्त करने के कारण महावीर कहलाये. महावीर ने अपने जीवन के 30 वर्ष वैशाली में ही व्यतीत किये. उस समय वहां के अधिसंख्य मनुष्य अपने सदाचार और विशुद्ध भावनाओं से तीर्थंकर नाम अर्जित कर सके थे. वहां तीर्थंकरों के कल्याण महोत्सव बराबर मनाये जाते थे, जिससे वहां की भूमि नित्य नवीन और रमणीय बनी रहती थी. वे ही वर्द्धमान महावीर जैन धर्म के अंतिम 24 वें तीर्थंकर बने और वैशाली जनपद का गौरव माने जाते हैं. आज उनकी जन्म भूमि बिहार सरकार के अधीन है. उक्त भूमि पर उनका एक भव्य स्मारक और विशाल मंदिर बना है जिसकी नींव देश के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डा राजेन्द्र प्रसाद ने रखी थी. महावीर जयंती के पावन पुनीत अवसर पर यहां विशाल मेला प्रत्येक वर्ष लगता है, जिसमें देश विदेश के अनेक पर्यटक आते हैं और अपना जीवन चरितार्थ करते हैं. महाकवि अनूप ने वर्द्धमान महावीर के संपूर्ण व्यक्तित्व और कृतित्व पर 17 संवर्गों में महाकाव्य लिखकर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है. जैन काव्य वंड्ढ़माण चरिउ में लिखा है कि महावीर वर्द्धमान के समय की वैशाली भारतवर्ष की तत्कालीन महानगरियों में अनुपम और अद्वितीय थी.

# अबकी बार, नदिया पार



नश्तर
सुधीर राघव



**नेता** नाव में है. और नाव पानी में. नेता अकेला नहीं है. उसने पूरी पार्टी को नाव में भर लिया है. नेता लालची है. इसलिए उसने दूसरी पार्टियों के लोगों को भी अपनी नाव में लाद लिया है. ज्यादातर को तो बाकायदा गुंडे भेजकर उठवाया है और तब अपनी नाव में लादा है. लालच का फल फलीभूत हो रहा है. बीच मझधार नाव डगमगा रही है. नाव में बोझ बहुत ज्यादा है. ऊंची लहरों में नाव ज्यादा वजन से नीची हो चली है. उसमें पानी भर रहा है. नाव डूब रही है. सभी सवार घबरा रहे हैं.

मगर नेता मानने को राजी नहीं है. वह सबका उत्साह बढ़ाने के लिए नारे लगा रहा - अबकी बार, नदिया पार! मगर नाव में सवार भीड़ पलटकर जवाब नहीं दे रही. भीड़ का उत्साह नहीं बढ़ रहा. उसकी तो घिग्घी बंधी है. सब जान रहे हैं कि नदी में मगरमच्छ हैं.

कल तक तो नेता भी मगरमच्छ था. पूरी नदी में उसका राज था. मगर आज हालत दूसरी है. आज चुनाव हैं. चुनावी मौसम नेता के जीवन-मरण के समान है. उसका सब कुछ दांव पर लगा होता है. अतः मगरमच्छी छोड़ कर नेता को शरीफ बनना पड़ता है. अपनी नाव खुद ही चलानी होती है, लेकिन अब नाव चल नहीं रही है. इतना खा लिया है कि चप्पू खुद नेता को पप्पू पुकार रहा है. वह नेता के इशारे पर हिलने को राजी नहीं है.


दूसरी ओर विरोधियों के नावें काफी हल्की हैं. उनका काफी बोझ तो नेता ने ही अपनी नाव में लाद लिया था. ये नावें लहरों पर हवा से बातें करती किनारे की तरफ बड़ी तेजी से बढ़ रही हैं. यह देखकर नेता और डर जाता है. उसे भय है कि जिन्हें उसने उठवाया था, वे सभी और उसके अपने संगीत साथी भी कहीं कूदकर उन नावों में न सवार हो जाएं. इसलिए वह चिल्ला रहा है, मित्रों! उनकी तरफ मत जाइएगा. वे तुम्हारा मंगलसूत्र छीन लेंगे. वे तुम्हारी भैंस छीन लेंगे. नाव में बंधक लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि वे अपना मंगलसूत्र बचाएं या अपनी भैंस बचाएं या अपनी जिंदगी. सभी परेशान हैं. विपक्ष की सारी नावें दूर चली गई हैं.

अब नेता के पास दो ही विकल्प हैं. पहला यह कि उसे नाव से कूदकर मझधार में डूबना है या दूसरा यह कि उस नाव के साथ ही मझधार में डूबना है. पानी गले तक आ गया है. नेता तय नहीं कर पा रहा. इसलिए और जोर से चीखता है- अबकी बार नदिया पार! मगर जवाब में सिर्फ बुड़ बुड़ की आवाज आती है. नदी में न नाव है, न लोग. बस मगरमच्छों के नये दल नजर आ रहे हैं. अगले चुनावी मौसम तक नदी पर इनका ही राज रहेगा.

# पेंसिल की नोंक पर सिद्धार्थ चौधरी गढ़ते हैं आकृतियां




कला-संवाद
मनोज कुमार कपरदार
























**यदि** हम कला के सौंदर्य तत्व पर विचार करें तो ज्ञात होता है कि सौंदर्य ने वेदों में अपने अस्तित्व का आभास इतनी तरह से कराया है कि यह स्पष्ट हो जाता है कि आदिकाल में हमारे देश के ऋषि-मुनियों, साधकों और मनीषियों की परिकल्पना में सुंदरता का स्वरूप व्यापक था. वे खुद भी उसे पूरी तरह से बांधने में असमर्थ थे. कला की तो अपनी एक अलग भाषा होती है, जो किसी भी कलाकार के अपने स्वयं के व्यक्तित्व एवं चिंतन के विभिन्न आयामों को प्रदर्शित करती है. कला का सृजन और कला की ग्राह्यता मनुष्य के सामाजिक दायित्व हैं. इनमें समय-समय पर परिवर्तन भी आता है. रांची एक ऐतिहासिक व सांस्कृतिक शहर है और यहां का गौरवपूर्ण इतिहास है. इसके अलावा यहां के लोगों में भी अनोखा हुनर बसता है. यहां एक से बढ़कर एक कलाकार हैं, जो अपनी कला से सबको मोहित कर लेते हैं. ऐसे ही एक कलाकार हैं रांची के सिद्धार्थ चौधरी, जिनकी अनोखी कला को देखकर लोग चकित रह जाते हैं. क्योंकि वे पेंसिल की नोंक पर अपनी कला का जादू बिखेरते हैं. पेंसिल की नोंक पर सिद्धार्थ चौधरी ने अब तक ढेरों सूक्ष्म कलाकृतियां बनाई हैं, जिसे देखककर लोग आश्चर्य में पड़ जाते हैं. सिद्धार्थ चौधरी बताते हैं कि बचपन से ही कला के प्रति रुचि रही, लेकिन कभी भी खुल कर अपनी इस कला भावना को किसी के सामने रख नहीं पाया. इन्हें कुछ अलग तरीके से कार्य करने का विचार मन में था. अचानक इन्हें वहीं से पेंसिल पर मूर्तियां बनाने का आइडिया आया और उन्होंने पेंसिल पर कलाकृतियां बनाना शुरू की और धीरे-धीरे पेंसिल की नोंक पर ऐसी मूर्तियां बना दीं, जिन्हें देख कर कला प्रेमी प्रभावित हो रहे हैं.

शिक्षा अनुसंधान संस्थान भुवनेश्वर में इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च के छात्र सिद्धार्थ चौधरी ने अब तक पेंसिल पर ढेरों कलाकृतियां बनाई हैं. सिद्धार्थ चौधरी रांची में अपने घर पर ही अपनी इस कला की अनोखी चीजें तैयार करते हैं. इस कला की ओर इनका रुझान 2018 से हुआ और इन्होंने सबसे पहले चॉक पर पेंसिल कटर से आकृति बनाने का प्रयास किया. इसके बाद इन्होंने पेन नाइफ से चॉक पर छोटा ट्रक बनाया. इसके बाद ये पेंसिल की नोंक पर लोगो, कुर्सी बनाने लगे. अलग-अलग तरीके से नाम भी लिखने की कोशिश करने लगे. सिद्धार्थ चौधरी को एक मूर्ति तैयार करने में दो से तीन घंटे का समय लगता है.

पेंसिल पर कलाकृतियां तो वह अपने शौक के लिए करते हैं, हालांकि ऐसी कलाकृतियां गढ़ने में कलाकार को धैर्य के साथ कार्य करना पड़ता है और सिद्धार्थ बड़ी धैर्य के साथ घंटों बैठ कर पेंसिल की नोंक पर आकृतियां गढ़ते हैं. अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जोर शोर से तैयारियां हो रही थी, साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भक्त और कलाकार अपने स्तर पर नए-नए काम भी कर रहे थे, इस बीच रांची के सिद्धार्थ चौधरी में भी इसका पूरा असर दिखाई दे रहा था. इन्होंने आकर्षक तरीके से पेंसिल की नोंक पर जय श्रीराम लिखे और वह भी काफी चर्चे में रही.

# आखर



समर्पण का सुख, राग विराग व निष्कासन जैसे उपन्यास, बोल री कठपुतली, महकते रिश्ते, हाले स्ट्रीट, बाबुल का घर जैसे कहानी संग्रहों की लेखिका, कवयित्री, निबंधकार ने 90 वर्ष की आयु में 15 मई को इस दुनिया को अलविदा कह दिया. 1934 में औरंगाबाद में जन्मी मालती जोशी की शिक्षा मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हुई. मराठी परिवार में जन्मी मालती जोशी जी की पकड़ हिंदी और मराठी दोनों भाषाओं में समान रूप से थी. उनकी रचनाओं में उनके लेखन में महिला केंद्र में रही है.

# थमी "मालवा की मीरा" की कलम शोकाकुल झारखंड के साहित्यप्रेमी



वीणा श्रीवास्तव

मालती जोशी के लेखन में उनकी महिला पात्र जहां संघर्षशील दिखाई देती हैं, वहीं आत्मविश्वासी और स्वाभिमानी भी बहुत ज्यादा हैं. ऐसे तो उन्होंने बहुत सारी कहानियां लिखी हैं, उपन्यास लिखे हैं, निबंध लिखे हैं और बाल साहित्य भी रचा लेकिन मैं उनकी कुछ कहानियों का जिक्र करना चाहूंगी.

## पिता को पढ़ कर हुई बेचैनी


मेरी पहली मुलाकात उनसे उनकी कहानी 'पिता' के माध्यम से हुई थी और तब मुझे पता लगा था कि पिता हमेशा अपने पिता जैसे नहीं होते क्योंकि हमने जी पिता का जो रूप देखा था वह बहुत अच्छे, प्यार करने वाले, बच्चों का साथ देने वाले पिता का था और उस समय सामाजिक दायरे में उतनी न पकड़ थी, न सोच थी और न ही उस तरह के पिता का रूप देखा था. हां, यह जरूर सुना था कि लोग बेटियों को अभिशाप मानते हैं और बेटियों के होने पर मातम मनाते हैं. छठी क्लास में मेरी सोच को ऐसा झटका लगा था कि जिसका उत्तर मैंने अपनी मां से मांगा था. मेरी सहपाठी से मेरी टीचर ने कहा कि तुम तो लड्डू खिलाने वाली थीं, तुमने लड्डू नहीं खिलाए. उसने बहुत उदास और बुझे स्वर में यह कहा था कि मिस हमारे घर में बहन आई है, भाई नहीं आया इसलिए पापा ने लड्डू नहीं बांटे. और यह बात मुझे इतनी खली कि मैंने घर आकर अपनी मां से पूछा मम्मी क्या जब बहन आती है तो लड्डू नहीं बांटते? भाई आने पर लड्डू बांटे जाते हैं? और मां ने कहा देखो तुम्हारा भी जन्मदिन मनाते हैं, भैया का जन्मदिन भी मनाते हैं, भैया के मुंडन में भी लड्डू बांटे, पार्टी हुई और तुम्हारे मुंडन में भी लड्डू बांटे गए और मुझे उसका सबूत उन्होंने कुछ पैकेट के रूप में दिखाया जिस पैकेट में लड्डू बांटे गए थे उस पैकेट पर मेरा नाम, तारीख़ और शहर का नाम छपा था. मांएं हमेशा ऐसी चीजें संभाल कर रखती हैं. तब मुझे लगा हां फर्क नहीं होता. लेकिन कई सालों बाद जब मैंने मालती जोशी जी की कहानी 'पिता' पढ़ी तो मुझे फिर से अपनी सहेली का उदास और बुझा स्वर याद आया और अजीब से बेचैनी हुई जो मैंने उस समय महसूस की थी.

## यह है "पिता" का सारांश

यह कहानी उन दो बेटियों के जरिए आगे बढ़ती है. जब बड़ी बेटी को उसके चाचा द्वारा पिता की बीमारी की खबर मिलती है और वह बेटी मां को और तकलीफ से बचाने के लिए उसे विदेश ले जाती है और एक नया नंबर लेती है वो नंबर केवल उसकी छोटी बेटी को पता होता है जिससे भविष्य में कोई खबर उसकी मां तक या उस तक ना पहुंचे. बड़ी बेटी को पिता और दादी द्वारा मां को दी हुई सारी यातनाएं याद हैं कि दूसरी बेटी होने पर मां को किस तरह की प्रताड़ित किया गया. इसलिए वह उसको अपने साथ विदेश ले जाती है. उसे वह संघर्ष और तिरस्कार भी याद रहा जो उसे मामा के यहां रहकर मामी से मिला. जबकि उसकी मां नौकरी करती थी और फिर मां ने अपना स्वाभिमान ऊंचा रखते हुए अपना स्थानांतरण दूसरे शहर में कराया और दोनों बेटियों को लेकर दूसरे शहर में शिफ्ट हो गई ताकि बेटियों की परवरिश वह ठीक से कर सके. हां, इस संघर्ष के समय उसकी मां ने उसका साथ नहीं छोड़ा और अपने बेटे के साथ न रहकर अपनी बेटी के साथ रही और बेटी को पूरा सहयोग किया. उसकी नानी जब कभी गुस्सा होती थी तो बड़ी बेटी के लिए कहती थी यह अपने बाप पर गई है जिद्दी, कठोर. और उनकी भाषा में 'बाप' कभी 'पिता' नहीं बन सका और ना ही बेटियों के लिए वह पिता या पापा का रूप ले सका. जब बड़ी बेटी अपनी मां को विदेश ले जाती है उसके बाद फिर एक दिन चाचा का फोन छोटी बेटी के पास आता है और चाचा बताते हैं कि तुम्हारे पिता नहीं रहे. बड़ी का नंबर नहीं है मेरे पास अगर तुम नंबर दे देती तो मैं उसको खबर कर देता है तो छोटी बेटी कहती है मैं खुद खबर कर दूंगी. इस पर जब चाचा कहता है कि मैं तो अपना फर्ज निभा रहा था. उस समय जैसे वह छोटी बेटी फट पड़ती है कि आप फर्ज की बात कर रहे हैं? अब तक आपने जाना कि हम दोनों बेटियां कैसी हैं, कैसे पल रहे हैं, क्या दिक्कतें हैं? तो चाचा ने कहा कि जब भाई -भाभी का ही संबंध नहीं रहा तो आगे संबंध कैसे होते? इस पर बेटी का जवाब था कि अब वह रिश्ता भी नहीं रहा तो गुड बाय.

## मुखर होता स्त्री मनोविज्ञान

यह उस बच्ची का रोष था जिसने अपने पिता की शक्ल तक नहीं देखी थी. जब वह छोटी थी उसकी मां अनजान शहर में समाज के प्रश्नों से ख़ुद और बेटियों को बचाने के लिए अपने सारे सुहाग चिह्नों को उतार दिया था. जब उसकी मां करवा चौथ का व्रत रखने के लिए कहती है तो स्वाभिमान के साथ कहती है कि मैं तो इस जन्म में ही भर पाई, अगले किसी जन्म में मैं ऐसा वर नहीं चाहूंगी. उनके लेखन में स्त्री मनोविज्ञान है प्रमुख रूप से मुखर हुआ है. मेहमान और वसीयत कहानी में भी उनके स्त्री पात्र बहुत ज्यादा मुखर रूप में सामने आए हैं. लेकिन मुझे हमेशा यह लगता है कि उन्होंने पुरुषों की सिर्फ कमियां ही नहीं गिनाई हैं बल्कि उनकी अच्छाइयों से भी रूबरू कराया है. मेहमान, वसीयत जैसी कहानियां इस बात की गवाही देती हैं.



हिंदी के वरिष्ठ आलोचक, शिक्षक तथा हजारी प्रसाद द्विवेदी की (लोकधर्मी) परंपरा के आखिरी छात्र के रूप में पहचान रखने वाले प्रो. चौथीराम यादव की मौत से हिंदी साहित्य को बड़ी क्षति हुई है. पेश है उनसे जुड़ा वीणा श्रीवास्तव का एक संस्मरण...

## रांची में हुई थी चौथी राम जी से पहली मुलाकात

चौथी राम जी से मेरी पहली मुलाकात रांची में ही हुई थी. उनके बारे में सिर्फ पढ़ा था और थोड़ा बहुत जाना था. लेकिन उनसे मिलने के बाद उनको समझा भी और समझ कर एक बात फिर से स्पष्ट हुई कि हमारे वरिष्ठ साहित्यकार बहुत सरल और सहज हैं. और तब वो मुहावरे और कहावतें याद आती हैं जिसमें हमेशा यह कहा गया है कि ज्ञान, इंसान को सहज और सरल बनता है. फलदार वृक्ष ही झुकता है, ठूंठ क्या झुकेगा? एक बार मैंने उनसे पूछा था कि आप इस उम्र में भी इतने एक्टिव कैसे हैं? तो उन्होंने बहुत प्यारा -सा जवाब दिया था कि जब तक हम एक्टिव हैं, तभी तक एक्टिव हैं और इस वाक्य में 'तभी तक' पर झटके के साथ पॉज था और दूसरा 'एक्टिव' बहुत वजनी था. जिससे उनके कहने का आशय समझना आसान था. उनकी प्यारी - सी मुस्कान हमेशा यादों में बसी रहेगी.

## नजर आ ही जाती हैं "उत्तरा" जैसी महिलाएं



अनीता रश्मि

पद्मश्री मालती जोशी जी की कहानी "सन्नाटा" ने सन्नाटे में डाल दिया. पारिवारिक रिश्तों की कसौटी पर कोई लेखिका किस तरह उपेक्षित और मानसिक प्रताड़ना की शिकार होती है, इसका जीवंत दस्तावेज है सन्नाटा. बौद्धिक रूप से संपन्न महिला के अंदर की बेचैनी, छटपटाहट, द्वन्द, दर्द और जिजीविषा को स्वर मिला है.

यह बहुत ही अच्छी, पठनीय, हृदयस्पर्शी, यथार्थवादी कहानी है एक कामकाजी व्यस्त महिला और नाजों में पले आलसी, हीनता से बोझिल पति की. हीनता बोध, आलस एवं खोखले दंभ पति को उत्तरा की उपलब्धियों पर भी खुश होने नहीं देता.

साहित्यकार का साथ कोई नहीं देता, जब उसके सम्मान में बड़ा समारोह रखा गया है. आश्चर्य है कि उत्तरा की बड़ी बेटी आशु भी उसकी उपलब्धि को इग्नोर करती है. परिवार का व्यवहार अस्वाभाविक होते हुए भी झूठ नहीं लगता. बहुत सी लेखिकाओं को इन स्थितियों का सामना करना पड़ता है. जैसे अपने ही आस-पास की हो उत्तरा सरीखी लेखिका. घर की मुर्गी दाल बराबर.

तब भी समाज में मैसेज देना है कि ऑल इज वेल. विपरीत परिस्थितियों में भी बेहद कर्मठ उत्तरा जाहिर करती है कि उनके बीच सब सही चल रहा. वह खुशहाल है.

पुरुष की उपलब्धियां स्त्री सहज स्वीकार लेती है. गर्व भी करती है, पुरुष नहीं स्वीकार पाता. पुरुष हीन भाव से ग्रसित हो जाता है. इसी को रेखांकित करती कथा है यह. सच के करीब...आज स्थितियां थोड़ी बदली हैं. पर स्त्री जीवन का वह त्रासद सत्य अनेक साहित्यकारों का सत्य है. वैसे भी मालती जोशी रिश्ते, परिवार, सामाजिक संरचना की कुशल चितेरी थीं.

## मिलती रहेगी 'स्नेहबन्ध' की छाया



अंशिता सिन्हा

कुछ ऐसे व्यक्तित्व होते हैं जिनसे बिना मिले बिना बात किए भी ऐसा जुड़ाव हो जाता है कि उनकी मौत की खबर स्तब्ध कर देती है. मेरी सबसे प्रिय लेखिका मालती जोशी के निधन की खबर से ऐसा ही महसूस हो रहा मुझे. असहनीय पीड़ा हो रही. बहुत साल पहले मैनें उनका कहानी संग्रह 'अपने आंगन की छांव' पढ़ा था. पढ़ते के साथ ही जाने क्यों उनकी लेखनी के साथ-साथ मालती जोशी जी के साथ भी एक भावनात्मक जुड़ाव हो गया. 'सूत भर का अंतर','अनब्याही पीर','बेटियां', 'आश्वस्ति' जैसी कुल बारह कहानियां इस संग्रह में हैं. हर कहानी ने मन को छू लिया. रिश्तों के मर्म को उकेरती हुई बिल्कुल अपने घर-आंगन की कहानियां. उनकी कहानियों के सारे पात्र लगभग आसपास के ही दिखते हैं. रिश्तों के धागे से बुनी हुई उनकी कहानियों से कहीं न कहीं हर इंसान खुद को जुड़ा हुआ महसूस करता है. कितनी बार भी पढ़ूं जी नहीं भरता. गाहे-बगाहे मैं उनकी किताब को उठाकर मैं दुबारा पढ़ना शुरू कर देती हूं.

'अपने आंगन की छांव' किताब का ऐसा असर हुआ कि उनकी किताबें खोज-खोजकर पढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया. आज उनकी लिखी हुई करीब 25 किताबें मेरे पास हैं और बाकी की तलाश जारी है. उनकी कहानियों का ऐसा प्रभाव रहा कि मैंने अपने घर का नाम भी 'स्नेहबन्ध' उनकी ही किताब के नाम पर रखा है. इस नाम के साथ उनके होने का अहसास हमेशा के लिये मेरे घर के माथे पर अंकित हो गया है.

## स्त्री चेतना की दृष्टि से सफल "पटाक्षेप"



हिमकर श्याम

'मालवा की मीरा' के नाम से प्रसिद्ध और पद्मश्री से सम्मानित लेखिका मालती जोशी के निधन से हिन्दी साहित्य को अपूरणीय क्षति हुई है. मालती जी बहुत संवेदनशील लेखिका थीं. उनके लेखन में सरलता और सादगी थी. वे कथा कथन की विशिष्ट शैली के लिए जानी जाती रहीं. उन्होंने अपनी कहानियों से मध्यमवर्गीय परिवारों की मानवीय संवेदना का गहन चित्रण किया. कहानियों के पात्र जीवन के छोटे-बड़े उलझनों और अनुभवों को बांटते से प्रतीत होते हैं. 'मध्यांतर', 'पटाक्षेप', 'पराजय', 'एक घर सपनों का' 'मोरी रंग दे चुनरिया', 'औरत एक रात है' आदि उनकी प्रमुख कृतियां हैं. चार जून को वे 90 वर्ष पूर्ण करने वाली थीं.

उनकी कहानी 'पटाक्षेप' की नायिका मीरा नौकरी के साथ-साथ नाटक में भी अभिनय करती है. सगाई के बाद नायक आनंद मीरा को यह सब करने से मना करता है. लेकिन मीरा अपना आत्म-सम्मान बचाकर रखना चाहती है. तब वह रिश्ते को ठुकराने का निर्णय लेती है. कहती है कि न मैं नौकरी छोड़ रही हूं, न नाटक से मुंह मोड़ रही हूं. हां, ये सगाई जरूर तोड़ रही हूं. गुड बाय. स्त्री चेतना की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण और सफल कहानी है. उनका साहित्य नारी जीवन का दस्तावेज है. मालती जी को उनकी महत्वपूर्ण कृतियों के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा. उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि.

समीक्षा

## तथ्य आधारित विवरण के साथ ऐतिहासिक योगदान वाली पुस्तक



डॉ. लियो ए. सिंह

लक्ष्य कठिन है, पर इसे पाना मुमकिन है. इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार के साथ राज्य के सभी लोगों को हर तरह का भेदभाव भूलकर और एकजुट होकर इसमें हाथ बंटाना होगा." (पुस्तक की प्रस्तावना से)


ज्ञात था कि इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए एक पुस्तक की रचना हो रही है. उत्कट अभिलाषा थी कि देखें किस रूप में यह प्रकट होती है. झारखंड के चमकते सितारे प्रकाशित होते ही ऑमेजन से एक प्रति प्राप्त कर आरम्भ से अन्त तक पढ़ डाला. इसमें तथ्य आधारित जानकारियों की रोचक प्रस्तुति है. लेखक ने लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए झारखंड के विकास और गौरव हेतु योगदान देने वाले कुछ 40 व्यक्तियों की संक्षिप्त चर्चा की है. भविष्य में कुछ और की होगी ही. समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जिन लोगों ने जो उल्लेखनीय योगदान दिया है उसको स्वीकारने और सम्मान देने की यह एक सराहनीय पहल है.

कोयला जिस रूप में चमक कर समाज को प्रकाशित करता है उस हीरे को स्वीकारना, सम्मानित करना, समाज के विकास को अग्रसर करना है. किसी के व्यक्तित्व पर बिना कुदृष्टि डाले, तथ्य आधारित विवरण देकर लेखक ने झारखंड के इतिहास में कुछ पन्ने जोड़ने का काम किया है.

इन 40 व्यक्तियों में जनसाधारण में प्रसिद्ध व्यक्तियों के अलावा कुछ ऐसे व्यक्तियों का भी विवरण है जिनको उनका अपना शहर, क्षेत्र ही जानता है किन्तु उनका योगदान पूरे झारखंड को गौरवान्वित करता है, जैसे - इम्तियाज़ अली, सैकत चट्टोपाध्याय, सुभाशीष दास, रसिका दुग्गल, जेमा मेंडिस, शिल्पा राव, यदुवंश सहाय, मालंच घोष, मेघनाथ, हरेन ठाकुर आदि.

किसी भी समाज, राज्य के विभिन्न पहलू होते हैं. यह पुस्तक झारखंड के विकास में प्रवासियों के योगदान को उजागर करने का प्रयास है. हमें स्वीकारना होगा, सम्मानित करना होगा उस बहू को जो दूसरे घर को अपना घर मानकर संवारती है.

पुस्तक की भाषा सरल, तथ्य आधारित एवं सुसंगठित है. यह लेखक की रचना को पठनीय एवं प्रभावशाली बनाता है. प्रकाशक ने भी इस पुस्तक के साथ न्याय किया है. मुझे विश्वास है कि इस ऐतिहासिक योगदान वाली पुस्तक को भारत ही नहीं अन्य देशों के पाठक भी पढ़ेंगे और सराहेंगे.




पुस्तक - झारखंड के चमकते सितारे
लेखक - बसंत हेतमसरिया
प्रकाशक - ग्रंथ अकादमी (प्रभात प्रकाशन, दिल्ली)
कुल पृष्ठ संख्या - 238
मूल्य (पेपर बैक) - रू. 350/- मात्र

व्यंग्य ›› बर्बरीक

## अथ पप्पू-गप्पू कथा


आर्यावर्त भारतखंडे जम्बूद्वीपे किसी काल में हुए पप्पू और गप्पू. दोनों में थी अगाध मित्रता और घोर शत्रुता. पहले शत्रुता की कथा. पप्पू खानदानी रईस था. उसकी कई पीढ़ियों ने राज भोगा था. तो बहुत लालसा बची नहीं थी उसके मन में. सिर्फ यथास्थिति कायम रखना चाहता. वहीं गप्पू के पास कोई गौरवशाली अतीत नहीं था तो उसने गरीबी का गौरवगान शुरू कर दिया. लोकतंत्र की देवी का नेमधरम से पूजा पाठ करने लगा. लोकतंत्र देवी को गरीबी का नैवेद्य चढ़ाने लगा. मैं गरीब हूं, चायवाला हूं, पिछड़ा हूं, चौकीदार हूं, वगैरह मंत्रों का पाठ नियमित करने लगा. लोकतंत्र देवी की महिमा से लोग गप्पू की गपाष्टक प्रतिभा के कायल हो गए. रोज आठ कपड़े बदलता, दस लाख का सूट और डेढ़ लाख का चश्मा पहनकर बताता कि वह कितना गरीब है फिर भी लोग यकीन कर लेते. उधर पप्पू भी दिन रात यह दिखाने में लगा रहता कि वही गरीबों का कितना बड़ा हमदर्द है. गप्पू बोलकर काम चला लेता और पप्पू एक्शन से साबित करने की कोशिश करता. गप्पू अपने मन की बात में लंबी लंबी फेंकता, पप्पू लंबी लंबी पदयात्राएं करता. गप्पू हिन्दू मुसलमान के अलग अलग झुनझुने बजाता पप्पू दोनों झुनझुने साथ मिलाकर बजाता. लोकतंत्र देवी अभी गप्पू पर मेहरबान थीं. जगत सेठ भी गप्पू पर खुलकर मेहरबानी लुटाता. अब गप्पू किसी की मेहरबानी तो उधार रखता नहीं था तो जब मौका मिलता जगत सेठ का कर्जा चुकाता रहता. पप्पू चिल्लाता -गप्पू जगत सेठ का नौकर है. जगत सेठ मुस्कराता रहता जिसका मतलब था कि जब लोकतंत्र देवी तुझपर मेहरबान होगी तो मेरी कृपा भी तुझपर बरसेगी. गप्पू था कि पूरी श्रद्धा से लोकतंत्र देवी का महापर्व मनाता. दिनरात एक कर देता. लोग उसे चुनाव मशीन कहते पर वह दिल पर नहीं लेता. आखिर जब इस फील्ड में उतर गया है तो शर्माना कैसा? पप्पू भी महापर्व मनाता. लेकिन कहीं न कहीं कृपा अटकी हुई थी. शायद जी जान लगा कर पूजा नहीं कर पाता. लोकतंत्र देवी झूठे वादों का नैवेद्य भी ग्रहण करती हैं. यह राज सभी भक्त जानते हैं लेकिन गप्पू इसपर पूर्ण विश्वास भी करता था.

> गप्पू अपने मन की बात में लंबी लंबी फेंकता, पप्पू लंबी लंबी पदयात्राएं करता. गप्पू हिन्दू मुसलमान के अलग अलग झुनझुने बजाता पप्पू दोनों झुनझुने साथ मिलाकर बजाता.

अब दोस्ती की बात. दरअसल गप्पू, पप्पू के पूर्वज की तरह दुनिया भर में नाम कमाना चाहता पर लोग मानते नहीं थे. तो वह गड़े मुर्दे उखाड़ता. पप्पू के पूर्वज की गलतियां निकालता. अब लकीर छोटी करने के दो ही रास्ते थे. बड़ी लकीर खींचना तो मुश्किल काम है तो लकीर मिटाने की हर कोशिश करता. गप्पू और पप्पू के बीच यही आत्मीय संबंध था. एक चिल्लाता -अबकी बार... दूसरा कहता -नफरत पर वार... दोनों प्रसन्न रहकर दोस्ती दुश्मनी निभाते. लोग मनाते रहते जैसे पप्पू और गप्पू के दिन फिरे वैसे ही सबके दिन फिरे. इति पप्पू गप्पू की कथा समाप्त.

कविता

## मर्यादा



राजेश पाठक

आंखों में अश्रु प्रवाह लिए
कुछ आह लिए कुछ वाह लिए
चल पड़ता जब निर्जन पथ पर
दिख जाता है सबसे हटकर.

यह जगत प्रेम व माया है
हरशय सबको भरमाया है
है शनि-राहु की छाया भी
इस पल उस पल टकराया भी.

पर होते जो जग में प्रवीण
स्व संबल पर करते यकीन
गम घटा छांट वे जाते हैं
जो बचा बांट वे जाते हैं.

रखते न जरुरत से ज्यादा
वे बांट रहे आधा-आधा
इसमें भी गर आई बाधा
सब छोड़ बचा ली मर्यादा.

## चांद नाराज़ है



यास्मीन 'तन्हा'

आज कल नाराज़ रहने लगा है
चांद भी मुझ से न जाने क्यों
मैं रात भर जग कर उसके
आने की राह तकती रहती हूं
खिड़की के पर्दे हटा कर उसके
आने के रस्ते को निहारती रहती हूं
आता तो है वो मगर
रुकता नहीं मेरी खिड़की पर
न जाने क्यों राह बदल ली है उसने
नजरें चुराने लगा है मुझसे

जो कहते नहीं थकता था कि
तुम्हें मैं जानता हूं
तुम्हें मैं समझता हूं
तुम्हारी परेशानियां सब मालूम है मुझे.
आज वो रास्ते बदल कर
मुंह मोड़ कर निकल जाता है
न जाने कब लग जाती है आंख मेरी
और सुबह उठती हूं तो
सूरज मुंह चिढ़ाता दिखता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### प्राणवी और त्वेसा ने जर्मन मास्टर्स में कट हासिल किये

**ब्रेंडेनबर्ग (जर्मनी)** । प्रणवी उर्स, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक अमुंडी जर्मन मास्टर्स गोल्फ में कट में जगह बनाने में सफल रहीं. प्रणवी और दीक्षा ने दूसरे दौर में एक-ओवर 73 का कार्ड खेला. दो दौर के खेल के बाद दोनों खिलाड़ी तीन ओवर के एक समान स्कोर के साथ संयुक्त 30वें स्थान पर हैं. त्वेसा (77) पांच ओवर के स्कोर के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही. टूर्नामेंट में भाग ले रही चार अन्य भारतीयों में से स्नेहा सिंह (75) एक शॉट से, वाणी कपूर (77) तीन शॉट से और अमनदीप द्राल (78) पांच शॉट से कट में जगह बनाने से चूक गयी. अवनि प्रशांत दूसरे राउंड के बीच में ही मुकाबले से हट गयी. कट का स्कोर पांच ओवर का रहा जिसमें 66 खिलाड़ी जगह बनाने में सफल रहीं.

### हार्दिक की हूटिंग का असर उसके प्रदर्शन पर पड़ा : कोच

**मुंबई**। मुंबई इंडियंस के कोच मार्क बाउचर को आईपीएल के पूरे सत्र के दौरान प्रशंसकों द्वारा हार्दिक पंड्या की हूटिंग देखकर बहुत बुरा लगा और उन्होंने स्वीकार किया कि इसका असर इस स्टार हरफनमौला के प्रदर्शन पर पड़ा, जिसका टीम प्रबंधन को आने वाले समय में हल निकालना होगा. गुजरात टाइटंस के कप्तान के तौर पर दो सत्र में कामयाब रहने के बाद पंड्या इस सत्र में मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर लौटे. उन्हें पांच बार के चैंपियन कप्तान रोहित शर्मा की जगह कमान सौंपे जाने से दर्शक काफी नाराज हुए. बाउचर ने सत्र के आखिरी मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स से मिली हार के बाद कहा कि यह सब हूटिंग देखकर अच्छा नहीं लगा.

### विराट ने अल्टीमेट स्ट्रीट क्रिकेट टीम बनायी

**नयी दिल्ली** । विराट कोहली ने अपनी पसंदीदा अल्टीमेट स्ट्रीट क्रिकेट टीम का चयन किया है. उन्हें अपने अलावा चार खिलाड़ियों को चुनना था, जिसमें कम से कम एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज और एक गेंदबाज हो. कोहली ने साउथ अफ्रीका और आरसीबी के पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स को विकेटकीपर के रूप में शामिल किया. कोहली और डिविलियर्स काफी अच्छे दोस्त हैं. उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल और गुजरात टाइटंस (जीटी) के लेग स्पिर राशिद खान को जगह दी. कोहली ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के धाकड़ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी रखा है. वह टीम में एकमात्र भारतीय हैं.

सात्विक व चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में 35 मिनट का समय लगा

# थाईलैंड ओपन के फाइनल में पहुंची सात्विक-चिराग की जोड़ी

**भाषा । बैंकॉक**



विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शनिवार को यहां चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया. एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा.

उन्होंने 21-11 21-12 से आसान जीत दर्ज की. सात्विक और चिराग ने सुपर 500 स्तर के टूर्नामेंट में पहली बार सफलता का स्वाद थाईलैंड ओपन में ही चखा था. यह जोड़ी पांच साल पहले 2019 में यह चैम्पियन बनीं थी. मौजूदा सत्र में यह

**थाईलैंड ओपन**

- सात्विक व चिराग ने लू मिंग व तांग काई को हराया
- भारतीय जोड़ी ने 21-11 21-12 से जीत दर्ज की

भारतीय जोड़ी चौथी बार बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर स्पर्धा के टूर्नामेंट में फाइनल में पहुंची है. यह जोड़ी मार्च में फ्रेंच सुपर 750 का ताज पहनने के बाद मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया सुपर 750 में उपविजेता रही थी. टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी के सामने खिताबी मुकाबले में चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी की चुनौती होगी. चीन की इस जोड़ी ने दूसरे सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया के किम गी जंग और किम सा रंग की जोड़ी को 21-19 21-18 से हराया. पिछले कुछ टूर्नामेंटों में सात्विक और चिराग के प्रदर्शन में गिरावट दिखी थी. भारतीय जोड़ी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में हार गई थी और फिर सात्विक की चोट के कारण एशिया चैंपियनशिप में भाग नहीं ले सकी.

इस जोड़ी के लिए थॉमस कप अभियान भी बहुत उपयोगी नहीं रहा क्योंकि वे शीर्ष जोड़ियों से कुछ करीबी मैच हार गए. थाईलैंड ओपन के इस प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले दोनों का हौसला बढ़ेगा. सात्विक और चिराग को लू और तांग की जोड़ी से कड़ी चुनौती नहीं मिली.

# इटालियन ओपन फाइनल में ज्वेरेव का मुकाबला जेरी से



**एजेंसी । रोम**

पांचवीं रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चिली के अलेजांद्रो ताबिलो को 1- 6, 7- 6, 6-2 से हराकर इटालियन ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया. फाइनल में उनका सामना चिली के ही निकोलस जेरी से होगा, जिन्होंने टॉमी पॉल को 6- 3, 6- 7, 6- 3 से हराया. रोम में ज्वेरेव का यह तीसरा फाइनल है. उन्होंने 2017 में नोवाक जोकोविच को हराकर पहला मास्टर्स सीरिज खिताब जीता था. इसके एक साल बाद वह रफेल नडाल से हार गए. महिला फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक का सामना दूसरी रैंकिंग वाली एरिना सबालेंका से होगा.

शीर्ष पर काबिज केकेआर को हराकर दूसरा स्थान पक्का करना चाहेंगे रॉयल्स

# केकेआर के हौसले बुलंद, पर आत्ममुग्धता से बचना होगा

**भाषा । गुवाहाटी**

राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी. 16 अंक लेकर प्लेऑफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं . पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है. ऐसे में यशस्वी जायसवाल, कप्तान संजू सैमसन और स्थानीय हीरो रियान पराग को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी. प्लेआफ में शीर्ष दो में रहकर जाने से उनके पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके रहेंगे.

केकेआर के 19 अंक है और उसका शीर्ष पर रहना तय है. अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश में धुलने से उसे एक अंक मिला. केकेआर के हौसले बुलंद हैं, लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा. मुंबई इंडियंस के खिलाफ 11 मई को ईडन गार्डंस पर हुए मुकाबले के बाद से केकेआर ने बारिश की भेंट चढ़े इस मैच के अलावा कोई मुकाबला नहीं खेला है.अहमदाबाद जाकर एक दिन के अभ्यास के लिए कोलकाता लौटना और फिर आखिरी लीग मैच के लिए गुवाहाटी जाना थकाऊ रहा होगा और इससे उनकी लय पर असर पड़ सकता है. अब देखना यह होगा कि मेंटोर गौतम गंभीर की टीम इस लय को बरकरार रख पाती है या नहीं. उसके पास फॉर्म में चल रहा इंग्लैंड का सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट भी नहीं हैं, जो पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए स्वदेश लौट चुके हैं.



मैच का समय : शाम साढ़े सात बजे

**टीमें**

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नीतिश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंथा चमीरा, साकिब हुसैन, मुजीब उर रहमान, गट एटिकिंसन, अल्लाह गजनफर, फिल साल्ट

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन. मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा.

**16** अंक लेकर प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुकी है

**19** अंक के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स का शीर्ष

### साल्ट की जगह ले सकते हैं रहमानुल्लाह गुरबाज

केकेआर के दो सलामी बल्लेबाजों साल्ट और सुनील नारायण ने मिलकर इस सत्र में सात अर्धशतक और एक शतक समेत 182 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 897 रन बनाये हैं .साल्ट की जगह रहमानुल्लाह गुरबाज ले सकते हैं, लेकिन मैदान पर उतरते ही साल्ट की तरह आक्रामक खेलने की उनसे उम्मीद नहीं की जा सकती . इस सत्र में उन्होंने एक भी मैच नहीं खेला है . केकेआर की बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल पर होगा . मैच में बारिश का भी पूर्वानुमान लगाया जा रहा है .

# इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने खेल का संतुलन बिगाड़ा : विराट कोहली

**एजेंसी । बेंगलुरू**



कप्तान रोहित शर्मा से सहमति जताते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम की आलोचना करते हुए कहा कि इससे खेल का संतुलन बिगड़ रहा है. आईपीएल के पिछले सत्र से पारी के बीच में स्थानापन्न खिलाड़ी को उतारने का नियम शुरू हुआ है जिस पर रोहित ने भी नाराजगी जताई थी. अब कोहली ने जियो सिनेमा से कहा कि मैं रोहित का समर्थन करता हूं. मनोरंजन खेल का एक पहलू है लेकिन संतुलन भी होना चाहिये.

इससे खेल का संतुलन बिगड़ा है और कई लोगों को ऐसा लगता है, सिर्फ मुझे नहीं. रोहित ने पॉडकास्ट में कहा कि मैं इस नियम का मुरीद नहीं हूं. इससे हरफनमौलाओं पर विपरीत असर पड़ेगा. क्रिकेट 11 खिलाड़ियों का खेल है, 12 का नहीं. आईपीएल के इस सत्र में आठ बार 250 रन से अधिक का स्कोर बना और कोहली गेंदबाजों का दर्द समझते हैं. उन्होंने कहा कि गेंदबाजों को लग रहा है कि हम क्या करें. मैने कभी ऐसा नहीं देखा जब गेंदबाजों को लगता है कि वे हर गेंद पर चार या छह रन देंगे. हर टीम के पास बुमराह या राशिद खान तो है नहीं. उन्होंने कहा कि एक अतिरिक्त बल्लेबाज के कारण पावरप्ले में मैं 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से खेल रहा हूं क्योंकि मुझे पता है कि आठवें नंबर पर भी एक बल्लेबाज है.

मेरा मानना है कि शीर्ष स्तर पर क्रिकेट में इस तरह का दबदबा नहीं होना चाहिये. बल्ले और गेंद के बीच समान संतुलन होना चाहिये. बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि यह नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया है ताकि दो भारतीय खिलाड़ियों को एक मैच में मौका मिल सके. मुझे यकीन है कि जय भाई ने कहा है कि वह इसकी समीक्षा करेंगे और मुझे यकीन है कि ऐसा निष्कर्ष निकलेगा कि खेल में संतुलन पैदा हो सके . सिर्फ चौके या छक्के की क्रिकेट में रोमांचक नहीं होते. 160 का स्कोर बनाकर जीतना भी रोमांचक होता है.

### अर्जुन तेंदुलकर को रिटायर हर्ट होकर हटना पड़ा

**मुंबई** । इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस के अर्जुन तेंदुलकर के लिए भी निराशाजनक रहा. हार्दिक पंड्या की कप्तानी में टीम को अंतिम लीग मैच में भी लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ 18 रन से हार मिली. इस मैच में कप्तान हार्दिक पंड्या ने युवा ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर को भी प्लेइंग इलेवन में शामिल किया था. अर्जुन ने गेंदबाजी में अच्छी शुरुआत भी की थी, लेकिन अपने स्पेल के तीसरे ही ओवर में उन्हें रिटायर हर्ट होकर वापस पवेलियन जाना पड़ा गया. यह ना सिर्फ अर्जुन के लिए निराश करने वाला रहा था, बल्कि मुंबई इंडियंस के लिए भी एक बड़ा झटका साबित हुआ.

# धीमी ओवरगति के लिए हार्दिक एक मैच के लिए निलंबित

- **30 लाख रु जुर्माना**

**एजेंसी । मुंबई**



मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल के इस सत्र में धीमी ओवर गति के तीसरे अपराध के लिए एक मैच का निलंबन और 30 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है. लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ शुक्रवार को आखिरी लीग मैच के साथ ही इस सत्र में मुंबई का अभियान खत्म हो गया. यानी पंड्या अगले सत्र में पहला मैच नहीं खेल सकेंगे. एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया कि मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम पर 17 मई को हुए मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है. इसमें कहा गया कि यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत धीमी ओवरगति का मुंबई इंडियंस का तीसरा अपराध था, लिहाजा हार्दिक पंड्या पर 30 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है.

# अधिकांश भारतीय खिलाड़ी 25 मई को न्यूयॉर्क के लिए रवाना होंगे

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

भारत के अधिकांश क्रिकेटर और सहयोगी स्टाफ टी20 विश्व कप के लिये 25 मई को न्यूयॉर्क रवाना होगा जबकि बाकी 26 मई को आईपीएल फाइनल के बाद जायेंगे. इससे पहले आईपीएल प्लेआफ के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी टीमों के सदस्यों को 21 मई को रवाना होना था लेकिन बाद में योजना में बदलाव हुआ . अब वे 25 मई को रवाना होंगे. बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह , अक्षर पटेल और सहयोगी स्टाफ 25 मई को रवाना होगा. उन्होंने कहा कि पहले जत्थे को 21 मई को जाना था लेकिन भारतीय टीम एकमात्र अभ्यास मैच (एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ) खेल रही है तो खिलाड़ियों को घर पर कुछ अतिरिक्त समय मिल जायेगा. आईपीएल फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी 27 मई को रवाना होंगे. भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से और नौ जून को पाकिस्तान से खेलना है.



**भारतीय टीम :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज.

# सिफत, नीरज ने ओलंपिक चयन ट्रायल शूटिंग जीते

**एजेंसी । भोपाल**

सिफत कौर सामरा ने ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा तीसरी बार जीत ली जबकि नीरज कुमार ने पुरूष वर्ग में दूसरी बार जीत दर्ज की. सिफत ने महिलाओं की थ्री पोजिशंस ट्रायल 4 में 461.3 स्कोर करके निच्छल को एक अंक से हराया.

वहीं आशी चौकसी तीसरे, श्रियांका साडंगी चौथे और अंजुम मोद्गिल पांचवें स्थान पर रही. पुरूष वर्ग में नीरज ने 462.9 स्कोर करके पहला स्थान हासिल की. चैन सिंह दूसरे, ऐश्वर्य तोमर तीसरे, स्वप्निल कुसाले चौथे और अखिल श्योराण पांचवें स्थान पर रहे. चार ट्रायल में तीन जीतकर सिफत इस वर्ग में शीर्ष रही जबकि अंजुम दूसरे स्थान पर रही. पुरूष वर्ग में ऐश्वर्य तोमर और कुसाले पहले दो स्थान पर रहे. पुरूष और महिला वर्ग के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल ट्रायल 4 भी शनिवार को हुए.



# टाइमिंग दुरूस्त नहीं होने पर भारत का कोच बनना बेहद थकाऊ हो सकता है : लैंगर

**भाषा । मुंबई**

भारत का कोच बनना क्रिकेट जगत की सबसे बड़ी जिम्मेदारियों में से एक है और आस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच जस्टिन लैंगर का मानना है कि अगर टाइमिंग सही नहीं हो, तो यह काफी थकाऊ काम हो सकता है.आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कोच रहे लैंगर से कई बार पूछा गया कि क्या वह भारत का कोच बनने के इच्छुक हैं, चूंकि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप के बाद खत्म हो रहा है. लैंगर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि यह क्रिकेट का सबसे बड़ा काम है , भारतीय टीम का मुख्य कोच बनना. उन्होंने कहा कि एक तो इतना अधिक क्रिकेट हो रहा है और दूसरा अपेक्षाओं का भारी दबाव. यह काफी चुनौतीपूर्ण है, लेकिन रोमांचक भी होगा.



### भारतीय टीमके लिए जीतने का दबाव बहुत ज्यादा है

लैंगर ने कहा कि इसके लिए टाइमिंग सही रहने की जरूरत है . मैं आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के साथ करीब चार साल था .यह काफी थकाऊ काम है . उन्होंने कहा कि राहुल द्रविड़ भी यही कहेंगे और रवि शास्त्री भी यही कहेंगे . भारतीय टीम के लिए जीतने का दबाव बहुत ज्यादा है .उम्मीद है कि जो भी अगला कोच होगा, वह इसे लेकर काफी रोमांचित होगा . लैंगर ने आईपीएल के दबाव की तुलना विश्व कप से करते हुए कहा कि यह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ घरेलू लीग है .

**अफसोस** इस सत्र में दूसरे चरण में छह मैचों में 20 रन से अधिक की पारी नहीं खेल सके रोहित शर्मा

# अपने मानदंडों के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर सका: रोहित शर्मा

**भाषा । मुंबई**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में वह अपने मानदंडों के अनुरूप बल्लेबाजी नहीं कर सके लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा माथापच्ची करने की बजाय सकारात्मक सोच के साथ गलतियों पर काम करने पर फोकस किया. पांच बार के आईपीएल चैम्पियन कप्तान रोहित आईपीएल के इस सत्र में दूसरे चरण में छह मैचों में 20 रन से अधिक की पारी नहीं खेल सके.

उन्होंने जियो सिनेमा मैच सेंटर लाइव पर कहा कि एक बल्लेबाज के तौर पर मैं जानता हूं कि अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका लेकिन इतने साल खेलने के बाद मुझे इतना पता है कि जरूरत से ज्यादा सोचूंगा तो अच्छा नहीं खेल पाऊंगा. उन्होंने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 38 गेंद में 68 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके. रोहित ने कहा कि मैं सकारात्मक रहने की कोशिश करता हूं. अभ्यास करता रहता हूं और अपनी गलतियों पर काम करता हूं. हमारा यह सत्र अच्छा नहीं रहा और इसके लिये हम ही कसूरवार हैं क्योंकि हमने काफी गलतियां की. हमने ऐसे मैच गंवाये जो जीतने चाहिये थे लेकिन आईपीएल में ऐसा ही होता है. आपको मौके कम मिलते हैं और जो मिलते हैं तो उन्हें गंवाना नहीं चाहिये.



**मुंबई इंडियंस**

- पांच बार के आईपीएल चैंपियन हैं कप्तान रोहित
- आखिरी लीग मैच में रोहित ने फॉर्म में वापसी की

### फॉर्म में आना टीम के लिए अच्छा संकेत: गावस्कर



मुंबई इंडियंस के लिये रोहित शर्मा देर से फॉर्म में लौटे लेकिन महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहला उनका फॉर्म में आना उनके और भारतीय टीम के लिये अच्छा संकेत है . आईपीएल के इस सत्र के पहले चरण में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 105 रन बनाने वाले रोहित सात में से चार मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके . उन्होंने हालांकि आखिरी मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ 38 गेंद में 68 रन बनाये . गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा कि यह देखकर अच्छा लगा . मुंबई इंडियंस तो अब क्वालीफाई नहीं कर सकती लेकिन 15 दिन बाद टी20 विश्व कप में भारत की कप्तानी कर रहे रोहित शर्मा को इस तरह बल्लेबाजी करते देखकर अच्छा लगा . उन्होंने कहा कि आप यही चाहते हैं । रोहित शर्मा से अच्छी शुरूआत की दरकार होती है ताकि निचले दर्जे के बल्लेबाज आकर फिनिशर की भूमिका निभा सकें .

# निकहत व मीनाक्षी ने जीता स्वर्ण

**एजेंसियां । अस्ताना (कजाकिस्तान)**

मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन और मीनाक्षी ने अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीते. जिससे भारतीय टीम ने शनिवार को यहां एलोरडा कप मुक्केबाजी में अपना अभियान अब तक के सर्वश्रेष्ठ 12 पदकों के साथ खत्म किया. निकहत और मीनाक्षी के स्वर्ण पदकों के अलावा, भारतीय मुक्केबाजों ने दो रजत और आठ कांस्य पदक जीतकर पिछले सत्र से काफी बेहतर प्रदर्शन किया. भारतीय मुक्केबाजों ने पिछले सत्र में पांच पदक अपने नाम किये थे. निकहत (52 किग्रा) ने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपना दबदबा जारी रखते हुए कजाकिस्तान की जजीरा उराकबायेवा को 5-0 के स्कोर से हराकर अपने प्रभावशाली करियर में एक और स्वर्ण पदक जोड़ा. मीनाक्षी ने दिन की शानदार शुरुआत करते हुए महिलाओं के 48 किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की रहमोनोवा सैदाहोन को 4-1 से हराकर भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया. अनामिका (50 किग्रा) और मनीषा (60 किग्रा) को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा और उनका अभियान रजत पदक के साथ समाप्त हुआ. अनामिका ने मौजूदा विश्व और एशियाई चैंपियन चीन की वू यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें 1-4 से हार का सामना करना पड़ा.





## हमारा सांसद कैसा हो पर लोगों ने रखी अपनी राय, कहा

# बिना भेद-भाव के जो सबका उत्थान करे

**झारखंड में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है. यहां पहले चरण का मतदान भी हो चुका है. पर अभी तीन चरण का मतदान बाकी है. इस समय लोगों के बीच चर्चा तेज है कि हमारा सांसद कैसा हो. यानी हम किसे अपना जन प्रतिनिधि चुने. आमतौर पर लोगों की यह शिकायत रहती है कि लोग सांसद चुने जाने के बाद जनता की सुध नहीं लेते हैं और न ही जन समस्याओं के प्रति पूरी तरह गंभीर होते हैं. हमारा सांसद कैसा हो इस पर चर्चा के दौरान कई बातें सामने आई है. जिसमें ज्यादातर लोगों ने कहा कि सांसद वैसा होना चाहिए जो बिना किसी भेद भाव के सब के उत्थान के लिए काम करे. जन प्रतिनिधि का पढ़ा लिखा होना तो जरुरी है ही. साथ ही उसे क्षेत्र की समस्याओं के प्रति गंभीर भी होना चाहिए. सभी चाहते हैं उनके क्षेत्र में जन सुविधाओं की कमी नहीं हो. यानी पानी, बिजली,सड़क, शिक्षा, रोजगार की वह व्यवस्था कर सके. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में इस संबंध में वुद्धिजीवियों, युवक, युवतियों से इस मुद्दे पर राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.**

1. *जो सुविधाओं का ख्याल रखे*
2. *पानी, बिजली, सड़क,शिक्षा, रोजगार उपलब्ध कराए*
3. *अपने कार्यों से क्षेत्र की पहचान बना सके*
4. *लोगों के बीच जाकर स्थानीय समस्याओं को समझ*

## हजारीबाग



### जो समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाए : दीपक पांडे

अधिवक्ता दीपक पांडे का कहना है कि हमारा सांसद शिक्षित और सुलभ हो. हजारीबाग के विकास को लेकर उसके पास एक स्पष्ट योजना हो. उसमें संसद में हजारीबाग की समस्या को रखने की क्षमता हो. हजारीबाग में अनेक समस्याएं हैं और जरूरत हैं. जिसके लिए उचित कदम उठाने की जरुरत है. यहां लंबी दूरी की ट्रेन की जरूरत है और कल कारखाना लगाकर बेरोजगारों को रोजगार देने की आवश्यकता है.



### जो हजारीबाग में हवाई अड्डा का काम करवा सके: डॉ रुपेश कुमार

डॉ रुपेश कुमार का कहना है कि हजारीबाग में हवाई अड्डा की आवश्यकता है. मुंबई, कोलकाता, पटना जैसे बड़े शहर जाने के लिए हजारीबाग रेलवे स्टेशन से ट्रेन की और सुलभ व्यवस्था हो. सड़कें चौड़ी हो तथा जो शहर के सुंदरीकरण की दिशा में प्रयास करे. हम ऐसे सांसद का चुनाव करना चाहेंगे. साथ ही जो इलाज की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करे. सभी वर्ग जाति धर्म के लोगों को लेकर चलने वाला हो.




### ईमानदार, स्वच्छ छवि और शिक्षित सांसद की जरूरत : शिवानी

छात्रा शिवानी कुमार कहती हैं कि हमारा सांसद ईमानदार, स्वच्छ छवि, शिक्षित एवं सभी लोगों को एक साथ लेकर चलने वाला हो. वह हजारीबाग के विकास के लिए हर मुमकिन प्रयास करे. जिले की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने एवं स्वास्थ्य के लिए बड़े अस्पताल की व्यवस्था करे. महिलाओं के साथ दिनदहाड़े हो रही छीनाझपटी पर लगाम लगा सके. इसके लिए भी सांसद को मुखर होने की जरूरत है.

## चक्रधरपुर

### सभी के हित में काम करना वाला होना चाहिए सांसद : खुशबू कुमारी




चक्रधरपुर निवासी छात्रा खुशबू कुमारी ने कहा कि जनता द्वारा वोट के जरिये चुने गये सांसद सभी के हित में काम करने वाला होना चाहिए .हमारे क्षेत्र में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है . साथ ही शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधा की भी स्थिति ठीक नहीं है,इसलिए सांसद को इन समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए, ताकि क्षेत्र की समस्याएं दूर हो सकें .

### दल-बदलू न हो, क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी हो: मनीषा कुमारी



चक्रधरपुर निवासी छात्रा मनीषा कुमारी ने कहा कि राजनीतिक दल से जुड़े नेता को दल-बदलू नहीं होना चाहिए . ऐसा देखा जाता है कि कुछ नेता पहले किसी दल में रहते हैं लेकिन टिकट नहीं मिलने पर दूसरे राजनीतिक दल में चले जाते हैं, ऐसा नहीं होना चाहिए . साथ ही राजनीतिक पार्टियों को भी अपने वैसे व्यक्ति को टिकट देना चाहिए, जो शुरु से एक ही पार्टी में कार्य कर रहा हो . सांसद को क्षेत्र की समस्या की जानकारी हो .


### ईमानदार व वायदे को पूरा करने वाला हो हमारा सांसद : रानी कुमारी



चक्रधरपुर निवासी छात्रा रानी कुमारी ने कहा कि हमारा सांसद ईमानदार व वायदों को पूरा करने वाला होना चाहिए . चुनाव से पहले जो वायदे प्रत्याशियों द्वारा किये जाते हैं, चुनाव जीतने के बाद उसे पूरा किया जाना चाहिए, ताकि दोबारा होने वाले चुनाव में प्रत्याशी जनता वोट मांगने के लिए जा सकें .उन्होंने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि जब प्रत्याशी चुनाव जीत जाते हैं तो क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान नहीं देते .साथ ही जनता से सीधे तौर जन प्रतिनिधियों का संवाद भी नहीं होता है .


## लातेहार

### जनता से जुड़ा हो: शकुंतला पांडेय




चिल्ड्रेन कान्वेंट स्कूल की निदेशक शंकुतंला पांडेय ले कहा कि सांसद को जनता से जुड़ा हुआ होना चाहिए. जब भी किसी को उनकी जरूरत हो तो उन्हें उपलब्ध होना चाहिए. या यूं कहें कि सांसद को सर्व सुलभ होना चाहिए. सबों के दुख और सुख में साथ रहने वाला होना चाहिए. क्षेत्र में बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व अन्य मूलभूत सुविधाओं को बहाल कराने की दिशा में प्रयासरत रहे. ऐसा नहीं हो कि चुनाव जीतने के बाद उसे क्षेत्र से कोई मतलब ही नहीं रहे.

### समाधान कर सके : किरण प्रसाद



स्टेशन रोड की किरण प्रसाद ने कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो क्षेत्र की समस्याओं का समाधान कर सके या उसके निराकरण के लिए हमेशा प्रयासरत रहे. लातेहार उच्च शिक्षा और बेहतर चिकित्सा के क्षेत्र में पिछड़ा है. न तो यहां कोई सरकारी डिग्री कॉलेज है और ना ही बेहतर अस्पताल. सदर अस्पताल में चिकित्सकों की घोर कमी है. विशेषज्ञ चिकित्सकों के नहीं रहने के कारण लोगों को मामूली रोगों में भी बाहर जाना पड़ता हैं. सांसद ऐसा हो जो इन समस्याओं को दूर कर सके.

### सुख दुख में साथ रहे : करूणा राजपूत



बाइपास चौक की करूणा राजपूत ने कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए, जो सबों के सुख व दुख में साथ रहे.सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र में कल कारखना लगाने की दिशा में प्रयासरत हो. इसके अलावा सांसद को लोगों के बीच रहना चाहिए. सांसद स्थानीय हो तो और भी अच्छा हो. स्थानीय होने से उसे क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी होगी. सांसद को क्षेत्र की समस्याओं के प्रति गंभीर होना चाहिए. ऐसा न हो कि चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र से उसे कोई मतलब ही नहीं रहे. साथ ही अपने क्षेत्र की समस्याओं को संसद में प्रमुखता के उठा सके.

### विकास के प्रति गंभीर हो: निशा



आरपीडी स्टेशन रोड की निशा आरपीडी ने कहा कि सांसद को विकास के प्रति गंभीर होना चाहिए. क्षेत्र में रोजगार, पलायन व गरीबी समेंत कई समस्यायें हैं. उसका निराकरण करने वाला होना चाहिए. सांसद सीधा लोकसभा का प्रतिनिधित्व करता है. वह केंद्रीय नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है. लातेहार में कोयल जल परियोजना एवं चिरिमिरी रेललाइन जैसी केंद्रीय परियोजनायें लंबित हैं, इन योजनाओं पर काम करने वाला सांसद होना चाहिए. ताकि लोगों को सहूलियत मिल सके.हमारे क्षेत्र में जन सुविधाओं का अभी भी अभाव है. पीने का पानी,सड़क तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का अभी भी समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है.

## लातेहार

### क्षेत्र में काम करने वाला हो: इब्राहिम अंसारी



मनकेरी, लातेहार के इब्राहिम अंसारी ने कहा कि सांसद को क्षेत्र में काम करन वाला होना चाहिए. ऐसा नहीं कि चुनाव जीते और फिर पांच साल दर्शन नहीं दिये. सीधा अगले चुनाव में लोगों के बीच आये. ऐसा सांसद हमें बिल्कुल नहीं चाहिए. सांसद हो जो क्षेत्र की जनता के हर सुख व दुख में लोगों के साथ रहे.क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है. उन समस्याओं के निराकरण के प्रति गंभीर सांसद हमें चाहिए.

### जिसके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरी हो: संजय प्रसाद



लातेहार के ऑटो चालक संजय प्रसाद ने कहा कि सांसद ऐसा हो,जिसके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरी हो. सांसद ऐसा हो जो केंद्रीय योजनाओं को धरातल पर ला सके. लातेहार में मंडल डैम व चिरिमिरी जैसी केंद्र प्रायोजित योजनायें वर्षो से लंबित है. इन योजनाओं को पूरा कराने का प्रयास करने वाला सांसद हमें चाहिए. ऐसा नहीं कि चुनाव जीत गये तो मतलब निकल गया. सांसद को हमेशा लोगों के सुलभ होना चाहिए. स्थानीय सांसद हो तो और भी अच्छा.

### रोजगार के साधन मुहैया कराए : चंदन



बाइपास चौक, लातेहार में मोबाइल दुकान चलाने वाले चंदन कुमार ने कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो क्षेत्र के लोगों को रोजगार का साधन मुहैया करा सके. क्षेत्र में बेरोजगारी बहुत है. लातेहार जिला खनिज संपदा से परिपूर्ण है, लेकिन यहां एक भी कल कारखाना नहीं है. पावर प्लांट लगाया भी जा रहा था तो बाद में बंद हो गया. अगर क्षेत्र में कोई बड़ा कल कारखाना लगाया जाता तो यहां के लोगों को काम मिलता और बाजार में रौनक होती.

### लोगों के सुख दुख में साथ रहे: राजमोहन



लातेहार के ऑटो चालक राजमोहन प्रसाद ने कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो लोगों के सुख-दुख में उनके साथ रहे. लोगों को जब उनकी जरूरत हो वे उनके साथ खड़े हों. ऐसा नहीं चुनाव जीते और जा कर दिल्ली में बस गये. जनता ने जिस विश्वास के साथ उन्हें विजयी बनाया है, उस पर खरा उतर सकें. क्षेत्र की समस्याओं को संसद में रख सके . लातेहार में वनोत्पाद पर आधारित सोल्वेंट व टैनिन कारखाना बंद है. उसे खुलवाने का प्रयास करना चाहिए.

### पर्यटन की दिशा में काम करने वाला हो : सुनील



चटनाही, लातेहार के सुनील प्रसाद ने कहा कि लातेहार को प्रकृति ने फुर्सत से सजाया है. लातेहार जिला में पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के कई संभावनायें हैं. नेतरहाट और बेतला में पर्यटन सुविधाओं में और अधिक विकास होना चाहिए. इससे पर्यटक अधिक आयेगें और लोगों को रोजगार मिलेगा. इसके अलावा कई ऐसे भी जगह हैं जिसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है. उन्हें विकसित करने से स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा.

### जो कल कारखाना लगवा सके: उपेंद्र



स्टेशन रोड में सैलून चलाने वाले उपेंद्र ठाकुर ने कहा कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो क्षेत्र में कल कारखाना लगवा सके. लातेहार में अल्युमिनियम कारखाना लगाने के लिए सरकार ने एमओयू किया था, लेकिन बाद में यहा कारखाना यहां नहीं लग सका. सांसद ऐसा होना चाहिए जो लातेहार फिर से अल्युमिनियम कारखाना लगवाने की दिशा में पहल कर सके. वैसे भी क्षेत्र में रोजगार का बहुत अभाव है.

## रांची

### जो हमारे क्षेत्र की समस्याओं की आवाज संसद में बुलंद करे : मो. शम्मी



चर्च रोड के रहने वाले मो समी का मानना है कि सांसद सब की सुनने वाला होना चाहिए. जो बैगर भेद-भाव के सब के उत्थान के लिए कार्य करे. युवा-युवतियों की सबसे बढ़ी समस्या आज बेरोजगारी की है, सांसद को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए.क्षेत्र की समस्याओं की आवाज संसद में बुलंद कर उसके समाधान के लिए दिलो-जान से प्रयास करने वाला होना चाहिए.

### जो शिक्षित तो हो ही और छात्र हित को प्राथमिकता देने वाला हो : सुखदेव उरांव



छात्र सुखदेव उरांव ने कहा कि कई सांसद आये गये, पर छात्रों के लिए बेहतर नहीं कर सके. सांसद को अन्य समस्याओं के समाधान के साथ छात्र-छात्राओं के हित को भी प्राथमिकता देनी चाहिए. उन्होंने कहा कि सांसद को शिक्षित होना चाहिए, तांकि वह पढ़ने-लिखने वालो की समस्याओं को महसूस कर सकें. साथ ही बेरोजगारी और उच्च शिक्षा के विकास के लिए हमेशा सजग रहें. राज्य में उच्च शिक्षा के अवसर बढेंगे तो पलायन भी रूकेगा.

### जो हमारे क्षेत्र की सरकारी शिक्षण संस्थान की जरुरत को पूरा कर सके: कुंदन कुमार



कुंदन कुमार का कहना है कि राज्य में सरकारी शिक्षण संस्थानों की अब भी कमी है. हमारा सांसद इस दिशा में गंभीर हो, ज्यादा से ज्यादा सरकारी शिक्षण संस्थान खुलवाकर इस कमी को पूरा कर सके. इससे विद्यार्थियो को काफी सहुलियत होगी. प्राइवेट शिक्षण संस्थानो में लाखो खर्च करने पड़ते हैं, जो कई गरीब छात्र के अभिभावको के लिए भारी पड़ जाता है. मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना की तरह केंद्रीय योजनाओ को सब के लिए सुलभ बनाने की दिशा में कार्य करे.

### ऐसा सांसद चाहिए जो रोजगार नियोजन के लिए हमेशा प्रयासरत रहे : प्रथम पटेल



बीबीए के छात्र प्रथम पटेल ने कहा कि वर्तमान में रोजगार नियोजन की बात तो होती है, लेकिन इस दिशा में बेहतर प्रयास नहीं किये जाते हैं. हमारे सांसद को इस ओर ध्यान आकृष्ट कर सार्थक प्रयास करना चाहिए, तांकि बेरोजगारी के दंश से युवा पीढ़ी मुक्त हो सके. आज का युवा ही देश का भविष्य है. युवा खुशहाल होंगे तो देश भी खुशहाल होगा, विश्व के मानचित्र पर इंडिया का नाम सर्वोपरी रहेगा.

### सब के लिए सहज सुलभ हो और स्थानीय समस्याओं को समझे : वरुण राजवंशी



लालपुर निवासी वरूण कुमार राजवंशी ने कहा कि हमारा सांसद सब के लिए सहज सुलभ होना चाहिए. सांसद बनने के बाद नेताजी सिर्फ टीवी में नजर आते हैं. चुनाव के दौरान वोट मांगने के लिए जैसे दर-दर भटकते हैं, ठीक वैसे ही लोगों की समस्याओं को जानने और समझने के लिए भी प्रयास करें तो कोई बात बने. यदि ऐसा हो गया तो न तो आम समस्याएं तो स्वतः ही समाप्त हो जायेगी. साथ ही संसदीय क्षेत्र का तेजी से विकास भी होगा.

## चांडिल

### सांसद जमीनी तौर पर जुड़ें और जिसे अपने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी हो : कुणाल दास



पारा शिक्षक कुणाल दास ने कहा कि सांसद का कार्यक्षेत्र काफी बड़ा होता है, इसलिए अक्सर संपूर्ण क्षेत्र के लोगों से अधिकांश सांसद जमीनी तौर पर जुड़ नहीं पाते हैं. अक्सर कुछ सांसदों को देखा गया है कि जीतने के बाद क्षेत्र का दौरा करना मुनासिब नहीं समझते हैं. हालांकि मेरे विचार से पांच साल का समय काफी होता है कि कोई सांसद अपने संपूर्ण संसदीय क्षेत्र के लोगों से जुड़ें. क्षेत्र की बजाय दिल्ली में जमे रहने के कारण क्षेत्र की ढेर सारी महत्वपूर्ण समस्याएं केंद्र सरकार तक नहीं पहुंच पातीं. इसलिए सांसद को चाहिए कि वह अपने लोकसभा क्षेत्र के तमाम प्रखंडों में रोटेशन पॉलिसी के तहत कम से कम दो-तीन महीने में एक बार अवश्य ही लोगों से रूबरू हों. इससे जनता की आवाज भारत सरकार तक पहुंचेगी.

### तुष्टीकरण की राजनीति कर वोट संग्रह करने वाला नहीं चाहिए : प्रवीण रजक



ईचागढ़ प्रखंड के देवलटांड निवासी प्रवीण रजक ने कहा कि सांसद कोई भी बने लेकिन राष्ट्रहित के मुद्दों पर बोल्ड हों. क्षेत्रीय मुद्दों को भी साथ लेकर चलते हुए देश को विश्व पटल पर आगे रखने की प्रतिबद्धता होनी चाहिए. जाति-धर्म या समाज विशेष के नाम पर तुष्टीकरण की राजनीति कर वोट संग्रह करने वाले उम्मीदवारों को सिरे से खारिज करता हूं. महंगाई और बेरोजगारी की समस्या हमेशा थी, है और आगे भी रहेगी. आज का युवा रोजगार के अवसर खुद क्रिएट कर महंगाई को अपनी पकड़ में रखने को सक्षम है. मगर मैं ऐसा सांसद चाहता हूं जो जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं का निराकरण करते हुए राष्ट्र को मजबूत बनाने को प्राथमिकता दे.

## घाटशिला

### हमें समस्याओं को प्रमुखता के साथ सदन में रखने वाला सांसद चाहिए : हीरामनी मुर्मू



घाटशिला प्रखंड के मऊभंडार निवासी हीरामनी मुर्मू का कहना है कि हमारा सांसद ऐसा हो कि ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ क्षेत्र की समस्याओं को हल कर सके. जो लोकतंत्र की रक्षा कर सके और जो क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों से लेकर यहां तक की संस्कृति एवं परंपरा को बनाए रख सके. क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या है. इसलिए वह कल कारखाने स्थापित करने की क्षमता रखते हो ,साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता के साथ सदन में रखने वाला सांसद होना चाहिए.

### बंद पड़े कल-कारखानों को खोलने की दिशा में पहल करें, उसे ही हम चुनेंगे : माला दे



घाटशिला रोड निवासी माला दे का कहना है कि हमारा सांसद वह होगा जो विकास को प्राथमिकता दे. हर क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा का शुभारंभ करें. घाटशिला जैसे छोटे से शहर में शैक्षिक संस्थानों की सख्त जरूरत है. इसलिए और शिक्षण संस्थानें खुलवाए और बंद पड़े कल कारखाने को खोलने की दिशा में पहल करें.यहां अच्छी कोचिंग संस्थान नहीं हैं. टेक्निकल कोर्स के लिए बच्चों को बाहर जाना पड़ता है, जो सबके लिए संभव नहीं है. प्रत्येक जिले में एक उच्च संस्थान हो जिसमें सभी जरूरी फैकल्टी की पढ़ाई होनी चाहिए. ताकि यहां के बच्चे को आगे बढ़ने का मौका मिल सके.

### जो हमारे क्षेत्र में नए शिक्षण संस्थान और अस्पताल की व्यवस्था करे : रतन मिश्रा



धालभूमगढ़ प्रखंड की रहने वाली रतन मिश्रा ने कहा कि हमारा सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता के साथ सदन में सके और उसका समाधान कर सके. धालभूमगढ़ जैसी जगह में एक अच्छे शिक्षण संस्थान की व्यवस्था नहीं है. साथ ही यहां के लोग सरकारी अस्पताल के भरोसे रहते हैं. जहां चिकित्सक की भी घोर कमी है. जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है. इन सारी समस्याओं का समाधान करने वाला सांसद होना चाहिए.

▼ ब्रीफ खबरें

### भारतीय मूल के व्यक्ति पर धोखाधड़ी का आरोप

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर अपनी गलत पहचान बताकर राष्ट्रपति कार्यालय, राष्ट्रीय विकास मंत्रालय और संसद को ई-मेल भेजकर धोखाधड़ी करने के आरोप लगाए गए हैं.अदालत में पेश हुए 24 वर्षीय प्रकाश परमाशिवम ने खुद को सिंगापुर जेल सेवा स्टाफ का सदस्य बताते हुए राष्ट्रपति थर्मन षणमुगरत्नम, राष्ट्रीय विकास मंत्री डेसमंड ली और संसद को ईमेल भेजे. 'द स्ट्रेट्स टाइम्स' की एक खबर के अनुसार, प्रकाश पर आरोप है कि उसने 16 फरवरी को संसद को और उसके दो दिन बाद ली को ई-मेल किया.

### लापता गुरुचरण सिंह 24 दिन बाद घर लौटे

**नयी दिल्ली।** टीवी धारावाहिक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाने वाले लापता अभिनेता गुरुचरण सिंह 24 दिन बाद शुक्रवार को अपने घर लौट आये. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सिंह आध्यात्मिक यात्रा पर गए थे और इस दौरान वह पंजाब के कई गुरुद्वारों एवं धार्मिक स्थलों में गए. अधिकारी ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह घर लौट आए. उन्होंने कहा कि उनका बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराया गया है और वह ठीक हैं.

### तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या का आरोपी पकड़ाया

**पोर्ट ब्लेयर।** कोलकाता के बागुईआटी इलाके में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पोर्ट ब्लेयर से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी. बताया कि संजीव दास की 27 अप्रैल को कथित रूप से तृणमूल के दो गुटों के बीच झड़प में मौत हो गई थी. पुलिस ने बताया कि दक्षिण अंडमान पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर पोर्ट ब्लेयर के एबरडीन बाजार में एक लॉज से कपिल देब नाम के एक व्यवसायी को एबरडीन बाजार से गिरफ्तार कर लिया.

### जवानों व नक्सलियों में मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया. पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के तोलनाई और टेटराई गांव के मध्य वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एक नक्सली का शव, एक बंदूक और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है. उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की शिनाख्त की जा रही है.

### मणिपुर में एक व्यक्ति को गोली मारी, मौत

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में शनिवार सुबह 30 वर्षीय एक व्यक्ति को गोली मार दी गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. उसने बताया कि यह घटना पटसोई थाना क्षेत्र में खुम्बोंग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास हुई. उसने बताया कि पेशे से डिजाइनर लैशराम कुमारजीत नामक व्यक्ति को बाएं पैर में गोली लगी है और उसे इलाज के लिए इंफाल के एक अस्पताल ले जाया गया है. पुलिस ने बताया कि अभी हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है वहीं गोलीबारी के पीछे के मकसद के बारे में भी अभी पता नहीं चला है.



▪ रायबरेली : कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी लोकसभा चुनाव में खड़े राहुल गांधी के लिए वोट मांगने के दौरान शनिवार को रायबरेली के एक गुरुद्वारे में लोगों से बातचीत करती हुई.

आस्था



▪ रायबरेली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने माता मनसा देवी मंदिर में पूजा की.

राम मंदिर गिराने संबंधी मोदी के बयान की 'इंडिया' गठबंधन ने की निंदा

# खरगे बोले-अगर हम सत्ता में आए तो सभी धर्मों की रक्षा करेंगे

एजेंसी। मुंबई

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन के अन्य नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस दावे को लेकर शनिवार को उन पर निशाना साधा कि विपक्षी गठबंधन सत्ता में आने पर अयोध्या के राम मंदिर पर बुलडोजर चला देगा. विपक्ष के नेताओं ने कहा कि वे सभी नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि देश का संचालन संविधान के अनुसार हो. खरगे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना- यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने 20 मई को राज्य में होने वाले लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के प्रचार अभियान के आखिरी दिन यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संयुक्त रूप से संबोधित किया. खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर उन बातों पर लोगों को भड़काने का आरोप लगाया, जो कांग्रेस कभी नहीं करेगी. ठाकरे ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन की सरकार अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण पूरा करेगी, जबकि पवार ने कहा कि न केवल मंदिरों, बल्कि सभी धर्मों के पूजा स्थलों की रक्षा करना उनकी सरकार का कर्तव्य होगा. संविधान में दिया गया आरक्षण कायम रहेगा.



### घोषणा पत्र में जो वादा किया उसे पूरा करूंगा

खरगे ने अनुच्छेद 370 पर उनकी पार्टी के रुख के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं मोदी के प्रति जवाबदेह नहीं हूं. हमने अपने घोषणापत्र में जो वादा किया है हम उसे पूरा करेंगे. उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, वह जहां भी जाते हैं, विभाजन करने की कोशिश करते हैं, समाज को बांटने की बात करते हैं. खरगे ने कहा कि मोदी 80 करोड़ लोगों को पांच किलोग्राम मुफ्त राशन देने की बात करते हैं. उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून बनाया और वह इसे लागू करने के लिए बाध्य है. अब कांग्रेस ने कहा है कि हम 10 किलोग्राम मुफ्त राशन देंगे. खरगे ने कहा, हमने कभी किसी पर बुलडोजर नहीं चलाया. बुलडोजर उनकी सरकार है. यह टिप्पणी भड़काने वाली है और निर्वाचन आयोग को उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए.

### भाजपा के पास केवल एक चेहरा है

वहीं, ठाकरे ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन में प्रधानमंत्री पद के कई चेहरे हैं, जबकि भाजपा के पास केवल एक चेहरा है और वह भी काम नहीं कर रहा. उन्होंने कहा, अब वे चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में चेहरा नहीं बदल सकते. हमने तय कर लिया है कि बहुमत मिलने पर हमें क्या करना चाहिए. ठाकरे ने भाजपा एवं प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उनकी पार्टी को नकली शिवसेना कहे जाने पर कहा कि भाजपा–आरएसएसको भी नकली संघ करार दे देगी. भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भाजपा सक्षम है और वह अपना संचालन खुद करती है, जबकि आरएसएस एक वैचारिक मोर्चा है, जो अपना काम खुद करता है. ठाकरे ने इस बयान का जिक्र करते हुए कहा, भाजपा उस संगठन से खुद को अलग करना चाहती है जिसने उसे जन्म दिया. उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि 'इंडिया' गठबंधन सरकार मुंबई और महाराष्ट्र की खोई हुई प्रतिष्ठा को बहाल करेगी. ठाकरे ने इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि राज्य में चुनाव और अधिक मजबूती एवं एकजुटता से लड़ा जाएगा तथा उनका गठबंधन जीत हासिल करेगा. ममता बनर्जी ने हाल में टिप्पणी की थी कि वह 'इंडिया' गठबंधन की सरकार का समर्थन करेंगी, जबकि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि बंगाल की मुख्यमंत्री पर भरोसा नहीं किया जा सकता और वह भाजपा के साथ जा सकती हैं.

शाह ने झांसी लोस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में की सभा, बोले-

# उत्तर प्रदेश में पहले देसी कट्टे बनते थे,अब यहां तोप के गोले बनते हैं

भाषा। ललितपुर (उप्र)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि एक जमाना था कि उत्तर प्रदेश में देसी कट्टे बनते थे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया और अब यहां तोप के गोले बनते हैं. शाह झांसी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अनुराग शर्मा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे.



शाह ने कहा, मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने और उत्तर प्रदेश के विकास की शुरुआत हुई. एक जमाना था जब उत्तर प्रदेश में देशी कट्टे बनते थे लेकिन मोदी ने बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाया और अब यहां तोप के गोले बनते हैं. शाह ने कहा, कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा है कि पाकिस्तान को सम्मान दो, उसके पास एटम बम है, उनसे पीओके मत मांगों. मैं इनसे कहना चाहता हूं कि ये नरेंद्र मोदी की सरकार है, हम एटम बम से नहीं डरते ,पीओके भारत का है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे.

### दुनिया में भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र बहुत कम हैं: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हुए शुक्रवार को कहा कि दुनिया में भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र बहुत कम हैं. व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विश्व में ऐसे देश अधिक नहीं हैं, जहां भारत से अधिक जीवंत लोकतंत्र हो. हम मताधिकार का इस्तेमाल करने और सरकार चुनने के लिए भारत के लोगों की प्रशंसा करते हैं. हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं. किर्बी से भारत में जारी आम चुनावों को लेकर सवाल किया गया था, जिनके तहत 96 करोड़ 90 लाख से अधिक लोग 2,660 पंजीकृत राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने वाले हजारों उम्मीदवारों में से 545 सांसदों का चुनाव करने के लिए 10 लाख मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं.

सिंगापुर व हांगकांग के बाद

# नेपाल ने भारतीय मसाला उत्पादों पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी। काठमांडू

सिंगापुर और हांगकांग के बाद, नेपाल ने भी कथित गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है. नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के अनुसार, एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों को संदिग्ध एथिलीन ऑक्साइड या ईटीओ विकार के कारण शुक्रवार से प्रतिबंधित कर दिया गया है. इसके तहत एमडीएच के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और मिश्रित मसाला करी पाउडर तथा एवरेस्ट के फिश करी मसाला पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. विभाग ने शुक्रवार को जारी एक नोटिस में कहा, चूंकि इन चार उत्पादों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा




निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई है, इसलिए खाद्य विनियमन 2027 बीएस के अनुच्छेद 19 के अनुसार देश के भीतर इन उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. नोटिस में कहा गया, हमारा ध्यान उन मीडिया रिपोर्ट पर गया, जिनमें बाजार में इन घटिया उत्पादों की बिक्री और इनके उपभोग के लिए हानिकारक होने के बारे में बताया गया था. खाद्य गुणवत्ता नियंत्रण निगरानी संस्था ने आयातकों और व्यापारियों से इन उत्पादों को बाजार से वापस लेने का भी आग्रह किया है.

# भाजपा ने केजरीवाल के खिलाफ मालीवाल का इस्तेमाल किया

एजेंसी। नयी दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) नेता आतिशी ने शनिवार को दावा किया



कि उनकी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल अवैध भर्ती मामले में गिरफ्तारी का सामना कर रही हैं और उन्हें भाजपा ने ब्लैकमेल कर मुख्यमंत्री केजरीवाल के खिलाफ साजिश का हिस्सा बनाया. मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया है.

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बातचीत में आरोप लगाया कि मालीवाल सोमवार को मुलाकात का समय लिये बिना मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर पहुंचीं. आतिशी ने कहा, वह अंदर क्यों गईं? वह मुलाकात का समय लिये बिना मुख्यमंत्री के आवास पर क्यों पहुंचीं? उस दिन केजरीवाल व्यस्त थे और उनसे नहीं मिले. अगर वह उस दिन उनसे मिले होते, तो बिभव कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उनके (केजरीवाल के) खिलाफ लगाए जा सकते थे.

उन्होंने कहा कि मालीवाल को भाजपा ने इस साजिश का चेहरा बनाया है. उन्होंने कहा, भाजपा का एक 'पैटर्न' है. पहले वे मामले दर्ज कराते हैं और फिर नेताओं को जेल भेजने की धमकी देते हैं. स्वाति मालीवाल अवैध भर्ती मामले में आरोपों का सामना कर रही हैं, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने इस संबंध में मामला दर्ज किया है.

बिश्केक में हिंसा

### भारत के छात्रों को घरों में ही रहने की सलाह


**नयी दिल्ली।** किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में स्थानीय लोगों और विदेशियों के बीच कथित झड़प के मद्देनजर भारत ने शनिवार को वहां रह रहे भारतीय छात्रों को अपने घरों के अंदर ही रहने की सलाह दी है. मध्य एशियाई देश स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि वह भारतीय छात्रों के संपर्क में है और स्थिति अब 'शांत' है. मिशन ने शहर में रह रहे भारतीय छात्रों को घर के अंदर रहने का परामर्श दिया है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारतीय छात्रों को भारतीय दूतावास के साथ नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'बिश्केक में भारतीय छात्रों के कुशल-क्षेम पर नजर रखी जा रही है. अब स्थिति शांत बताई जा रही है.

# कान फिल्म महोत्सव में दिखाई श्याम बेनेगल की फिल्म 'मंथन'

48 साल पहले बनी थी फिल्म, गुजरात के पांच लाख किसानों ने धन दिया था

भाषा। कान

कान फिल्म महोत्सव में निर्देशक श्याम बेनेगल की फिल्म "मंथन" दिखाई गई, जो लोगों के दिलों पर फिर से छाप छोड़ने में सफल रही. मंथन फिल्म 48 साल पहले बनाई गई थी और इसके निर्माण में गुजरात के पांच लाख किसानों ने धन दिया था. वर्ष 1976 में बनी यह फिल्म डॉ. वर्गीस कुरियन के दुग्ध सहकारी आंदोलन से प्रेरित है, जिसे शुक्रवार को 'कान क्लासिक्स सेगमेंट' के तहत प्रदर्शित किया गया.अभिनेता नसीरुद्दीन शाह अपनी पत्नी रत्ना पाठक शाह, दिवंगत अभिनेत्री स्मिता पाटिल के बेटे प्रतीक बब्बर, डॉ. कुरियन की बेटी निर्मला कुरियन और एमडी जयेन मेहता के साथ कान में रेड कार्पेट पर नजर आए.




### 1977 में दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते

अमूल के आधिकरिक सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा गया किमंथन टीम के नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, प्रतीक बब्बर, निर्मला कुरियन, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन (एफएचएफ) की आधिकारिक टीम और अमूल के एमडी जयेन मेहता कान फिल्म महोत्सव में 36 लाख किसान उत्पादकों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. उनको अरबों डॉलर का ब्रांड अमूल बनाने का श्रेय दिया जाता है. फिल्म ने 1977 में दो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते.

### किसानों ने फिल्म देखकर हिट बनाया था

स्वास्थ्य कारणों से कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाये श्याम बेनेगल ने याद किया कि कैसे गुजरात के किसानों ने सिनेमाघरों में सामूहिक रूप से फिल्म देखकर इसे हिट बनाया था. गुजरात के सौराष्ट्र में रिलीज हुई फिल्म ने शानदार प्रदर्शन किया .फिल्म निर्माता (89) ने इस सप्ताह की शुरुआत में पीटीआई को बताया कि वे (किसान) चाहते थे कि हर कोई इसे देखे, क्योंकि उनका मानना था कि यह उनकी फिल्म है.


अध्ययन

जलवायु परिवर्तन से मस्तिष्क संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों पर पड़ सकता है असर

# तापमान में बदलाव का मस्तिष्क संबंधी रोगों पर पड़ता है प्रभाव

भाषा। नयी दिल्ली

जलवायु परिवर्तन से 'माइग्रेन' और 'अल्जाइमर' जैसी मस्तिष्क संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है. 'द लांसेट न्यूरोलॉजी' पत्रिका में प्रकाशित एक नए शोध में यह बात पाई गयी है. 'माइग्रेन' से पीड़ित व्यक्ति को आधे सिर में पीड़ा की शिकायत होती है, जबकि 'अल्जाइमर' से पीड़ित व्यक्ति की सोचने की क्षमता प्रभावित होती है और उसकी याददाश्त कमजोर हो जाती है. ब्रिटेन स्थित 'यूनिवर्सिटी ऑफ कॉलेज लंदन' में 'इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी' के प्रमुख शोधकर्ता संजय सिसोदिया ने बताया कि



अत्यधिक तापमान (कम और अधिक दोनों) और जलवायु परिवर्तन की वजह से तापमान में बदलाव का मस्तिष्क संबंधी रोगों पर प्रभाव पड़ता है.

सिसोदिया ने कहा, 'रात का तापमान विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो सकता है, क्योंकि रात के दौरान अधिक तापमान नींद में खलल डाल सकता है,. खराब नींद मस्तिष्क संबंधी कई समस्याओं को बढ़ाती है. अध्ययन के दौरान दुनिया भर में

- लू की वजह से अस्पतालों में मस्तिष्काघात से पीड़ित मरीजों की अक्षमता के मामले और मौत की संख्या बढ़ी है
- डिमेंशिया से पीड़ित मरीज अत्यधिक तापमान और खराब मौसम से होने वाले नुकसान से बहुत प्रभावित होते हैं

1968 और 2023 के बीच प्रकाशित 332 पत्रों की समीक्षा की गई और मस्तिष्काघात, 'माइग्रेन', 'अल्जाइमर', दिमागी बुखार, मिर्गी और 'मल्टीपल स्केलेरोसिस' सहित तंत्रिका तंत्र संबंधी 19 विभिन्न स्थितियों का अध्ययन किया गया. शोधकर्ताओं ने पाया कि उच्च तापमान या लू की वजह से अस्पतालों में मस्तिष्काघात से पीड़ित मरीजों, उनकी अक्षमता के मामले और उनकी मौत की संख्या बढ़ी है. उन्होंने यह भी कहा कि 'डिमेंशिया' (याद रखने, सोचने या निर्णय लेने की क्षमता का कम हो जाना) से पीड़ित मरीज अत्यधिक तापमान और खराब मौसम से जुड़ी बाढ़ और जंगल की आग जैसी घटनाओं से होने वाले नुकसान से बहुत प्रभावित होते हैं. टीम ने इस बात की भी समीक्षा की कि जलवायु परिवर्तन ने कैसे चिंता, अवसाद और 'सिजोफ्रेनिया' (भ्रम की स्थिति) सहित कई गंभीर लेकिन सामान्य मानसिक विकारों से पीड़ित लोगों को प्रभावित किया है.

### ममता बनर्जी ने कहा- भाजपा के अन्याय का बदला लेगा बंगाल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि राज्य भाजपा के अन्याय का बदला लेगा और निश्चित रूप से बांग्ला विरोधियों का सफाया होगा. बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गरीबों के विकास के लिए निर्धारित धन को रोककर प्रचार प्रसार पर पैसा खर्च करते रहना पाप है. तृणमूल प्रमुख पिछले करीब तीन साल से मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य को 1.65 लाख करोड़ रुपये से अधिक बकाया राशि का केंद्र द्वारा कथित रूप से भुगतान नहीं करने को लेकर मुखर रही हैं. उन्होंने कहा, बंगाल भाजपा द्वारा किये गये इस अन्याय का बदला लेगा.

लोकसभा चुनाव

# 8,889 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी, मादक पदार्थ जब्त

एजेंसी। नयी दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कहा कि अधिकारियों ने 8,889 करोड़ रुपये की नकदी, मादक पदार्थ और उपहार जब्त किए हैं, जिसका उद्देश्य मौजूदा लोकसभा चुनावों में मतदाताओं को प्रभावित करना था. आयोग ने कहा कि 3,959 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद किये गये. इसने कहा कि मादक पदार्थ, शराब, मुफ्त की चीजें और नकदी अलग-अलग स्तर पर चुनावों को प्रभावित करते हैं. आयोग ने कहा कि उसने मादक पदार्थों की जब्ती पर विशेष जोर दिया है. आयोग ने कहा कि गुजरात आतंकवाद-निरोधी दस्ते,



स्वापक नियंत्रण ब्यूरो और भारतीय तटरक्षक ने संयुक्त अभियान में केवल तीन दिन में 892 करोड़ रुपये की तीन उच्च मूल्य वाले मादक पदार्थों को जब्त किया है. इसने कहा कि 849.15 करोड़ रुपये की नकदी, 814.85 करोड़ रुपये की शराब, 3,958.85 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ और 1,260.33 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं जब्त की गई हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)